www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 9 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -275 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्यों को संबोधित ... 02

■ आप-कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर नहीं...
■ चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले सभी राज्यों ... 03

■ ब्लिंकन ने गाजा संघर्ष के व्यापक स्तर पर बढ़ने...
■ नवाज 'हाइब्रिड प्लस' प्रणाली में प्रधानमंत्री पद... 07

'रेड 2' में अजय देवगन के साथ नजर आएंगी ... 10

सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# बिलकिस मामले में 11 दोषी फिर जाएंगे जेल

## सर्वोच्च अदालत ने कहा, गुजरात सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया





■ दो सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का आदेश

■ पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में अजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 दोषियों की 2022 में समयपूर्व रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को अवैध करार देते हुए सोमवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने दोषियों को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सजामाफी के मुद्दे पर फैसला लेना गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, इसलिए सजामाफी का उसका फैसला रद्द किया जाता है। पीठ ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की अदालत में हुई थी , इसलिए सजामाफी पर फैसला लेना वहां की सरकार के अधिकारक्षेत्र में आता है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार ने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया है। गुजरात सरकार की 1992 की माफी नीति के तहत बाकाभाई वोहानिया, जसवंत नाई, गोविंद नाई, शैलेश भट्ट, राधेश्याम शाह, विपिन चंद्र जोशी, केशरभाई वोहानिया, प्रदीप मोढ़वाडिया, राजूभाई सोनी, मितेश भट्ट और रमेश चांदना को 15 अगस्त 2022 को गोधरा उप कारागर से रिहा कर दिया गया था। रिहा करने के फैसले को अदालत में चुनौती दी गई थी। शीर्ष न्यायालय ने बिलकिस की याचिका और अन्य की याचिकाओं सुनवाई पूरी होने के बाद 12 अक्टूबर 2023 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### नवम्बर 2022 में खटखटाया था अदालत का दरवाजा

बिलकिस ने नवंबर 2022 में अदालत का दरवाजा खटखटाया। अपनी याचिका में उन्होंने दलील दी थी कि यह 'सबसे भयानक अपराधों में से एक था।' एक विशेष समुदाय के प्रति नफरत से प्रेरित अत्यधिक अमानवीय हिंसा और क्रूरता थी। बिलकिस के अलावा सीपीआई (एम) नेता सुभाषिनी अली, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लौल और लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा और निष्कासित टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी दोषियों को दी गई छूट के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि अगस्त 2022 में दोषियों को रिहा करने का आदेश मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और पक्षपातपूर्ण था।

### दंगों के दौरान 5 महीने की गर्भवती थीं बिलकिस बानों

गुजरात में गोधरा कांड के बाद 3 मार्च 2002 को दंगे भड़के थे। दंगों के दौरान दाहोद जिले के लिमखेड़ा तालुका में रंधिकपुर गांव में उग्र भीड़ बिलकिस बानो के घर में घुस गई थी। दंगाइयों से बचने के लिए बिलकिस अपने परिवार के साथ एक खेत में छिपी थीं। तब बिलकिस की उम्र 21 साल थी और वे 5 महीने की गर्भवती थीं। दंगाइयों ने बिलकिस का गैंगरेप किया। उनकी मां और तीन और महिलाओं का भी रेप किया गया। इस हमले में उनके परिवार के 17 सदस्यों में से 7 लोगों की हत्या कर दी गई थी। 6 लोग लापता पाए गए, जो कभी नहीं मिले। हमले में सिर्फ बिलकिस, एक शख्स और तीन साल का बच्चा ही बचे थे। गैंगरेप के आरोपियों को जनवरी 2008 में 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी थी।



चुनावी फायदे के लिए 'न्याय की हत्या' की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि 'अपराधियों का संरक्षक' कौन है। बिलकिस बानो का अथक संघर्ष, अहंकारी भाजपा सरकार के विरुद्ध न्याय की जीत का प्रतीक है : **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**



बीजेपी सरकार ने बिलकीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में इन दोषियों को रिहा करने में मदद की है। मैं मांग करता हूं कि गुजरात में बीजेपी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार को बिलकीस बानो से माफी मांगनी चाहिए: **असदुद्दीन ओवैसी, नेता एआईएमआईएम**

राजस्थान में भाजपा को झटका

# मंत्री सुरेंद्र पाल विधानसभा चुनाव हारे





**जयपुर,** 8 जनवरी (एजेंसियां) । राजस्थान में विधायक चुने जाने से पहले मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार वोटों से हराया**

श्रीकरणापुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने 11 हजार 261 वोटों से हरा दिया है। यह नतीजे सोमवार को आए। सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को विधायक बनने से पहले ही भाजपा ने सरकार में राज्य मंत्री बना दिया था। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है, जब विधायक बनने से पहले मंत्री बने नेता चुनाव हार गए हों। नवंबर में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्रीकरणपुर सीट पर चुनाव कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण टाल दिया गया था। जीत के बाद रुपिंदर कुन्नर भावुक हो गए। उन्होंने पिता गुरमीत की तस्वीर के आगे मत्था टेका तो रो पड़े। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सरदार गुरमीत सिंह कुन्नर ही लड़ रहे थे।

### भाजपा की तानाशाही पर तमाचा : गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रुपिंदर सिंह कुन्नर को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जनादेश भाजपा की तानाशाही पर तमाचा है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। कुन्नर को 94761 और टीटी को 83500 वोट मिले।

## सार संक्षेप

### विवादित टिप्पणी मामले में मालदीव के उच्चायुक्त तलब




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में भारत सरकार ने सोमवार को मालदीव के उच्चायुक्त को तलब करके आधिकारिक रूप से विरोध व्यक्त किया। सूत्रों के अनुसार भारत मालदीव के मंत्रियों के बयानों को लेकर किसी भी तरह से नरमी दिखाने के लिए तैयार नहीं है। मालदीव में राजनयिक स्तर पर आधिकारिक विरोध दर्ज कराने के बाद भारत ने आज दिल्ली में मालदीव के उच्चायुक्त को तलब किया है।

### संजय सिंह की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली शराब नीति (जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था) से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में बंद राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी से जवाब तलब किया और कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई 29 जनवरी को की जाएगी।

### राजनाथ ने एनसीसी की चार इकाई बढाने को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की चार अतिरिक्त इकाईयों के गठन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव में उधमपुर, कुपवाड़ा और करगिल में सेना की एक-एक मिश्रित इकाई (छात्र एवं छात्रा) और उधमपुर में वायु सेना की एक इकाई के गठन की बात कही गई है। इसके परिणामस्वरूप जम्मू कश्मीर और लद्दाख में कैडेटों की संख्या 12 हजार 860 बढ जाएगी।

### हरियाणा में जेजेपी ने अकेले चुनाव लड़ने के संकेत दिए



**चंडीगढ़।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को 'मिशन दुष्यंत 2024' के लिए तैयार रहने को कहा है। जिसका लक्ष्य पार्टी के नेता एवं उप मुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला को अगला मुख्यमंत्री बनाना है। घरौंडा में 'नवसंकल्प रैली' को संबोधित करते हुए जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने यह बात कही।

### दिल्ली में पांच दिनी 'युवा नाट्य समारोह' शुरु

**नई दिल्ली।** राजधानी के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को यहां पांच दिवसीय 'युवा नाट्य समारोह' का उद्घाटन किया। इसे साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित किया गया है।

पुरानी पेशन को लेकर फिर सड़कों पर कर्मचारी

# ओपीएस को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे



■ सोमवार से चार दिन की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की

■ रेलवे, रक्षा, शिक्षा एवं अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। देश भर में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर सोमवार से चार दिन की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए की स्टीरिंग कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज 08 से 11 जनवरी तक सभी सरकारी रेल कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राजधानी में जन्तर मन्तर पर तथा अपने-अपने विभागीय प्रशासनिक कार्यालयों, उत्पादन इकाईयों तथा यूनिटों के सामने सुबह नौ बजे से सांय पांच बजे से तक क्रमिक अनशन/भूख हड़ताल पर बैठ गए जिसमें रेलवे, रक्षा, शिक्षा एवं अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल है। जेएफआरओपीएस के संयोजक एवं एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने जन्तर मन्तर, नई दिल्ली पर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली उन सभी केन्द्र एवं प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों एवं रेल कर्मचारियों का प्रमुख मुददा है जो दिनांक एक जनवरी 2004 से सरकारी सेवा मे आए है और पिछले वर्ष से ही सभी सरकारी कर्मचारी, एवं रेल कर्मचारी जिनमे रक्षा, शिक्षक तथा सरकारी उत्पादन इकाईयों आदि भी शामिल है, पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर प्रदेश स्तर से लेकर केन्द्र स्तर तक जोरदार आंदोलन और प्रदर्शन करते आ रहे है। गत वर्ष 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में ऐतिहासिक रैली भी हुई थी। उन्होंने कहा कि अब यह आंदोलन रूकने वाला नही है, यह भूख हड़ताल अगले चार दिन 11 जनवरी तक चलेगी।



## दिल्ली में पड़ रही कड़ाके की ठंड

■ न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री पर पहुंचा

■ हवा की गुणवत्ता भी है 'बहुत खराब'

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से दो डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली में हल्के कोहरे और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की भविष्यवाणी की है। पालम में सुबह 8:00 बजे सबसे कम विजिबिलिटी 800 मीटर और सफदरजंग में सुबह 5:30 से 7 बजे तक 500 मीटर दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान क्रमश: 7.9 और 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा। भारतीय रेलवे के अनुसार, उत्तरी क्षेत्र में कोहरे से संबंधित मुद्दों सहित विभिन्न कारकों के कारण दिल्ली जाने वाली 20 ट्रेनों में देरी हो रही है। इस बीच, शहर भर के कई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। सीपीसीबी के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में पीएम 2.5 का स्तर 372 पर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया।

### उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने के आसार

**नई दिल्ली।** मध्य और पश्चिमोत्तर भारत के अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटे में तूफान और ओलावृष्टि के साथ बारिश होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने और शीत लहर में वृद्धि के आसार हैं। अगले तीन दिनों के दौरान तमिलनाडु में और केरल में अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा के साथ दक्षिणी प्रायद्वीपीय में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।

# बांग्लदेश में शेख हसीना लगातार चौथी बार जीती

**सत्तारूढ़ अवामी लीग को संसदीय चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल**



■ 299 सीटों में से 204 सीटें जीती

■ भारत के राजदूत बधाई देने पहुंचे

**ढाका,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की मौजूदा पीएम शेख हसीना (76) लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री पद पर काबिज होने जा रही हैं। रविवार 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर वोटिंग हुई थी। वहीं, हसीना ने लगातार आठवीं बार चुनाव जीता। गोपालगंज-3 सीट से उन्होंने बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के कैंडिडेट एम निजामुद्दीन लश्कर को 2.49 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। हसीना को 2 लाख 49 हजार 965 तो निजामुद्दीन को महज 469 वोट मिले। हसीना पहली बार 1986 में चुनाव जीती थीं। बांग्लादेश चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार चुनाव में 40 फीसदी वोट पड़े। यह आंकड़ा बदल सकता है। 2018 के चुनाव में 80 फीसदी मतदान हुआ था। देश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी समेत विपक्षी पार्टियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आवामी लीग की जीत के बाद ढाका में भारत के राजदूत प्रणय वर्मा ने शेख हसीना से मुलाकात की। उन्होंने बुके देकर शेख हसीना को भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से जीत की बधाई दी। प्रणय वर्मा ने उम्मीद जताई है कि शेख हसीना की नई पारी में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, भारत के अलावा चीन और रूस ने भी शेख हसीना को बधाईयां भेजी हैं।

चुनाव से पहले सक्रिय हुई मायावती, बोली

# सपा पर निशाना, मेरा दफ्तर सुरक्षित नहीं



**गेस्ट हाउस कांड का जिक्र किया**

**लखनऊ,** 8 जनवरी (देशबन्धु) । बसपा सुप्रीमो मायावती आम चुनाव से पहले सक्रिय हो गई है। उन्होंने लगातार दूसरे दिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने 28 साल पहले हुए गेस्ट हाउस कांड का भी जिक्र किया। कहा-सपा के 2 जून 1995 के घिनौने कृत्यों को कोई भूला नहीं है। उन्होंने सरकार से मौजूदा बसपा ऑफिस को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने का आग्रह किया। उधर, मायावती की इस पोस्ट के 2 घंटे बाद उनके भतीजे और उत्तराधिकारी आकाश आनंद ने एक्स पर लिखा-चढ़ गुंडों की छाती पर बटन दबेगा हाथी पर। इससे पहले, रविवार को भी मायावती ने अखिलेश को गिरेबान में झांकने की नसीहत दी थी। मायावती के इस बयान पर जब अखिलेश से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा-नो कमेंट, 100 दिन बचे हैं... बीजेपी जाएगी।

मायावती ने लिखा-सपा अति पिछड़ों के साथ-साथ दलित विरोधी है। चुनाव खत्म होने के बाद ही सपा फिर से अपने दलित विरोधी जातिवादी एजेंडे पर आ गई।

# सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस, आप ने की बैठक

**दोनों दलों के बीच फिर से होगी बैठक**

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और इस मामले को लेकर दोनों दलों के नेता फिर बैठक करेंगे तथा उसी में अंतिम फैसला किया जाएगा। श्री वासनिक ने कहा कि दोनों दलों के नेताओं की गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर ढाई घंटे तक बैठक चली। गठबंधन को लेकर चर्चा विस्तार से हुई है और इस बारे में जल्द ही फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का मजबूत तथा महत्वपूर्ण हिस्सा है और इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा।

उपलब्धि | *फोर्ब्स की सूची से मिली जानकारी*

# 50 की उम्र के बाद भी महिलाएं दिखा रही अपनी ताकत

**नई दिल्ली, 8 जनवरी (एजेंसिां) विश्व भर में ज्यादातर महिलाएं 50 की उम्र के बाद अपने करियर में आगे बढ़ती हैं और काश कि कंपनियां इस तथ्य को समझ पाती। फोर्ब्स की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची की हालिया रैंकिंग महिलाओं को उनके जीवन और करियर के शीर्ष पर दर्शाती है। उनमें से 80 फीसदी 50 वर्ष से अधिक उम्र की हैं और आधे 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।**

सभी रूढ़ियों और विरासत में मिली कहानियों, परियों की कहानियों और फिल्मों में वृद्ध महिलाओं को डरावनी व झुर्रीदार क्रोन के रूप में दिखाने के बावजूद उभरती हुई वास्तविकता यह है कि महिलाएं क्यू3 -उम्र की तीसरी तिमाही में हैं (50-75)। जो अपनी लंबी उम्र में कभी भी बेहतर नहीं दिखीं, फिट महसूस नहीं किया या अधिक शक्ति का इस्तेमाल नहीं किया। जीवन के सभी क्षेत्रों में, सभी क्षेत्रों में और यहां तक कि कुछ अप्रत्याशित देशों में भी महिलाएं पूरी तरह से आत्म-वास्तविक, मुखर और दृश्यमान हो रही हैं। पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को आगे बढ़ने में थोड़ा अधिक समय लगता है। दरअसल, इसमें दशकों लग जाते हैं। अधिकांश पुरुष अपने 50 और 60 के दशक में बड़े समय की शक्ति और प्रभावशाली पदों पर पहुँचते हैं (तकनीकी क्षेत्र उल्लेखनीय अपवाद है)। अधिकांश महिलाएं अभी भी क्यू-2 में पूंजीवाद, करियर और देखभाल के असंभव विरोधाभासों को पागलों की तरह सुलझाती हैं यानी वे औसतन थोड़ी देर से खिलती हैं।



■ 100 ताकतवर महिलाओं में से ज्यादातर 50 से अधिक उम्र की

### उर्सुला वॉन एक आदर्श उदाहरण

वह महिला जो फोर्ब्स रैंकिंग में नंबर एक पर आईं हैं एक आदर्श, उदाहरण है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन 65 वर्षीय यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष हैं। वह 2005 में 46 साल की उम्र में एंजेला मर्केल की सरकार में परिवार और युवा मंत्री के रूप में शामिल हुईं और जल्द ही वहां से आगे बढ़ गईं।

# देश

**उवाच**

"भाजपा के कुछ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान विष्णु का तीसरा अवतार मानते हैं। अगर लोग आपके साथ हैं तो मतपत्र पर चुनाव कराएं। अगर लोग ईवीएम के खिलाफ सड़कों पर उतरते हैं और अराजकता फैलाते हैं, तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार होगी।"

–संजय राउत, सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 12.0 | 07.0 |
| मुंबई | 31.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 21.0 | 14.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# बिलकिस बानो मामले में भाजपा बेनकाब : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि सामूहिक दुष्कर्म की शिकार बिलकिस बानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बेनकाब कर दुष्कर्मियों को बचाने की उसकी

- **शीर्ष अदालत के फैसले के बाद विपक्ष ने गुजरात की भाजपा सरकार पर साधा निशाना**
- **बिलकिस बानो जैसे मामले को समाज के लिए बताया भयानक**



**उच्चतम न्यायालय के फैसले ने भाजपा को बेनकाब कर दुष्कर्मियों को बचाने की उसकी कोशिश का पर्दाफाश कर दिया है**
**: अलका लाम्बा**

कोशिश का पर्दाफाश कर दिया है और भाजपा सरकार को अब मुंह छिपाने की जगह नहीं मिल रही है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी तथा अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार इस फैसले के बाद से बेनकाब हो गई है। उसने बलात्कारियों को जेल में सुविधा दी थी और दुष्कर्मियों को बचाने का बार-बार प्रयास भी किया लेकिन अंतत: सत्य की जीत हुई है और भाजपा सरकार से अब मुंह छिपाते नहीं बन रहा है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में मामले को अवरुद्ध करने की सैकड़ों कोशिश हुई है लेकिन मोदी ने अपनी सरकार के इस रवैये पर एक शब्द नहीं बोला। सिंघवी ने कहा कि जिस तरह बलात्कारियों को बचाने की प्रक्रिया अपनाई गई थी, अब उन्हें मुंह छिपाने की जगह नहीं मिल रही है। भाजपा के सभी जुमलों की कलई खुल गई है और भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है। अगर मुंह छिपाना चाहते हैं तो आपकी चादर में आपका मुंह नहीं छिप पाएगा। जेल में रहते हुए भी सभी दोषियों को भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने काफी सहूलियतें दे रखी थीं। लेकिन पाप इतनी आसानी से न निपटता है और न ही आसानी से छिपता है।

**फैसले से सत्ता को उसके घमंड का दर्पण दिखाया गया**

कांग्रेस नेता सिंघवी ने उन्होंने उच्चतम न्यायालय के फैसले को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे सत्ता को उसके घमंड का दर्पण दिखाया गया है। उन्होंने कहा 18 अक्टूबर 2022 को कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए था कि यह एक भद्दा दाग है जो छूटेगा नहीं और इसका अंतिम निर्णय भी आएगा। पार्टी ने कहा भी था कि इस मुद्दे पर बरगलाया जा रहा है और आज इसकी पुष्टि उच्चतम न्यायालय ने कर दी है। सिंघवी ने कहा कि बिलकिस बानो के मामले में कई वकीलों ने सरकार की तरफ से कोर्ट में आकर बार-बार समय मांगा। आखिर में न्यायाधीश को तक कहना पड़ा कि शायद आप मेरे सेवानिवृत्त होने का इंतजार कर रहे हैं-ये कितनी शर्मनाक बात है। बिलकिस बानो जैसा मामला समाज के लिए भयानक है लेकिन फिर भी इन दोषियों को रिहा कर दिया गया। इस मामले में गुजरात सरकार का बदइरादा झलकता है और केंद्र सरकार अपना मुंह नहीं छिपा पा रही है क्योंकि उन्होंने खुद इन 11 दोषियों की रिहाई को मंजूरी तथा सहमति दी थी। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री 15 अगस्त 2022 को लाल किले से आजादी के अमृत महोत्सव पर भाषण दे रहे थे तो गुजरात में बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई हो रही थी। पहले इन बलात्कारियों का स्वागत विश्व हिंदू परिषद के दफ्तर में होता है और बाद में भाजपा सांसद और विधायक इनके साथ मंच साझा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद मोदी और भाजपा के नेताओं को देश की करोड़ों बेटियों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि भाजपा आज बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने पहले भी सत्ता, संख्या और ताकत के दम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को अध्यादेश से संसद में पलटने का काम किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि दो हफ्तों के भीतर बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जेल वापस भेज दिया जाए। ऐसे में क्या ये बलात्कारी वापस जेल जाएंगे या भाजपा फिर सत्ता और संख्या के बल पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट देगी और हम इन बलात्कारियों को बाहर घूमते हुए देखेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने गुजरात की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की सोच अपराधियों को बचाने वाली थी ना कि पीड़िता को न्याय दिलाने की। गुजरात कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है, जहां दोषियों को बचाने की कोशिश की गई बल्कि पहले भी सरकार ने पीड़ितों की रक्षा करने के बजाय अपराधियों को बचाया है।

## न्याय की कुछ उम्मीद जगाता है यह फैसला : बृंदा करात



**नई दिल्ली।** वामपंथी पार्टी सीपीआई (एम) की वरिष्ठ नेता बृंदा करात ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। कम से कम यह फैसला न्याय की कुछ उम्मीद जगाता है। खासकर, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और गुजरात सरकार की क्षमताओं पर जो टिप्पणी की। यह गुजरात सरकार ही थी, जिसने दस्तावेज स्वीकार किए थे। कोर्ट ने इसे फर्जी माना है। बृंदा करात ने याचिकाकर्ता की ईमानदारी पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और गुजरात सरकार का भी उसे समर्थन प्राप्त था। गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए वामपंथी नेता ने कहा कि यह गृह मंत्रालय ही था, जिसने याचिका को प्रोत्साहित किया, जिससे दोषियों की रिहाई हुई। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत होना चाहिए।

# मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला



- **दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का आज करेंगे उद्घाटन**

**भोपाल,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री, डॉ.मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह तोमर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

राज्य विधानमंडल के 69 नवनिर्वाचित सदस्यों सहित कुल 230 सदस्य 9 और 10 जनवरी को आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को विधानमंडल के कामकाज और इसकी प्रक्रियाओं से परिचित करना है ताकि वे विधायी ढांचे के अनुसार स्वयं को ढाल सकें। सदस्यों को संवाद, ज्ञानवर्धक आदान-प्रदान और संसद और राज्य विधानमंडलों के पिछले उदाहरणों के बारे में बताकर व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, वरिष्ठ विधायक और विषय विशेषज्ञ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे, जैसे एक प्रभावी विधायक कैसे बनें, संसदीय शिष्टाचार और आचरण, बजटीय प्रक्रियाएं और संसद/विधानमंडलों में वित्तीय कार्य, संसदीय विशेषाधिकार और आचार, प्रश्न काल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों की सूचनाओं का महत्व और उपयोग और संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्य प्रणाली। मध्य प्रदेश विधानमंडल के सदस्यों के लिए इस प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतन्त्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा मध्य प्रदेश विधान सभा सचिवालय के सहयोग से किया जा रहा है। 1981 से, प्राइड ने कुल 62 प्रबोधन पाठ्यक्रम संचालित किए हैं जिनमें 4300 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया है।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार से प्रारंभ हो रहे इस कार्यक्रम के मद्देनजर सोमवार को यहां मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से चर्चा की। तोमर ने हाल ही में दिल्ली यात्रा के दौरान बिरला को इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार उद्घाटन सत्र में बिरला के अलावा, तोमर, डॉ. यादव, संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी अपने विचार रखेंगे। इस आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं।

## सार संक्षेप

### खराब मौसम के कारण शाह की जम्मू यात्रा स्थगित

**जम्मू।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रस्तावित जम्मू यात्रा खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। केंद्रीय गृहमंत्री नौ जनवरी को जम्मू कश्मीर की यात्रा का कार्यक्रम निर्धारित था। प्रस्तावित यात्रा के दौरान वह जम्मू में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेने वाले थे। के लिए निर्धारित किया गया था। उनके निर्धारित कार्यक्रमों में 1379 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घटन , जम्मू शहर में ई-बसों का शुभारंभ व 2348 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखना शामिल था। शाह का कृपा के आधार पर नियुक्त लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित करने का भी कार्यक्रम था।

### कांग्रेस ने डीपीडीसी बैठक का किया बहिष्कार

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी के विधायकों और सांसदों ने विकास निधि के अपर्याप्त आबंटन के विरोध में आगामी जिला योजना विकास समिति (डीपीडीसी) की बैठक का बहिष्कार किया है। सांसद और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतेज पाटिल ने सोमवार को कहा कि जिला विकास निगम ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए केवल 10 प्रतिशत धन आबंटित करने का फैसला किया है, जबकि 27 प्रतिशत तीन सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार), और भाजपा के विधायकों को दिया जाएगा।

### कोरोना संक्रमण के 605 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली।** नए साल में कोराना का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। लगातार औसतन 600 नए मामले सामने आ रहे हैं। इनमें जेएन1 वेरिएंट के मामले भी शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकडों के मुताबिक,बीते 24 घंटे में कोरोना के 605 नए मामले सामने आए है और उपचाराधीन मरीजों की संख्या 40002 हो गई है। इस दौरान 4 मरीजों की मौत हुई है। इनमें केरल से 2 और कर्नाटक व त्रिपुरा से 1-1 मरीज शामिल है। बतादें कि पिछले साल 5 दिसम्बर तक कोरोना के दैनिक मामले सिमटकर दो अंको में थे। सात जनवरी तक 12 राज्यो से कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन1 के 682 मामले दर्ज किए गए हैं।

### तमिलनाडु में दीवार गिरने से लड़की की मौत

**तिरुवरूर।** तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के ओथावीदु गांव में सोमवार सुबह एक घर की दीवार का हिस्सा ढह जाने से नौ वर्षीय लड़की की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृत लड़की पहचान प्रायमरी की छात्रा आर.मोनिशा के रूप में की गई है।

# कमलनाथ को तोमर ने दिलाई विधायक पद की शपथ

**भोपाल,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सोहन लाल वाल्मीक को विधानसभा में विधायक पद की शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित रहे। कमलनाथ विधानसभा के सत्र के दौरान किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहने के चलते विधायक पद की शपथ नहीं ग्रहण कर पाए थे। इसी के चलते उन्होंने सोमवार को विधायक पद की शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण करने के बाद उन्होंने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि वे अब भी मध्य प्रदेश में ही सक्रिय रहेंगे और दिल्ली नहीं जाएंगे। कमलनाथ अब तक राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष थे। विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद पिछले दिनों उनके स्थान पर पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को ये जिम्मेदारी सौंप दी गई है।



कमलनाथ से इसी घटनाक्रम के मद्देनजर सवाल पूछा गया था। इंडिया गठबंधन की चर्चा के संबंध में कमलनाथ ने कहा कि बातचीत चल रही है, जरूर कुछ निचोड़ निकलेगा। उन्होंने कहा कि वे इंडिया गठबंधन की चर्चा में शामिल नहीं हैं। कांग्रेस के ये दोनों ही विधायक विधानसभा के सत्र के दौरान किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहने के चलते विधायक पद की शपथ नहीं ग्रहण कर पाए थे। इसी के चलते उन्होंने आज विधायक पद की शपथ ग्रहण की।

**लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला**

# पंचायती राज जनप्रतिनिधियों का भत्ता बढ़ाया



**इस वर्ष एक अप्रैल से लागू होगी वृद्धि**

**पटना,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने खजाना खोल दिया है। राज्य कैबिनेट की सोमवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो वादे को एक साथ पूरा कर दिया गया। दो दिन पहले नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का पैसा बढ़ाने का आश्वासन दिया था, सोमवार को उसे पूरा कर दिया गया। रविवार को सीएम ने पंचायती राज जनप्रतिनिधियों यानि मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, सरपंच, पंच का भत्ता बढ़ाने का एलान किया था। एक दिन बाद ही कैबिनेट ने इसका फैसला ले लिया। बता दें कि शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिका संघ के शिष्टमंडल मिला था। उनकी मांग थी कि पिछले नवम्बर में नौकरी से हटाई गईं आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को फिर से नियुक्ति किया जाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नौकरी से हटाई गईं 18 हजार 220 आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं को काम पर वापस रखने का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा था कि सेविका-सहायिका के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाएगी। उनके आश्वासन के बाद शनिवार की शाम आनन-फानन में कार्य मुक्त करने का आदेश वापस लिया गया। सोमवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में उनके भत्ते में बढ़ोतरी का भी फैसला ले लिया गया। कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का राज्य भत्ता बढ़ा दिया जाए। सेविकाओं को अब तक राज्य भत्ता के तौर पर 1450 रूपये मिलते थे। अब उन्हें राज्य भत्ता के रूप में 2500 रूपये दिये जाएंगे। वहीं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को राज्य भत्ता के तौर पर 725 रूपये मिलते थे, कैबिनेट की बैठक में उसे बढ़ा कर 1750 रूपये करने का फैसला लिया गया है। वही, राज्य कैबिनेट की बैठक में सोमवार को ये भी फैसला लिया गया कि ग्राम पंचायत के मुखिया, उप मुखिया और वार्ड सदस्य के साथ साथ ग्राम कचहरी के सरपंच, उप सरपंच और पंच को पहले से मिल रहे नियत भत्ता को बढ़ा दिया जाए। हालांकि ये वृद्धि 1 अप्रैल 2024 से लागू होगी। नीतीश कुमार से रविवार को ही पंचायती राज जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात की थी। नीतीश कुमार ने उन्हें भत्ता बढ़ाने का भरोसा दिलाया था।

## ग्राम मुखिया को पांच हजार प्रति माह मानदेय मिलेगा

कैबिनेट अपर मुख्य सचिव डॉ.एस सिद्धार्थ ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मुखिया के अब 5000 रुपए प्रति माह मानदेय मिलेगा। पहले 2500 रुपए मानदेय मिलता था। वहीं, उप मुखिया का मानदेय 1200 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रतिमाह किया है। वार्ड सदस्य का मानदेय 500 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 800 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। सरकार ने सरपंच का मानदेय 2500 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रतिमाह, उप सरपंच का मानदेय 1200 रुपए से बढ़ा कर 2500 रुपए और पंच का मानदेय 500 रुपए से 800 रुपए कर दिया है। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ग्राम पंचायत और ग्राम कचहरी के लगभग 2 लाख 35 हजार 148 सदस्यों को इसका फायदा मिलेगा।

पंचायत प्रतिनिधियों के शिष्टमंडल से मुलाकात के 24 घंटे के भीतर सरकार ने फैसला लिया है।

# बंगाल की छवि खराब करने की हो रही कोशिश : ममता

**कोलकाता,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के तीन अधिकारियों पर हमले को लेकर मचे बवाल के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि जो लोग पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठा रहे हैं, वे राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार कोलकाता को वर्षों से देश का सबसे सुरक्षित शहर घोषित किया गया है। उन्होंने कहा, मैं अपने खिलाफ हो रही आलोचनाओं से परेशान नहीं हूं। लेकिन, अगर कोई राज्य को बदनाम करने की कोशिश करता है तो मैं विरोध करूंगी। जो लोग कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठा रहे हैं, वे राज्य को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यहां छात्र सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसी विशेष घटना का स्पष्ट रूप से जिक्र किए बिना यह टिप्पणी की। कुछ टीवी टॉक शो की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, वे (ये चैनल) नकारात्मक सूचना फैलाने में रुचि रखते हैं।



- **ईडी अधिकारियों पर हमले को लेकर मचे बवाल पर साधा निशाना**

## दिनभर में कई अफवाहें फैलाई जाती हैं

तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के समर्थकों ने शुक्रवार को ईडी के तीन अधिकारियों पर हमला कर दिया था और उनके कई वाहनों में तोड़फोड़ की थी। यह हमला तब हुआ जब ईडी की टीम राज्य की राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के संबंध में छापेमारी के लिए संदेशखली में शेख के घर गई थी। दिनभर में कई अफवाहें फैलाई जाती हैं। यदि सुबह में एक अलग घटना होती है, तो इस पर पूरे दिन चर्चा की जाती है। जबकि, सकारात्मक खबरों पर बहुत कम फोकस किया जाता है। बंगाल को नकारात्मक रूप से चित्रित किया जाता है, तो मैं इसे बिना किसी लड़ाई के स्वीकार नहीं करूंगी।

# लोकसभा चुनाव में होगा त्रिकोणीय मुकाबला : केटीआर

**हैदराबाद,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। तेलंगान के भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भवन में सोमवार को आयोजित एक तैयारी बैठक के दौरान, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर ने आगामी लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने की उम्मीद जताई। यहां तेलंगाना भवन में आयोजित निजामाबाद संसद निर्वाचन क्षेत्र के पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए केटीआर ने कहा कि चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जबरदस्त प्रचार से सफलता मिलेगी। केटीआर ने चुनाव के दौरान झूठे वादों से जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने ऐसे उदाहरणों पर प्रकाश डाला जहां कांग्रेस अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रही, उन्होंने आरोप लगाया कि वे अपने वादों से पीछे हट रहे हैं। अभय हस्तम ऋण और श्वेत पत्र का हवाला देकर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने पार्टी कैडर को याद दिलाया कि गृहलक्ष्मी योजना पहले ही रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा उन्होंने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सरकार ने दलित बंधु योजना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पार्टी सदस्यों से आह्वान करते हुए केटीआर ने उनसे जमीनी स्तर पर कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने और ठोस प्रयास के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

# बिहार में 50 लाख की शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**पटना/बक्सर,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद दूसरे राज्यों से शराब की खेप लगातार बिहार पहुंच रही है। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम हर दिन शराब की खेप पकड़ रही है। ताजा मामला बक्सर से सामने आया है, जहां उत्पाद विभाग की टीम ने एक कंटेनर से 50 लाख की शराब को जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप लेकर एक कंटेनर बक्सर के रास्ते पटना जा रहा है। इस सूचना के बाद रविवार की देर रात उत्पाद विभाग की टीम ने वीर कुंवर सिंह सेतु पर ट्रकों की जांच शुरू की। पुलिस टीम की नजर सामने से आ रही कंटेनर पर पड़ी। पुलिस जवानों ने ट्रक को रोका और उसकी तलाशी शुरू की। कंटेनर की तलाशी के दौरान उत्पाद पुलिस ने भारी मात्रा में शराब को जब्त किया। जब्त शराब की कीमत 50 लाख से अधिर बताई जा रही है। एक सप्ताह के अंदर उत्पाद विभाग की टीम को यह दूसरी बड़ी सफलता मिली है, जिससे शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। शराब की खेप चंडीगठ से पटना भेजी जा रही थी लेकिन बीच रास्ते में ही उत्पाद विभाग की टीम ने शराब माफिया के मनसूबों पर पानी फेर दिया। बता दें कि बक्सर में बीते दो महीने के भीतर 15 करोड़ से अधिक का शराब जब्त हुई है।



- **एक सप्ताह के अंदर उत्पाद विभाग की टीम को मिली दूसरी बड़ी सफलता**

**चिंता** *सुधरते नजर नहीं आ रहे 2023 में चिंता का कारण बने राजौरी व पुंछ में हालात*

# सीमावर्ती जिलों से आतंकियों का सफाया बना बड़ी चुनौती

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 8 जनवरी (देशबन्धु)। एलओसी से सटे जुड़वा जिले राजौरी व पुंछ सेना और अन्य सुरक्षाबलों के लिए फिलहाल सिरदर्द बने हुए हैं। हालत यह है कि पाकिस्तान द्वारा अपने पूर्व सैनिकों को आतंकी बना इन जिलों में धकेलने के कारण पिछले साल ये सुर्खियों में तो रहे ही, इस साल भी इससे मुक्ति मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।

हालांकि सेना ने एक और नई पूरी ब्रिगेड को आतंकियों के सफाए के लिए धकेली है पर सैंकड़ों वर्ग किमी में फैले दोनों जिलों में आतंकियों का सफाया फिलहाल दूर की कौड़ी लग रहा है। यह सच है कि सीमावर्ती जिले राजौरी में 2023 में दर्जनों मुठभेड़ें और हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। जिले के लिए साल की शुरुआत ढांगरी आतंकी हमले से हुई थी जिसके हत्यारे अभी तक गिरफ्त से बाहर है। जिले में 2023 के दौरान बाजी माल और केसरी हिल में दो बड़ी मुठभेड़ें भी देखी गईं। इन मुठभेड़ों में 11 जवानों की जान चली गई जबकि आठ आतंकियों को ढेर कर दिया गया। पिछले साल 1 जनवरी को ढांगरी गांव में एक घातक आतंकवादी हमले में सात नागरिक मारे गए थे और तेरह अन्य घायल हो गए थे। इसके अतिरिक्त राजौरी जिले में ढांगरी हमला, बाजी माल, केसरी हिल मुठभेड़ सहित दर्जनों घटनाएं दर्ज की गईं।



- **पुंछ में पिछले तीन वर्षों में लगभग डेढ़ दर्जन आतंकी घटनाएं हुईं**

जानकारी के लिए राजौरी जिला अपने 2630 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्रफल के कारण आतंकवाद विरोधी मोर्चे पर सबसे कठिन जिलों में से एक माना जाता है। इसे मोटे तौर पर छह उपमंडलों में विभाजित किया गया है, इनमें राजौरी, थन्नामंडी, कोटरांका, कालाकोट, नौशहरा और सुंदरबनी शामिल हैं। जिला ऊपरी पीर-पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं से शोपियां के साथ-साथ दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिलों के साथ सीमा भी साझा करता है। यह पाक कब्जे वाले कश्मीर के भिंबर, कोटली जिले से जुड़ा है और अगर पुंछ की बात करें तो 2021 के अगस्त महीने से पिछले तीन वर्षों के दौरान सीमावर्ती पुंछ जिले में लगभग डेढ़ दर्जन आतंकी घटनाएं हुई हैं। हालांकि फरवरी 2021 में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम समझौते के बाद पुंछ जिले में एलओसी के 115 किमी लंबे हिस्से पर स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन आंतरिक इलाकों की सुरक्षा चिंता का विषय बन गई है। अगस्त, 2021 से, जिले में सेना पर चार घातक हमलों सहित लगभग डेढ़ दर्जन आतंकवादी घटनाएं देखी गई हैं। मुठभेड़ें और रहस्यमय विस्फोट भी हुए हैं। पुंछ जिला, जो मोटे तौर पर पुंछ मुख्यालय, मंडी और सुरनकोट सहित तीन उपमंडलों में विभाजित है, एक चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति वाला है। इसमें 115 किमी लंबा एलओसी क्षेत्र है, जो भिंबर गली से शुरू होकर साब्जियां तक है। सुरनकोट उपमंडल मुगल रोड के माध्यम से शोपियां जिले से जुड़ता है और यहां बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखलाएं हैं, जबकि पुंछ उपमंडल के लोरन और सौजियान क्षेत्र बारामुल्ला जिले के कुछ हिस्सों से जुड़ते हैं और यहां पर्वत श्रृंखलाएं हैं जहां सर्दियों में भारी बर्फबारी होती है।

**उल्टा पुल्टा**

बेटा : मुझे शादी नहीं करनी! मुझे सभी औरतों से डर लगता है!
पिता : कर ले बेटा! फिर एक ही औरत से डर लगेगा, बाकी सब अच्छी लगेंगी।

# कैपिटल ज़ोन

# आप–कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर नहीं बनी सहमति

- सीट बंटवारे को लकर दोनों दलों के नेता फिर करेंगे चर्चा
- पार्टी के नेताओं ने सीट बांटने के मामले में अपना-अपना प्रस्ताव एक-दूसरे को दिया

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने के लिए दिल्ली की सीट बांटने के मामले में सोमवार को इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेताओं के बीच सहमति नहीं बन सकी। दोनों नेताओं के मध्य हुई बैठक में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दो सीटें देने की बात की, जबकि कांग्रेस ने चार सीटें मांगी। लिहाजा उनके बीच अगले दिनों के दौरान फिर बैठक होगी। इस बैठक में उनके बीच सीटों की संख्या व उनके नाम तय होने की उम्मीद जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने केवल दिल्ली के मामले में बात की। कांग्रेस ने केवल दिल्ली के ही नेताओं को बुलाया हुआ था।

इस दौरान कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सीट बांटने के मामले में अपना–अपना प्रस्ताव एक–दूसरे को दिया। आम आदमी पार्टी ने पिछले विधानसभा व नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को मिले मत प्रतिशत का हवाला देते हुए उसे दो सीटों पर चुनाव लड़ने का सुझाव दिया, जबकि कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए चार सीट मांगी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उसे पिछले विधानसभा व नगर निगम चुनाव में भले ही कम वोट मिले, लेकिन लोकसभा चुनाव में वह पांच सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी। इस तरह उनके बीच सीटों का बंटवारा नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने इस मामले में बात करने के बजाय आगे बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई। बैठक के बाद दोनों दलों के नेताओं ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बैठक में हुई चर्चा के बारे में अपने वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराएंगे और कुछ दिन बाद दोनों दलों के नेता फिर बैठक करेंगे। उस समय सीटों की संख्या व उनके नाम तय करेंगे। बैठक में कांग्रेस की ओर से उसकी गठबंधन समिति के संयोजक मुकुल वासनिक व चारों सदस्यों के अलावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली व पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ शामिल हुए, जबकि आम आदमी पार्टी के नेता डॉ. संदीप पाठक, आतिशी व सौरभ भारद्वाज आए।

### आप व कांग्रेस में चार–तीन पर सहमति बनने के आसार

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी भले ही चार व पांच सीटें मांग रही है, लेकिन कांग्रेस चार के बजाए तीन सीटों पर मान जाएगी। वहीं, आम आदमी पार्टी भी उसे तीन सीटें देने पर तैयार है। कांग्रेस दक्षिण दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली के अलावा पूर्वी दिल्ली व उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट में से कोई एक सीट लेना चाहती है। आम आदमी पार्टी उसे दक्षिण दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली व उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट देने के लिए तैयार बताई जा रही है।

## 11 वर्षों से जत्थेदार काउंके का शहीदी दिवस मनाने की याद क्यों नहीं आई : सरना



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने दिल्ली कमेटी द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार भाई गुरदेव सिंह काउंके का शहीदी दिवस मनाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हरमीत सिंह कालका पिछले ग्यारह वर्षों से कमेटी की कार्यकारिणी का हिस्सा हैं लेकिन कालका जुंडली व उनके आका मनजिंदर सिंह सिरसा को अभी तक याद क्यों नहीं आई।

यहां जारी एक बयान में सरदार सरना ने हरमीत सिंह कालका से सवाल करते हुए पूछा कि जत्थेदार काउंके का शहीदी दिवस मनाना एक अच्छा प्रयास है लेकिन क्या वह 11 वर्षों से अब तक सोये हुए थे तथा अन्य शहीदों को भी श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा शहीद का दर्जा प्राप्त है उनकी शहादत का दिवस क्यों नहीं मनाया गया। उन्होंने कहा कि 20 दिसंबर 2023 को बंदी सिंहों की रिहाई के लिए समूचे खालसा पंथ द्वारा दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जाना था जिसे हरमीत सिंह कालका ने श्री अकाल तख्त साहिब को पत्र लिखकर इसलिए रद्द करवाया कि वह सरकार से बातचीत करके बंदी सिंहों की रिहाई के लिए प्रयास कर रहे हैं। कालका जुंडली बताए कि अब तक क्या प्रयास हुए हैं व बातचीत के बाद सरकार कितने बंदी सिंहों को रिहा कर रही है।

# चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले सभी राज्यों का दौरा करेंगे मोदी

**पांच फरवरी से पहले तक सभी बड़े राज्यों का दौरा करने की संभावना**



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। तमाम तैयारियों के बावजूद भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव में उतरेगी। इसको देखते हुए लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही कम मे कम एक बार प्रधानमंत्री देश के सभी राज्यों का दौरा कर सकते हैं। सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री 5 फरवरी से पहले तक तकरीबन सभी बड़े राज्यों का दौरा कर लेंगे।

इस दौरान वे कुछ बडे राज्यो में दो–दो बार भी जा सकते हैं। वहीं छोटे राज्यों का भी कम से कम एक दौरा जरूर होगा। वैसे तो प्रधानमंत्री का यह मिशन पिछले महीने से ही शुरू हो चुका है और बदस्तूर जारी है। उन्होंने नव वर्ष पर अपने दौरे की शुरुआत दक्षिण भारत से की थी। दो दिनों में वे तमिलनाडु, लक्षद्वीप और केरल पहुंचे थे। उनके लक्षद्वीप यात्रा काफी चर्चा में रही। वहीं बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान गए थे। वहां जयपुर में डीजीपी और आईजी पुलिस के सम्मेलन में भी हिस्सा लिया था। साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर नवनिर्वाचित विधायको के साथ बैठक की थी। वे दो दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगे और वहां 10 जनवरी को वाइब्रेंट गुजरात समिट का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद 12 जनवरी को वे महाराष्ट्र में रहेंगे। जहां नवी मुंबई में ट्रांस हर्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे। उसी दिन वे नासिक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन और रोड शो भी कर सकते हैं। अगले दिन 13 जनवरी को वे बिहार और झारखंड का दौरा करेंगे। बिहार के बेतिया और झारखंड के धनबाद में वे जनसभा को संबोंधित करेंगे। हालांकि इस कार्यक्रम में बदलाव भी हो सकता है।

जबकि 22 जनवरी को वे उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रहेंगे, जहां रामलला के बहुप्रचारित प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे पिछले 30 दिसम्बर को भी अयोध्या गए थे। प्रधानमंत्री के अलावा गृहमंत्री अमित शाह भी जल्द ही 6 राज्यों के दौरे पर जाएंगे, लेकिन उनका फोकस लोकसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों पर रहेगा।

**सार संक्षेप**

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का भाजपा कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प



**नई दिल्ली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से लाइव संवाद को सुनने के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अलावा वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं अन्य नेता आज सात स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जंगपुरा विधानसभा के प्रताप कैम्प में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं अर्जुन मुंडा, भाजपा की राष्ट्रीय विजया राहटकर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प दिलाया। नड्डा ने इस अवसर पर लाभार्थी मेले में लगे केंद्रीय योजनाओं के कैम्पों में योजनाओं की जानकारी पा रहे लोगों एवं लाभार्थियों से चर्चा की और केंद्रीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित किया। प्रताप कैम्प में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. हर्षवर्धन एवं गौतम गंभीर, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रत्यूष कंठ, प्रदेश पदाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, अभय वर्मा, योगिता सिंह, बांसुरी स्वराज, सरदार इम्प्रीत सिंह बक्शी, सारिका जैन, प्रवीण शंकर कपूर, जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा एवं अनिल बाजपेई और पूर्व विधायक सरदार तरविन्दर सिंह मारवाह के अलावा केंद्र सरकार की योजनाओं के हजारों लाभार्थी सम्मिलित हुए।

### एंटी डायबिटिक दवा लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ग्लेनमार्क ने भारत में पहली बार प्रचलित 10,11 एंटी-डायबिटिक दवा- लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लॉन्च किया है। लिराफिट ब्रैंड के नाम से लॉन्च की गई इस दवा की पेशकश ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया डीसीजीआई से मंजूरी मिलने के बाद की गई है। इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और बिज़नेस हेड-इंडिया फॉर्म्युलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने कहा कि ग्लेनमार्क में, हमें भारत में पहली बार लिराग्लूटाइड दवा के एक नवीनतम और किफायती बायोसिमिलर लिराफिट की पेशकश करने पर गर्व है। क्लिनिकल परीक्षणों में लिराग्लूटाइड मरीजों के बीच हृदय और गुर्दे के सुरक्षा परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव डालने में मददगार साबित हुआ है, जो इसे टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए उपचार का एक प्रभावी विकल्प बनाता है।

## पुलिस संगठन के ज्ञापन पर कार्रवाई करें केंद्र व दिल्ली पुलिस प्रशासन : रावत

**पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलनों में सरकार को उठाना चाहिए ठोस कदम**



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनांक 5 से 7 जनवरी तक अखिल भारतीय पुलिस प्रमुखों का वार्षिक सम्मेलन राजस्थान की राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्याख्यानों से समापन हो गया। दिल्ली पुलिस अराजपत्रित अवकाश प्राप्त अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष छिददा सिंह रावत ने कहा कि वैसे हमने एशोसिएशन के कार्यकारिणी प्रमुख सदस्यों के हाथों पांच जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह को उनके सचिव द्वारा दिल्ली पुलिस के लाखों जवानों और उनके परिवार के जनकल्याण हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंप दिया है। लेकिन लंबे समय से जिस तरह दिल्ली पुलिस के कर्मचारियों के प्रति सरकार की उदासीनता दिख रही है वह बहुत सोचनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलनों में सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए और वास्तविक रूप से भारतीय अराजपत्रित पुलिस औफिसर्ज संगठनों के साथ बैठक कर समस्याओ का हल निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पुलिस सुधारों के 2006 के आदेशों की अनदेखी, अधिक कार्यभार से हर वर्ष जवानों द्वारा आत्महत्या, स्वास्थ्य के प्रति जवानों का ध्यान न देना, अन्य राज्य के वनिस्पत वेतन विसंगतियों जैसे जटिल मुद्दे भी जनसेवकों के साथ सत्तासीनों को समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए पहल करना चाहिए। उन्होने कहा कि हम आश्वासित भी हैं कि भारत सरकार और दिल्ली पुलिस प्रशासन 16 फरवरी तक हमारे दिये गए ज्ञापन पर संज्ञान लेकर समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी।

## ठंड में जरूरमंदों को कंबल बांटे




**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली में लगातार ठिठुरन वाली सर्दी जारी है। कोहरे और ठण्ड ने आम जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। इसके चलते मजबूर गरीबों एवं खुले आसमान में रह रहे जरूरतमंदों की मदद करने के लिए दिल्ली की एक गैर–सरकारी संस्था सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट अरुणा के तहत आर.के.पुरम सेक्टर–1 स्थित डीडीए पार्क में एक डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्था के इस प्रयास से लगभग सौ से अधिक लोगों तक मदद पहुंची। उधर गर्म कपड़े और कम्बल पाने वाले चेहरों पर राहतभरी मुस्कान नजर आई।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली - 110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 82241215 | एम्पाग्लिफ़्लोज़िन 10 मिलीग्राम टैब./कैप। | 436440 Nos. | 02.02.2024 |
| 02. | 82241004 | एलेक्टिनिब 150 मिलीग्राम टैब./कैप। | 2688 Nos. | 02.02.2024 |

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. दिनांक: 08.01.2024
69/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा–201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर–इमलियाका की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या–आई.एम.एल052, भूखण्ड संख्या–53, क्षेत्रफल–40, वर्ग मीटर श्री सारदा पुत्र श्री प्रभु, निवासी–ग्राम–ईमलियाका, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री सारदा पुत्र श्री प्रभु की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री धर्मराज पुत्र स्व० श्री सारदा, सर्वश्री देवेन्द्र, संतराज नागर पुत्र स्व० श्री सारदा, श्रीमती जयवती पत्नी स्व० श्री सारदा निवासी–ग्राम–ईमलियाका, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर उ०प्र० में से श्री धर्मराज पुत्र स्व० श्री सारदा, निवासी–ग्राम–ईमलियाका, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री धर्मराज पुत्र स्व० श्री सारदा, निवासी–ग्राम–ईमलियाका, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर उ०प्र० के पक्ष में सह आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## स्वामी दयानन्द अस्पताल पहुंचे संजय गहलोत



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चैयरमेन संजय गहलोत शाहदरा स्थित स्वामी दयानन्द अस्पताल पहुंचे और यहां उन्होंने इस अस्पताल के पूर्व सफाईकर्मियों से मुलाकात कर उन्हें पुन: नोकरी दिलवाने का आश्वासन दिया। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चैयरमेन संजय गहलोत ने बताया कि आज हम स्वामी दयानन्द अस्पताल शाहदरा पहुंचे यहां प्रहरी नाम की कम्पनी थी जिनका कांट्रेकट था जिनके अंतर्गत ये 165 सफाई कर्मचारी काम करते थे उन्हें भी हटा दिया गया था। करीब डेढ़ से दो साल तक ये सफाई कर्मचारी बेरोजगार ही घूम रहे हैं इन्हें कहीं नोकरी नहीं मिली है इसी सिलसिले में आज हमने अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की और उनके सामने समस्या रखी।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश के मीडिया प्रमुख बनें इमतियाज अहमद



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। लंबे इंतजार के बाद भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई, जिसके अंतर्गत वरिष्ठ पत्रकार इमतियाज अहमद को मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है आपको बता दें कि इमतियाज अहमद पेशे से पत्रकार हैं वा पिछले कई वर्षों से भाजपा से जुड़े हैं और इससे पहले वो दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रवक्ता के पद पर थे। वहीं भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा उनकी सहयोगीता और कार्य के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें इस बार अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश का मीडिया प्रमुख नियुक्त किया है। इस घोषणा के उपरांत मोर्चे के प्रभारी कारी हारून वा अध्यक्ष अनीस अब्बासी ने इमतियाज अहमद को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान इमतियाज अहमद ने अपने एक व्यक्तव में कहा की हमने सदेव सभी साथियों के साथ मिलकर काम किया है और सदेव ही पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया है जो भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ :- i) निविदा सूचना क्रमांक 69/2023-2024 दिनांक 17/11/2023 ii) निविदा संख्या: 15235182 09/01/2024 को देय है। 01. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नियत तिथि 09/01/2024 से बढ़ाकर 15/02/2024 कर दी गई है।** अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
75/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ON LINE AUCTION**
**Shankar Ramchandra**
AUCTIONEERS (GOVERNMENT AUCTIONEERS)
128, M.G. Road, Camp, Pune-1. PH.: 26340418

**PUNE MUNICIPAL CORPORATION**
**[ENCROACHMENT DEPARTMENT]**

On 12/01/2024 from 11:00 AM onwards on our website www.srauctioneers.co.in The following Scrap Material will be sold. Iron / Wooden / Stalls / Hand Cart / Cloths / Cuttlery / Plastic / Tyres / Tubes and other Material, Inspection at Kharadi/Yerwada-Sangamwadi And Magarpatta Godowns & LPG Gas Cylinders Inspection at All Encroachment Dept.Godowns and All 15 PMC Ward Offices. Note: 1] Inspection From-08/01/2024 to 11/01/2024 from 10:00 am to 4:00 Pm. 2] Handcarts & Stalls will be sold on only cutting condition. 3] For LPG Gas Cylinders Only Authorized GAS Distributor can participate in E-auction. Documents & Participation fee to be submitted at auctioneer's office by 11/01/2024 till 5 pm. documents & cash will not be accepted on the day of auction. For more details visit our website. Contact no. 8956132120

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या–3-7-407, सैक्टर–Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, Greater Noida, क्षेत्रफल–199.81 वर्ग मीटर, Col. Sushil Kumar S/o Mr. Amar Singh & Mrs. Bala Kumari W/o Col. Sushil Kumar के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Col. Sushil Kumar S/o Mr. Amar Singh की मृत्यु दिनांक–22.03.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन में उनका भाग सह आवंटी (Mrs. Bala Kumari W/o Col. Sushil Kumar) ने अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Col. Sushil Kumar S/o Mr. Amar Singh के स्थान पर उक्त भवन पूर्ण रुप से सह आवंटी Mrs. Bala Kumari W/o Col. Sushil Kumar के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी–201310
जिला–गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर–सैनी की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या–एस.ए.आई.01496, भूखण्ड संख्या–59, पाकेट–ए, क्षेत्रफल–380 वर्ग मीटर श्री अजीराम पुत्र श्री कृपाराम, निवासी–ग्राम–सैनी, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था आवंटी श्री अजीराम पुत्र श्री कृपाराम की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री देशपाल पुत्र स्व0 श्री अजीराम, सर्वश्री सत्यपाल, सत्यवीर पुत्रगण स्व0 श्री अजीराम, श्रीमती वन्शो पत्नी स्व0 श्री अजीराम, निवासी–ग्राम–सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री देशपाल पुत्र स्व0 श्री अजीराम, निवासी–ग्राम–सैनी, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री देशपाल पुत्र स्व0 श्री अजीराम, निवासी–ग्राम–सैनी, ग्रेटर नौएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अयोध्या के लिए रवाना हुई मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा

**सात शहरों से गुजरते हुए 14 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी यात्रा**



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। मंगलदीप श्रीराम रथयात्रा 8 जनवरी को सुबह दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू हुई और यह यात्रा सात शहरों से गुजरते हुए 14 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अध्यात्म से जोड़ना है, अध्यात्म का अर्थ है श्रीराम के कथा को जीवन में उतारना और संकल्प लेना स्वास्थ्य से शुरू करके परहित की दिशा में जाना। प्राचीन हनुमान मंदिर की अखंड ज्योति से प्रज्वलित ज्योति लेकर मंगलदीप रथ यात्रा प्रथा फाउंडेशन द्वारा आरंभ हुई।

इसके मुख्य अतिथि सीडीआर कार्तिकेय सैनी हैं, जिन्होंने भारतीय नौसेना के पूर्व कमांडर के रूप में सेवा की है। उनके साथ उनके बेटे रणवीर सिंह सैनी भी हैं, जो एक बौद्धिक रूप से विकलांग हैं और गोल्फ में भारत के लिए तीन बार विश्व खेल विशेष ओलंपिक में मेडलिस्ट हैं, और उन्हें लिंका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में छह बार होल्डर और भीम पुरस्कृत किया गया है।

### सेवा बस्ती के 108 मंदिरों में राम-ज्योति जलाई जाएगी

**नई दिल्ली।** आगामी 22 जनवरी को मोदी अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा करेंगे। उस दिन पूरे देश में राम–ज्योति जलाकर दिवाली मनाई जाएगी। इसलिए इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा ने तय किया है कि दिल्ली की विभिन्न सेवा बस्तियों झुग्गी झोपड़ियों में स्थित 108 छोटे मंदिरों का चयन कर आगामी 15 जनवरी से 22 जनवरी तक वहां पर्याप्त साफ–सफाई कर सौंदर्यीकरण अभियान चलाए जाएंगे।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77235247A | डायमंड क्रॉसिंग एंड सीजर ओवर क्रॉसिंग्स | 91 सेट | 02.02.2024 |
| 02 | 09235015 | कास्ट स्टील कासनब | 787 नग | 05.02.2024 |
| 03 | 08235686A | प्रोक्योरमेंट ऑफ एच ए एस एस डी ए सी | 95 सेट /नग | 16.02.2024 |
| 04 | 15235265 | सी एन सी प्लाज्मा प्रोफाइल कटिंग मशीन | 01 नग | 19.02.2024 |
| 05 | 15235223 | हेवी ड्यूटी एक्सहॉस्ट फैन | 25 सेट | 20.02.2024 |
| 06 | 07231420A | रबर स्टॉपर पैड | 55675 नग | 01.03.2024 |
| 07 | 07230447A | सेट ऑफ साइड बफर असेंबली | 56 नग | 04.03.2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं.: 82/2023-24 दिनांक: 08.01.2024
76/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स सरगीपाल लाईम स्टोन (लो ग्रेड) डिपॉजिट (प्रो.- श्रीमती फुलमति मौर्य), ग्राम- सरगीपाल, तहसील - जगदलपुर, जिला- बस्तर में स्थित खसरा क्रमांक 42/1 कुल क्षेत्रफल 1.734 हेक्टेयर प्रस्तावित चूना पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन क्षमता 16,280 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्तियां / सुझाव / विचार टीका-टिप्पणियाँ, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के भीतर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर (छ.ग.) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई **दिनांक - 09/02/2024, दिन- शुक्रवार, समय 11:00 बजे पूर्वान्ह, स्थान- सामुदायिक भवन, कार्यालय ग्राम पंचायत भवन के बगल में, ग्राम - सरगीपाल, तहसील - जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)** में नियत की गई है। ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा-संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई. आई. ए. रिपोर्ट कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (सॉफ्ट कापी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली; एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर - 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, कार्यालय कलेक्टर, जगदलपुर, जिला- बस्तर, जिला पंचायत कार्यालय, जगदलपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जगदलपुर, कार्यालय, नगर पालिक निगम, जगदलपुर, कार्यालय, ग्राम पंचायत सरगीपाल, तुरसेल नियानार, परपा बुरुंगपाल, पण्डरीपानी, डोंगाम एवं करकापाल, जिला - बस्तर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर, जिला-बस्तर तथा मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर- 19 नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर में रखी गई है।

यह भी सूचित हो कि :-
1. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को फिजिकल / सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।
2. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जायेगा तथा समय-समय पर सेनेटाईजर का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
3. लोक सुनवाई स्थल पर बैठक व्यवस्था में पर्याप्त दूरी रखना अनिवार्य होगा।
4. कोराना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ओ.एम. दिनांक 14/09/2020 एवं शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

विजयनगर जोन अंतर्गत भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव संवाद भी हुआ जिसको सभी ने सुना। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सभी पात्रों को सर्टिफिकेट में अन्य सौंप गए कार्यक्रम में लगभग 1550 लाभार्थी बढ़े कार्यक्रम में जिलाधिकारी आरके सिंह तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी उपस्थित रहे : **अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त नोडल प्रभारी**

## नोएडा सीपी का एक्शन, 26 पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**रविवार रात को ड्यूटी पर थे अनुपस्थित, 6 दरोगा, 15 हेड कांस्टेबल और 7 आरक्षी शामिल**

**नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस कमिश्नर ने 6 दरोगा, 15 हेड कांस्टेबल और 7 आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया है। जांच में पता चला है कि ये सभी अपनी ड्यूटी को ठीक तरीके से नहीं कर रहे थे। ड्यूटी के समय पर सभी पुलिसकर्मी गायब थे। जिसकी वजह से ये एक्शन लिया गया। जानकारी के मुताबिक पुलिस कमिश्नर रविवार की रात को 9ः30 बजे से 11 बजे तक कई स्थानों का दौरा किया था।

उन्होंने यातायात पुलिस के डयूटी प्वाइंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लिंक स्टेडियम चौक, राय रेजिडेंसी, अट्टा चौक, एडोब चौक, सेक्टर-49, सेक्टर-100, सेक्टर-105 और 107 चौक आदि डयूटी प्वाइंट पर यातायात कर्मी उपस्थित नहीं मिले। जिस पर पुलिस कमिश्नर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए 6 दरोगा, 15 हेड कांस्टेबल और 7 आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं डीसीपी यातायात एवं सहायक पुलिस आयुक्त पवन कुमार और राजीव कुमार गुप्ता को समय 10 बजकर 24 तक अपने क्षेत्र में उपस्थित नहीं मिलने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। ड्यूटी प्वाइंट से गैर हाजिर पाए गए पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच एसीपी सुधीर कुमार को सौंपी गई है। जांच पूर्ण कर आख्या पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के समक्ष प्रेषित की जायेगी।

## बनाया जा रहा देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क

**नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम नजदीक महामाया फ्लाईओवर के पास नोएडा में बनने का काम शुरू हो गया है। इसे नोएडा जंगल ट्रेल नाम दिया गया है। ये भी दावा किया जा रहा है कि ये देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क है। इस पार्क को तीन जोन में बांटा गया है। 18.27 एकड़ में इसे बनाया जा रहा है। पार्क नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस के दोनों और ओखला की ओर जाने वाले कट के पास डेवलेप किया जा रहा है। पार्क को एक फुटओवर ब्रिज और एक अंडरपास से कनेक्ट किया जाएगा। इस अंडरपास की लंबाई 24.40 मीटर, चौड़ाई 7 मीटर और ऊचाई 3 मीटर होगी। यहां से ई कार्ट निकल सकेंगी। इस ई कार्ट से सफारी का आंनद लिया जा सकेगा। पार्क के तीन जोन में बांटा गया है। पहला जोन-ए 4.05 एकड़ का है। इसमें पार्किंग, एंपीथियेटर ( 1000 लोगों की क्षमता का ), फूड कोर्ट और एक्जीबीशन एरिया है। यहां 8 बसों और 76 कारों की पार्किंग होगी। जोन-बी 8.77 एकड़ का बनाया जा रहा है। इसमें ट्रोपिकल रेन फारेस्ट, ग्रास लैंड, वेट लैंड को बनाया जाएगा। जोन-ए और बी को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे के ऊपर एक एफओबी बनाया जाएगा। तीसरा जोन-सी 5.45 एकड़ का है। इसमें आईएस लैंड ओसियन, ट्रेमप्रेट फारेस्ट और पोलर रीजन होगा। ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और मेंटेनेंस करेगी। पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा जिसका 50-50 प्रतिशत राजस्व की हिस्सेदारी होगी। इस पार्क की रीच को बढ़ाने के लिए ही इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जाएगा। ताकि दिल्ली, ग्रेटरनोएडा और फरीदाबाद के लोग तक यहां आ सके। यही महामाया फ्लाईओवर के पास एक अंडरपास बनाया जाएगा। जो दो जोन को आपस में जोड़ेगा। इसके लिए लिए 2 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

■ **इसे नोएडा जंगल ट्रेल नाम दिया गया, एक्सप्रेस के दोनों ओर होगा पार्क, अंडरपास और एफओबी से होगा कनेक्ट**

### अब जानते है पार्क के फीचर

एनसीआर का पहला पार्क होगा जिसमें जंगल नाइट सफारी होगी। ई कार्ट के जरिए।

पार्क में जल, मरुस्थल, बर्फ और घने जंगलों में रहने वाले 800 जानवरों को बनाया जाएगा।

फूड कोर्ट होगा, किड्स प्ले एरिया बनाया जाएगा, पिकनिक स्पॉट होगा।

वेस्ट के जरिए आउटडोर फर्नीचर, आउट डोर लाइटिंग और शॉप बनाई जाएंगी।

### 500 टन का होगा प्रयोग

पार्क में 500 टन लोहा वेस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। इस लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। इसमें हाथी, पैंगुविन, शेर, जिराफ, बल्र्डस, बत्तख, फ्लेमिंगो, बटरफ्लाई, जंगली भैसे, डाइनासोर, गेंडा, मोर, भालू, क्वाला, पांडा आदि को बनाया जाएगा।

### ई कार्ट से देखेंगे नाइट सफारी

नोएडा जंगल ट्रेल में आप नाइट सफारी भी कर सकेंगे। यहां बनाया जाने वाला अंडरपास करीब दो करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण प्राधिकरण करेगा। इस अंडरपास में ई कार्ट और पैदल जाया जा सकेगा। इस अंडरपास और पार्क को फसाड और अन्य कांसेपट लाइटों से सजाया जाएगा। ताकि ये दिखने में बिल्कुल जंगल का लुक दे।



## एचपीडीए उपाध्यक्ष ने किया व्यवसायिक कॉम्पलेक्स 'ग्रीन आर्केड' का निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**हापुड़,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ.नितिन गौड़ ने सोमवार को को आनन्द विहार योजना में विकास भवन के निकट निर्माणाधीन व्यवसायिक कॉम्पलेक्स 'ग्रीन आर्केड' का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति तेज करने तथा मानकों एवं विषिष्टियों के अनुरूप त्वरित गति से कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। श्री गौड़ ने समय-समय पर थर्ड पार्टी से सेम्पल टेंस्टिंग भी कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के सचिव, प्रभारी अधीक्षण अभियंता एवं संबंधित अवर अभियंता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण द्वारा बनवाये जा रहे तीन मंजिले व्यवसायिक कॉम्पलेक्स 'ग्रीन आर्केड' में 60 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके लिए आधुनिक सुविधायों से युक्त कॉप्लेक्स विकसित किये जाने का भी प्रस्ताव है। इस कॉम्पलेक्स में आधे से अधिक दुकानें प्राधिकरण द्वारा पूर्व में ही विक्रय की जा चुकी है। अवषेश बची दुकानों को आगामी ई-नीलामी में बेची जाएंगी।

## सावधान रहें, कॉलोनाइजरों के चक्कर में न फंसे नोएडा वासी

**नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे के किनारे सलारपुर, हाजीपुर, भंगेल, गेझा, गढ़ी और शाहदरा के अलावा सेक्टर 82, 91, 92, 93, 142, 143, 143, 143, 144 सहित कई सेक्टरों और गांवों की पहचान की है, जहां अवैध कॉलोनाइजर हैं। इन कॉलोनाइजर ने सरकारी जमीन को आम जनता को बेचने का प्रयास किया। ऐसी अनाधिकृत बिक्री में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से आम जनता को कई सेक्टरों और गांवों के आसपास जमीन की बिक्री के बारे में सूचित किया जा रहा है। ये क्षेत्र, जो नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि हैं, कथित तौर पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा प्लॉटिंग के माध्यम से लोगों को बेची जा रही है, जो प्राधिकरण के नियमों के पूरी तरह से विरुद्ध है। इसलिए लोगों को प्राधिकरण द्वारा जारी अधिकृत दस्तावेजों को सत्यापित किए बिना कोई भी जमीन खरीदने के खिलाफ चेतावनी दी जाती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है। जिसमें उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। हालांकि, जनता को इन कार्यों के बारे में जानकारी नहीं हो सकती, और वे भू-माफिया का शिकार हो सकते हैं। इसलिए पूरी जांच पड़ताल के बाद ही जमीन की खरीद फरोख्त की जाए। जिन लोगों को प्लाट या फ्लैट खरीदने भी है उन लोगों को प्राधिकरण परियोजनाओं ही निवेश करना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण को कम करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया गया है। अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने में पुलिस की भी मदद ले रहे हैं। प्राधिकरण ने हाल ही में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गाजीपुर में एक निर्माणाधीन इमारत को सील कर दिया था।

■ **प्राधिकरण ने जारी की सार्वजनिक सूचना**

■ **बताया सरकारी जमीन को आम जनता को बेचकर लगा रहे चूना**

## नोएडा में मिले 2 और कोरोना के मरीज

**सक्रिय मरीजों की संख्या पहुंची 14, रोजाना संदिग्ध मरीजों की हो रही जांच**

**नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को कोरोना संक्रमित दो नए मरीजों की पुष्टि की। एक महीने में कुल मरीजों की संख्या 14 हो गई है। दोनों मरीजों को बुखार और सर्दी जुकाम था। निजी अस्पताल में डॉक्टर से परामर्श के बाद कोरोना की जांच की गई। दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इन मरीजों का इलाज घर में ही चल रहा है। जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन 50-60 संदिग्धों की जांच हो रही है। सरकारी अस्पतालों की जांच रिपोर्ट निगेटिव मिली है। पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. अमित कुमार ने बताया कि इस सीजन में मिले कोरोना संक्रमित नौ मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। जिले में अब भी पांच मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। सभी में सामान्य लक्षण हैं। संदिग्ध मरीज सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच करवा सकते हैं। करीब दो हफ्ते पहले कोरोना मरीजों के नमूने जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए थे, किसी की जांच रिपोर्ट नहीं आई है। डॉ. अमित कुमार ने बताया कि आमतौर पर रिपोर्ट निगेटिव होने की स्थिति में रिपोर्ट नहीं भेजते। पॉजिटिव होने पर ही रिपोर्ट आती है। फिर भी हमें रिपोर्ट का इंतजार है।

## आयकर विभाग की रेड में अब तक मिले 700 करोड़ के अघोषित लेनदेन

**नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। चार बिल्डरों की सर्च में इनकम टैक्स विभाग को बड़ा ब्रेक थ्रू मिला है। भुटानी और ग्रुप 108 में करीब 700 करोड़ के अघोषित लेनदेन मिले है। दस्तावेजों में टैक्स चोरी के बड़ा एमांउट कैल्कुलेट किया जा रहा है। इसके अलावा 7 करोड़ रुपए के आसपास की जुलरी और कैश बरामद किया गया है। जिसमें 4 करोड़ का कैश और 3 करोड़ की जुलरी मिली है। 900 से ज्यादा एग्रीमेंट मिले है। जिनके बारे में पूछताछ की जा रही है। मनी लॉड्रिंग की जानकारी अब तक नहीं मिली है। लेकिन इस एंगल पर भी पूछताछ और दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। इनकम टैक्स ने गुरुवार को नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद में 37 ठिकानों पर सर्च शुरू की गई थी, जो सोमवार को अब घटकर 28 स्थानों पर पहुंच चुकी है। इसमें नोएडा अब 16 और दिल्ली में 12 लोकेशन पर सर्च की जा रही है। सर्च का पांचवे दिन भी टैक्स चोरी, ब्लैक मनी खपाने और एक लंबी ट्रेल मिली है। जिसकी उम्मीद इनकम टैक्स विभाग को थी।

अभी दो दिनों तक सर्च और जारी रहेगी।

■ **4 करोड़ रुपए कैश 3 करोड़ की मिली जूलरी**

■ **28 ठिकानों पर अब भी सर्च जारी**

वहीं कई और बिल्डरों के यहां भी ब्लैक मनी खपाने के संकेत मिले है। जिनके दस्तावेजों की जांच भी चल रही है। अब बिल्डरों के एग्रीमेंट और सेल परचेज के मिले दस्तावेजों के आधार पर पूछताछ की जा रही है। दस्तावेजों से स्पष्ट होता जा रहा है कि लॉजिक्स ग्रुप कमर्शियल स्पेस को बड़े पैमाने पर बेचने का ठेका भूटानी ग्रुप की ओर से लिया गया है, जिसमें सभी की हिस्सेदारी तय है। इस सर्च में आयकर विभाग के 400 से ज्यादा कर्मी और अधिकारी लगे थे जिनकी संख्या अब कम हो गई है।

### नोएडा और दिल्ली की लोकेशन में मिले लॉकर

नोएडा और दिल्ली में करीब 15 लॉकर मिले है। जिनको सील कर दिया गया है। इन लॉकरों को जल्द खोला जाएगा। संभावना है कि इन लॉकरों में कैश या एग्रीमेंट मिलने की उम्मीद है। फिलहाल जैसे जैस सर्च बढ़ती जा रही है कई अहम साक्ष्य अफसरों को मिल रहे है।

### ब्लैक मनी एंगल से होगी पूछताछ

भूटानी ग्रुप की दो कंपनियां है। पहली भूटानी इंफ्रा दूसरी ग्रुप-108 है। इन दोनों से ही 700 करोड़ के अघोषित लेनदेन की जानकारी मिली है। इसलिए अब मनी लॉड्रिंग एंगल से भी पूछताछ और जांच की जा रही है। वहीं जिन लोगों ने अपनी ब्लैक मनी यहां खपाई उनके ट्रांजेक्शन को भी खंगाला जा रहा है। ये लोग दिल्ली एनसीआर और मेट्रो पोलेटियन सिटी के है।

## सार संक्षेप

### 14 जनवरी से मंदिरों में होंगे भजन कीर्तन

**नोएडा।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नोएडा में तैयारी शुरु हो गई है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। 14 जनवरी से रोजाना करीब एक दर्जन मंदिरों में भजन कीर्तन किया जाएगा। इसके अलावा साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था की जाएगी। ये वो मंदिर है जिनको जमीन नोएडा प्राधिकरण की ओर से अलाट की गई है। इसके अलावा इन मंदिरों में लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। इसमें सेक्टर-20,19,34,49,12,2 के अलावा अन्य स्थानों के मंदिर शामिल है। वहीं प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या यानी 21 जनवरी की शाम से ही नोएडा रोशनी में नहा जाएगा। यहां सभी फसाड लाइट जो खराब है उनकी मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी फ्लाईओवर, एलिवेटड, अंडरपास और पेड़ और एक्सप्रेस वे के किनारों पर लगी फसाड लाइटों से शहर को जगमग किया जाएगा। एंट्री पाइंट को विशेष रूप से सजाया जाएगा। हालांकि यहां पार्कों में चल रहे म्यूजिकल फाउंटेन राम की धुन पर चलेंगे या नहीं इसको लेकर भी जल्द फैसला लिया जाएगा।

### नाबालिग लड़कों ने किया आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना कौशाम्बी इलाके में दो लड़कों ने एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने दोनों को पकड़कर किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर दिया। जहां से उन्हें बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि कौशाम्बी निवासी एक व्यक्ति ने थाना आकर सूचना दी कि चार जनवरी को उनकी आठ वर्षीय बच्ची के साथ उसी के मकान में ऊपर रहने वाले दो लड़कों (जिनकी उम्र लगभग 13 वर्ष व 14 वर्ष है)ने छेड़खानी की। पुलिस ने तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए दोनों बाल अपचारी के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा पंजीकृत कराकर बच्ची का मैडीकल परीक्षण कराया। मैडीकल प्रपत्र व चिकित्सक के बयान के आधार पर मामला आईपीसी की धारा 376 में तब्दील कर दिया गया। दोनों बाल अपचारियों को आज किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

## बिल्डर की कार दो कारों से टकराकर पलटी, दिल्ली व यूपी पुलिस के दो सिपाहियों की मौत



**गाजियाबाद,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात में कनावनी पुलिया के पास एक इनोवा कार डिवाइडर से टकरा कर असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़ी दो कारों से जा टकराई गयी। जिसमे एक दिल्ली पुलिस और एक उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाहियों की दर्दनाक मौत हो गयी। दोनों ही सिपाही एक बिल्डर की सुरक्षा में थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों सिपाही बिल्डर निखिल चौधरी की सुरक्षा में तैनात थे। निखिल चौधरी शालीमार गार्डन में रहते हैं। निखिल चौधरी देर रात्रि सीआईएसएफ रोड की तरफ से इनोवा कार से आ रहे थे। कार ड्राइवर चला रहा था। उनकी सुरक्षा में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल जय ओम शर्मा और यूपी पुलिस के कांस्टेबल जगबीर राघव भी कार में साथ थे। जब ये लोग कनावनी पुलिया के पास पहुंचे तो कार असंतुलित होकर दाहिनी ओर डिवाइडर से टकरा गई इसके बाद दूसरी ओर एक बैंक्वेट हाल के बाहर खड़ी दो कारों से टकराकर पलट गई। कार में सवार दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल और यूपी पुलिस के कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बिल्डर कार चालक सुरक्षित हैं। जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।

पुलिस ने सिपाहियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए हैं। उधर प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप भी पुलिसकर्मियों के परिजनों से मिले और अपनी शोक संवेदनाये पेश की।

■ **बिल्डर की सुरक्षा में तैनात थे दोनों सिपाही**

## फिरौती मांगने वाला ट्यूशन टीचर गिरफ्तार

**नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। फेज-3 पुलिस ने चौथी कक्षा की छात्रा की हत्या करने की बात कहकर उसकी मां से एक लाख 50 हजार रुपये की फिरौती मांगने वाले ट्यूशन टीचर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बिहार के सिवान निवासी राजन कुमार के रूप में हुई है। वर्तमान में वह गढ़ी चौखंडी गांव में किराये के मकान में रह रहा है। आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल होने वाली मोबाइल भी बरामद हुई है।

■ **1.50 लाख रुपए की मांगी थी फिरौती, छात्रा की हत्या करने की दी थी धमकी**

### अनजान नंबर से अवाज बदल कर फोन पर दे रहा था धमकी

फेज-3 थाना प्रभारी ने बताया कि बीते दिनों एक महिला ने थाने में शिकायत दी कि एक व्यक्ति अनजान नंबर से कॉल कर उसकी बेटी की हत्या करने की बात कहकर रुपये की मांग कर रहा है। अनजान नंबर से आई कॉल से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस ने जब पूरे मामले की जांच की तो सामने आया है कि आरोपी महिला की बेटी का ट्यूशन टीचर ही है। आरोपी दूसरे नंबर से आवाज बदलकर धमकी दे रहा था।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री का हुआ लाइव संवाद

**गाजियाबाद,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। राम जानकी पार्क सेक्टर 12 विजय नगर में महोत्सव के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया, व्यवस्था में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार निगम की टीम डटी रही। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कई विशेष अतिथियों ने भी प्रतिभागी किया जिसमें केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, महापौर सुनीता दयाल, समस्त विधायक गण व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त नोडल प्रभारी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बताया कि विजयनगर जोन अंतर्गत भव्य रूप से कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव संवाद भी हुआ जिसको सभी ने सुना। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सभी पात्रों को सर्टिफिकेट में अन्य सौंप गए कार्यक्रम में लगभग 1550 लाभार्थी बढ़े कार्यक्रम में जिलाधिकारी आरके सिंह तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 44,प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के अंतर्गत 68, आधार योजना के अंतर्गत 88, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 50, हेल्थ चेकअप योजना के अंतर्गत 1195 रजिस्ट्रेशन हुए, दूसरा कार्यक्रम सेक्टर 11 विजयनगर में आयोजित हुआ जिसमें माननीय विधायक अतुल गर्ग अतिथि के रूप में रहे कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग मिल रहा है क्षेत्रीय पार्षद गण भी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।



**घर-घर तक पहुंच रही है केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाएं: वी.के.सिंह**

## साथी फाउंडेशन डासना में दो सौ रोगियों को गोद लेकर करा चुका है टीबी मुक्त

**गाजियाबाद,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), डासना पर आयोजित ब्लॉक स्वास्थ्य मेला के दौरान साथी फाउंडेशन ने 20 क्षय रोगी और गोद लिए। फाउंडेशन की ओर से काजल छिब्बर ने गोद लिए सभी क्षय रोगियों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे धौलाना



■ **धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने फाउंडेशन के प्रयासों को सराहा**

विधायक धर्मेश तोमर ने क्षय रोगियों के लिए साथी फाउंडेशन की ओर से किए जाए कार्यों को सराहा। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह से कहा कि वर्तमान सरकार बहुत ही संवेदनशील है, और बिना किसी भेदभाग के सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने कहा कि साथी फाउंडेशन के जरिए काजल छिब्बर क्षय रोगियों के लिए बहुत पुण्य का कार्य कर रही हैं। पोलियो की तरह ही हम टीबी मुक्त भारत का निर्माण करने की राह पर हैं। इस कार्य में उन्होंने जन सहयोग की भी अपील की। कार्यक्रम के दौरान डासना नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि डा. मुजाहिद हुसैन, रजापुर ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी और खंड विकास अधिकारी आदेश कुमार सिंह और जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अमित विक्रम भी मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार, खांसी में बलगम या खून आना, रात में सोते समय पसीना आना, वजन कम होना और भूख न लगना, यह सब टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से एक भी लक्षण नजर आने पर टीबी की जांच कराना जरूरी है। सभी सरकारी स्वासथ्य केंद्रों पर टीबी की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी, डासना के एमओआईसी डा. नीरज कुमार सिंह की ओर से अतिथियों के स्वागत से हुआ।

## आय, विकास कार्य तथा शहर के सौंदर्यकरण को लेकर महापौर तथा नगर आयुक्त ने किया घंटों मंथन

■ **गाजियाबाद प्रवेश द्वार जल्द किये जाए तैयार: महापौर** ■ **अवैध विज्ञापन के विरुद्ध चले पर प्रभावी अभियान: नगर आयुक्त**



**गाजियाबाद,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। आय, विकास कार्य तथा शहर के सौंदर्यकरण को लेकर आज महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर घंटों मंथन किया। इस बैठक में मुख्य चौराहों के सौंदर्यकरण, पार्कों का सौंदर्यकरण, गाजियाबाद एंट्री के प्रवेश द्वार, चौराहों पर लगे फाउंटेन की मरम्मत, शहीद स्थलों का सौंदर्यकरण व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। शहर की सुंदरता पर जोर देते हुए महापौर तथा नगर आयुक्त ने संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। जिसमें जलकल विभाग को फाउंटेन की मरम्मत तथा लाइटिंग लगाने के लिए कहा गया। पार्कों की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए भी निर्देश दिए गए, शाहिद स्थलों को गमले इत्यादि से सजाने के लिए भी कहा गया, मुख्य चौराहा को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए गए। गाजियाबाद प्रवेश द्वार बनाने के लिए कार्यवाही तेज करने के लिए निर्माण को कहा। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवैध विज्ञापन पर विशेष कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिसमें अवैध यूनीपोल, क्योस्क, होर्डिंग, पोस्टर व अन्य विज्ञापन को अविलंब कार्यवाही कर हटाने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें महापौर ने सभी वार्डों में समान कार्य करने की निर्देश दिए। इमरजेंसी के कार्यों को तत्काल करने के लिए भी कहा। महापौर तथा नगर आयुक्त ने निगम की आय और अधिक बढाने के लिए योजना बनाकर कार्य करने की निर्देश दिए।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, महाप्रबंधक जल के.पी.आनंद, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, प्रकाश प्रभारी आस कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, उपस्थित रहे।

**उवाच** “

आईटी, उद्योग व संस्थागत के जो आवंटी लंबे समय से खाली भूखंड लेकर बैठे हैं, उन भूखंडों पर बिल्डिंग बनाकर कंप्लीशन और फंक्शनल नहीं कर रहे हैं, उनका आवंटन निरस्त कर दिया जाए। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि जिन आवंटियों ने तय प्रावधानों के मुताबिक न्यूनतम निर्माण भी पूरा कर लिया है, उनसे न्यूनतम औपचारिकताएं पूरी कराकर कंप्लीशन और फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करें: **मनोज कुमार सिंह, चेयरमैन, औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

# कैपिटल ज़ोन

## श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजित पुण्य अक्षत एवं पत्रक का हुआ विवरण

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। एल्डिको ग्रीन मीडोज ग्रेटर नोएडा में अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मन्दिर में होने वाली भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा निमित्त निमंत्रण के लिए, पूजित पुण्य अक्षत एवं पत्रक का सघन वितरण हुआ। सोसाइटी के सभी निवासियों ने वितरण में बढ़ चाढ़ कर हिस्सा लिया। सभी के मन में राम आयेंगे तो जश्न मनाएंगे का माहौल था। संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि 21 तथा 22 जनवरी को एलडेको ग्रीन मीडोज में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में सम्मिलित सदस्य विकास शर्मा, सुनील कुमार, नेहा मित्तल, जयदीप मित्तल, नीतेश गौतम, अनिशा राजपूत, मनमोहन गुप्ता, के. के. सिंह, अखिल गर्ग, संजय यादव, धीरज शर्मा, कृष्ण ठाकुर, दीप सक्सेना, सचिन जैन, अमित राठी, नितिन कटियार, आशीष रंजन, मेजर पांडेय, डॉ. समरिंदर सिंह, नेहा मित्तल, संगीता गुप्ता, गगनप्रीत, कमलेश अग्रवाल, नारायणी शुक्ला, अनीता सिंह, रश्मि देवा, नीलम चतुर्वेदी, गरिमा सिंह, मीनाक्षी पाठक आदि ने अति उत्साह के साथ पूरी सोसाइटी में जान जागरण कीर्तन यात्रा निकाला।



## सर्विस लेन ग्रेनो से जेवर एयरपोर्ट तक सफर जल्द होगा आसान

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)।। ग्रेटर नोएडा से जेवर तक 60 मीटर चौड़ी रोड का अटका काम अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। इसके बाद लोग बिना अवरोध के जेवर तक सफर कर सकेंगे। यह रोड अभी दो जगह बाधित है। इसके लिए किसानों से वार्ता हो गई है। आने वाले समय में इस इस रोड 100 मीटर चौड़ा किए जाना प्रस्तावित है। सर्विस रोड का निर्माण होने से जेवर क्षेत्र में जाने वाले लोगों को टोल टैक्स के झंझट से मिलेगा छुटकारा, किसानों के

■ **यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट से जेवर तक 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का अधूरा काम जून तक हो जाएगा पूरा**

कोर्ट जाने से टुकड़ों में अधूरी पड़ी है सर्विस रोड 40 किमी लंबी सर्विस रोड को एयरपोर्ट के चालू होने से पहले चमकाया जाना है, क्षेत्र की अन्य सड़कों का चल रहा है निर्माण कार्य सर्विस रोड को भविष्य में 100 मीटर चौड़ा किया जाना है प्रस्तावित, जेवर एयरपोर्ट व यीडा सिटी में बसावट के बाद बढ़ेगा ट्रैफिक का दबाव जेवर व उसके आसपास के लोगों को होती है दिक्कत,



टोल टैक्स को लेकर किसान आए दिन करते रहते हैं प्रदर्शन जेवर व उसके आसपास के गांवों के लोग यमुना एक्सप्रेसवे पर चढ़े बिना सुगम तरीके से आवागमन कर सकें, इसके लिए जीरो प्वाइंट से जेवर तक 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण किया जाना था। दनकौर के आगे जाने वाले लोगों के लिए यमुना एक्सप्रेसवे ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में टोल टैक्स का भुगतान करना पड़ता है। इससे बचने के लिए स्थानीय लोग समय- समय पर किसान संगठनों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करते रहते हैं। टोल टैक्स से बचने के लिए कई बार अधिकरियों से सिफारिश लगवानी पड़ती है।

जेवर क्षेत्र के लोगों की परेशानी व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन का समय नजदीक आता देख प्राधिकरण ने टुकड़ों में अधूरी पड़ी सड़क को पूरा कराने का प्रयास अब तेज कर दिया है। आगामी जून माह तक रोड का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही यीडा के आवासीय व औद्योगिक सेक्टरों को जोड़ने वाली रोड का निर्माण कार्य भी पूरा किया जाना है। पूर्व में निर्मित रोड पर दरार पड़ गई है। ऐसे में प्राधिरकरण जीरो प्वाइंट से जेवर तक 40 किमी लंबी रोड की मरम्मत कराई जाएगी। यमुना प्राधिकरण एसीईओ विपिन जैन ने बताया कि सड़कों का निर्माण करना प्राथमिकता में है। इसके लिए काम चल रहा है।

**दनकौर व दयानतपुर समेत सात जगहों पर रुका पड़ा था काम**

यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से प्रभावित कुछ किसान 6.47 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर कोर्ट चले गए थे, जिससे रोड का काम सात जगहों पर टुकड़ों में अटका पड़ा था। दनकौर व दयानतपुर के पास अभी भी काम अधूरा पड़ा है। बाकी जगह पर समस्या का समाधान कर लिया गया है। सर्विस रोड का काम पूरा कराने के लिए प्राधिकरण ने कोर्ट गए किसानों को केस वापस लेने के लिए तैयार कर लिया है। किसानों के केस वापस लेते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## जिला पंचायत की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट हुआ स्वीकृत

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत गौतमबुद्धनगर की बोर्ड बैठक हुई, जिसमें सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचन्द शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह, सदस्य जिला पंचायत देवा भाटी, मोहिनी, जयवती नागर, सुनील भाटी, ब्लाक प्रमुख जेवर, नामित व मनोनीत प्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के पुनिरीक्षित बजट आय 9,88,73,646 रूपए एवं व्यय 9,53,88,536 रूपए तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 का मूल बजट आय 10,54,000 रूपए एवं व्यय 9,56,48,356 रूपए की धनराशि का बजट सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया। उक्त के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 की विकास परियोजना एवं जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 853 करदाताओं पर कर सूची का अनुमोदन किया गया। साथ ही आय बढ़ाने की दृष्टि से कासना मार्केट में 91 दुकानों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी।



इस अवसर पर सांसद डा. महेश शर्मा ने शासन की मंशा के अनुरूप समस्त अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिये गये। अध्यक्ष अमित चौधरी ने बोर्ड बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने व प्रकरण को शासन को सन्दर्भित करने के निर्देश दिये। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी ने किया। अन्त में अध्यक्ष ने समस्त प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों व समस्त जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पांच शातिर चोरों को चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। दादरी थाने की पुलिस ने चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुए चोरी करने वाले पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा मे चोरी का माल, नगद रूपए व घटना में शामिल कैण्टर गाड़ी व फोर्ड कार बरामद किया है। पिछले दिनों दादरी थाने में कई चोरी की घटनओं का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसको लेकर पुलिस की टीम चोरों को पकड़ने के लिए काम कर रही थी। सोमवार को थाना दादरी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से थाना क्षेत्र में हुई चोरी कि घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिसमें आरिफ, मुकुन्द, कपिल, तुषार और जाविद को थाना क्षेत्र के रूपवास बाईपास एन.टी.पी.सी. कट के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से चोरी का माल-6 बण्डल सरिया, तीन बडी एवं तीन छोटी लोहे की प्लेट/फर्मा, 4 लोहे की ग्रिल जालीदार, तीन बड़े एवं दो छोटे लोहे के राफ्टर, 90 लोहे के पानी की टंकी के पाईप, 25,000 रूपए, टाटा गुड्स कैरियर डीएल 1 एम 9215 घटना में प्रयुक्त वाहन व फोर्ड फिस्टा कार यूपी 20 जेड 2271 को बरामद किया है। पूछताछ



**पिछले दिनों दादरी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम**

में आरोपियों ने बताया कि अजायबपुर इकोटेक-11 से करीब 1 महीने पहले रात्रि के समय 15 से 20 छोटे बडे राफ्टर चोरी किये थे, 90 लोहे के पानी के टंकी के पाईप के बारे में जानकारी की गयी तो सभी ने बताया कि ये लोहे के पाइप गांव शाहपुर जारचा रोड़ से अब से करीब 4-5 दिन पहले रात में चोरी किये थे नये वर्ष पर बोडाकी हजरतपुर गांव के पास से रात को चोरी किये थे। रामगढ़ गांव के पास से निर्माणाधीन पुल के पास से दो तीन दिन पहले चोरी की घटना को स्वीकार किया है। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

## शारदा विवि में निर्माणाधीन बिल्डिंग की शटरिंग गिरने के मामले में एक और मजदूर की मौत

**ग्रेटर नोएडा**, 8 जनवरी (देशबन्धु)। शारदा यूनिवर्सिटी की निर्माणाधीन बिल्डिंग में शनिवार की सुबह स्कैफोल्डिंग गिरने से नीचे दबकर घायल हुए मजदूर की मौत हो गई। हादसे में घायल मजदूर का शारदा अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां रविवार की देर रात इलाज के दौरान मजदूर ने दम तोड़ दिया। इस हादसे में घटना के दिन एक मजदूर की मौत हो गई थी। अब मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। दरअसल, शारदा यूनिवर्सिटी में कैंसर बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां शनिवार की सुबह 11:25 पर निर्माणाधीन बिल्डिंग में स्कैफोल्डिंग गिर गई थी। इस दौरान दो मजदूर इसमें नीचे दब गए थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। साथी मजदूरों ने किसी तरह नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया था। जहां डॉक्टरों ने एक मजदूर अब्दुल जब्बार खां को मृत घोषित कर दिया था। मृतक अब्दुल जब्बार खां हरियाणा फरीदाबाद की फ्रेंड्स कॉलोनी का रहने वाला था। जबकि हादसे में मोहम्मद शमशाद निवासी इतरी कटिया जिला सुपौल बिहार घायल हुआ था। मोहम्मद शमशाद का शारदा अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार की रात घायल मजदूर मोहम्मद शमशाद की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

■ **बिल्डिंग की शटरिंग गिरने से अब तक दो मजदूरों की हो चुकी मौत**

## लंबे समय से खाली प्लॉट लेकर बैठे आवंटियों के आवंटन निरस्त होंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटनों की समीक्षा की। चेयरमैन ने कहा कि आईटी, उद्योग व संस्थागत के जो आवंटी लंबे समय से खाली भूखंड लेकर बैठे हैं, उन भूखंडों पर बिल्डिंग बनाकर कंप्लीशन और फंक्शनल नहीं कर रहे हैं, उनका आवंटन निरस्त कर दिया जाए। उन्होंने साथ में यह भी कहा कि जिन आवंटियों ने तय प्रावधानों के मुताबिक न्यूनतम निर्माण भी पूरा कर लिया है, उनसे न्यूनतम औपचारिकताएं पूरी कराकर कंप्लीशन और फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करें। आईडीसी ने इसके लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को शिविर लगाने के निर्देश दिए।



■ **आईडीसी ने की नोएडा-ग्रेनो में आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटनों की समीक्षा**

■ **निर्माण पूरा कर लेने वाले आवंटियों को ओसी देने के लिए कैंप लगाने के निर्देश**

आईडीसी व चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने सोमवार शाम करीब छह बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों प्राधिकरण के आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटनों की समीक्षा की। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आईटी, उद्योग व संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने चेयरमैन को इनसे जुड़े आवंटनों की ताजा स्थिति से अवगत कराया। चेयरमैन ने कहा कि जिन भूखंडों के आवंटन को लंबा समय बीत चुका है। उनको बनाने और फंक्शनल करने की अवधि भी खत्म हो चुकी है, उनका सर्वे करा लें और खाली भूखंड मिलने पर आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई करें, ताकि उन भूखंडों को नए सिरे से आवंटित किया जा सके। नए उद्यमियों को मौका मिल सके। इससे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में निवेश के द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही चेयरमैन ने यह भी कहा कि अगर किसी आवंटी ने भवन का न्यूनतम निर्माण कर लिया है तो उससे जरूरी औपचारिकताएं पूरी कराकर कंप्लीशन और फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करें। उन्होंने इसके लिए दोनों प्राधिकरणों को शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन आवंटनों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भी शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, नोएडा के एसीईओ संजय खत्री व एसीईओ वंदना त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में सफलता के दिए मंत्र



**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में व्यक्तित्व विकास तथा साफ्ट स्किल के गुणों के विकास हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक प्रो. सुनील कुमार, निदेशक फार्मेसी, प्रो. भानु प्रताप सिंह सागर, निदेशक प्रो. विनय गुप्ता, डीन अकादमिक प्रो. बी. शरण तथा विभागाध्यक्ष डी. फार्मा प्रो. मनोज कुमार प्रभाकर ने मुख्य अतिथि तथा मोटिवेशनल स्पीकर शिखर प्रजापति का स्वागत किया। मुख्य स्पीकर शिखर प्रजापति ने बताया कि वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व में लोग केवल पूंजीपतियों को ही सफल मानते हैं, परंतु सफलता केवल पूंजी प्राप्त करने से ही नहीं मिलती। सफलता प्राप्त करने के लिये प्रत्येक नागरिक को अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिये तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्ग में आने वाली प्रत्येक बाधा को पार करने हेतु निरंतर नये प्रयास करने चाहिये। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रो. मनोज प्रभाकर ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यशाल के दौरान संस्थान के फार्मेसी विभाग के सभी छात्र व्यक्तित्व विकास से संबधित विभिन्न पहलुओं को बारीकी से समझेंगें। इस अवसर संस्थान भारी संख्या में छात्र तथा शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## तीन बच्चे और पति को छोड़कर प्रेमी से मिलने दनकौर पहुंची महिला

**दनकौर,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। बुलंदशहर से एक महिला देर रात को अपने तीन बच्चे और पति को छोड़कर दनकौर मिलने रात को पहुंच गई। जब प्रेमी ने फोन बंद कर लिया तो अंधेरा ज्यादा होने के चलते महिला ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से प्रेमी के पास भेजने की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि जो नंबर महिला ने दिया था, उसको डायल किया गया तो वह स्विच ऑफ था। हालांकि बाद में पुलिस ने महिला के पति को इस मामले की सूचना दी। जिसके बाद सोमवार सुबह महिला का पति अपनी पत्नी को लेकर अपने साथ चला गया। मध्य प्रदेश की रहने वाली एक महिला पिछले कई वर्षों से बुलंदशहर के नरोरा में अपने पति के साथ मजदूरी का काम करती है। जिसका कई वर्ष पहले से उनके साथ ही काम करने वाले मध्य प्रदेश के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग था। जिसकी जानकारी उसके पति को लगी तो उसने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को फटकार लगाई। जिसके चलते वह युवक वहां से दनकौर काम करने के लिए आ गया। उसके बावजूद भी दोनों फोन पर बातचीत करते थे। बताया जाता है कि शनिवार की रात जब महिला का पति और 3 छोटे बच्चे सो रहे थे। तब वह वहां से अचानक गायब हो गई। देर रात को बस के माध्यम से बुलंदशहर में पहुंच गई। जिसके बाद रविवार की सुबह बस में बैठकर दनकौर पहुंची। दिनभर वह अपने प्रेमी को फोन लगाती रही।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के कम में ग्राम सालारपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 9837/एस0टी0-एस0डी0एम0/2013-14 दिनांक 25.02.2014 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सालारपुर | 283 | श्री राजपाल पुत्र रामरिख नि0 ग्राम सालारपुर, ब्लॉक दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री सचिन<br>श्री रोहित<br>श्रीमती प्रीति | पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री | 21 वर्ष<br>19 वर्ष<br>24 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## अस्पतालकर्मी की मौत मामले में आरोपी जेसीबी चालक गिरफ्तार

**दनकौर,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर कस्बे के पास 24 दिसम्बर को सड़क हादसे में अस्पतालकर्मी की मौत हो गई थी। लापरवाही से जेसीबी चलाने के आरोप में जेसीबी के चालक पर केस दर्ज भी हुआ था, लेकिन घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्र के रोशनपुर गांव का रहने वाला सोनू (20 वर्ष) दनकौर कस्बा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में करीब डेढ़ वर्ष से ड्यूटी करते थे। जो रोजाना की तरह 24 दिसंबर को भी बाइक पर सवार होकर दनकौर की तरफ आ रहे थे। आरोप है कि जब उसकी बाइक दनकौर-सिकन्द्राबाद रोड पर कस्बे के पास नजदीक पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित जेसीबी ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और सोनू की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपी अज्ञात जेसीबी चालक पर केस दर्ज किया गया था। पुलिस की जांच में आरोपी की पहचान राकेश निवासी बबैया बिस्वाना थाना सिकन्द्राबाद के रूप में हुई। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## गैंगस्टर रवि काना की निर्माणाधीन फैक्ट्री में पुलिस ने लगाया ताला

**ग्रेटर नोएडा,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। बीटा-दो थाने की पुलिस टीम ने सोमवार को पुलिस ने बुलंदशहर के सिकंदराबाद के खुर्जा रोड पर निर्माणाधीन फैक्टरी कब्जे में लेकर तालाबंदी कर दी है। फैक्टरी लगभग 50 बीघा से अधिक क्षेत्र में लगभग 55 करोड़ की बताई गई है। इधर, न्यायालय ने भी गैंगस्टर केस में रवि काना और उसके गिरोह के नौ आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए हैं। गौतमबुद्ध नगर पुलिस सरिया स्क्रैप माफिया रवि काना की काली कमाई से अर्जित की गई संपत्ति लगातार चिन्हित कर कब्जे में ले रही है। बीटा-2 थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र प्रताप सिंह की टीम सोमवार को सिकंदराबाद में पहुंची। पुलिस टीम ने सिकंदराबाद के करीब खुर्जा रोड के दाईं ओर निर्माणाधीन फैक्टरी पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पता चला कि रवि काना काले कारोबार को बचाने के लिए और फैलाने के लिए नई फैक्टरी और गोदाम का निर्माण कर रहा था। ये फैक्टरी भी रवि काना गिरोह की कंपनी के नाम से बनाया जा रहा था। पुलिस ने इस फैक्टरी को कब्जे में ले लिया है। वहीं, पुलिस आरोपियों पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए न्यायालय में भी मजबूती से पैरवी कर रही है। पुलिस ने बताया कि न्यायालय ने रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना, तरून छोंकर, अमन, विशाल, अवध उर्फ बिहारी उर्फ अमर सिंह, महकी नागर उर्फ महकार, प्रहलाद, रवि की सेक्रेटरी काजल झा और पत्नी मधु के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए हैं।

■ **पचास बीघा से अधिक जमीन की कीमत लगभग पचपन करोड़ आंकी गई**

## गौर सिटी में हाउसकीपिंग का टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के गौर सिटी सेंटर में दफ्तर खोलकर हाउसकीपिंग का टेंडर दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में एक पीड़ित ने कंपनी के एमडी समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि आरोपी अब दफ्तर बंद कर फरार हो गए हैं। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रेनो वेस्ट के पुराना हैबतपुर में रहने वाले अवनीश शर्मा ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी मुलाकात शहफुर रहमान उर्फ शरीफ से हुई थी। शरीफ ने स्वच्छ भारत के नाम से एक कंपनी खोल रखी थी। जिसका दफ्तर गौर सिटी सेंटर में बना रखा था। कंपनी में शरीफ एमडी था, जबकि राकेश झा, रतन सरकार, विजय और दो अज्ञात को उसने अपना पार्टनर बताया था। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे सोसाइटी में हाउसकीपिंग का टेंडर दिलाने का झांसा दिया। इसके लिए आरोपियों ने पीड़ित से 11 लाख और उसके मित्र से 7 लाख रुपए जमा करवा लिए। लेकिन कुछ दिनों बाद भी आरोपियों द्वारा पीड़ित को टेंडर नहीं दिलवाया गया। जब उन्होंने अपना पैसा वापस मंगा तो आरोपी उन्हें कुछ दिन और समय इंतजार करने की बात कह कर टरकाते रहे। इसके बाद आरोपी दफ्तर बंद कर मौके से फरार हो गए। ठगी का शक होने पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया और पूरी घटना बताई। इस मामले में बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित अवनीश शर्मा की शिकायत पर चार नामजद और दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

**पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला**


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1007/एस0टी0-एस0डीएम0/2023, दिनांक 07.11.2023 मृतक श्री तेजपाल पुत्र श्री गंगाराम, नि0 ग्राम धनौरी कला, पर0 दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 25.10.2022 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज कर दिया जायेगा।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 28<br>340 | श्री तेजपाल पुत्र श्री गंगाराम, नि0 ग्राम धनौरी कला, पर0 दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती प्रेमवती<br>श्री जितेन्द्र | पत्नी<br>पुत्र | 78 वर्ष<br>34 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 904/एस0टी0-एस0डीएम0/2022, दिनांक 11.07.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 लिक्खी पुत्र श्री सिमरू नि0 जगनपुर अफजलपुर तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 06.12.2019 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जगनपुर अफजलपुर | 615 | 453<br>460<br>461<br>467<br>468 | स्व0 लिक्खी पुत्र स्व0 सिमरू नि0 जगनपुर अफजलपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती जगवती | पत्नी | 76 वर्ष | |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कमं में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 9 जनवरी 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बिल्किस बानो को राहत, लेकिन कई सवाल बाकी

2002 के गुजरात दंगों में सामूहिक बलात्कार की शिकार बिल्किस बानो को एक लंबे वक्त के बाद फिर से इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार, 8 जनवरी को एक महत्वपूर्ण फैसले में बिल्किस बानो के दोषियों की जल्दी रिहाई के गुजरात सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है। अदालत ने इस फैसले को सुनाते हुए कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी की हैं, जो भविष्य में न्याय की लड़ाई में राह दिखाने का काम करेगी। बिल्किस बानो पर आए फैसले से यह कड़वा तथ्य भी सामने आया है कि किस तरह सत्ता में बैठे लोग अपने सियासी फायदे के लिए कई बार अत्याचारियों पर मेहरबान होते हैं और पीड़ितों की ओर से आंखें फेर लेते हैं। हालांकि इस प्रकरण से कई जरूरी सवाल भी निकले हैं, जिनके जवाब ईमानदारी से सभ्य समाज को तलाशने होंगे, क्योंकि किसी महिला का बलात्कार करना और उसके दोषियों को सजा देने की जगह उनका स्वागत करना, समाज के बीमार होने की निशानी है। यह देश ऐसे बीमार समाज को एक लंबे वक्त से ढो रहा है।

पाठक जानते हैं कि 2002 में गोधरा कांड के बाद गुजरात में जो दंगे भड़के थे, उसमें कई हजार जिंदगियां तबाह हो गई थीं। जो लोग दंगों में मारे जाने से बच गए, उनके जीवन से बाद के वक्त में धड़कनें गायब ही रहीं। अपनी ही जमीन पर धर्म के नाम पर एक पूरे समुदाय को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया और ढोल पीटा गया शाइनिंग गुजरात और शाइनिंग इंडिया का। इन दंगों में बिल्किस बानो के साथ उनके ही गांव के कुछ लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया, उनके सामने उनके परिवार के कई लोगों को मार दिया गया। इस हैवानियत के बाद किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए उठ कर खड़े होना, और अपने लिए इंसाफ की लंबी लड़ाई लड़ना आसान नहीं था। लेकिन बिल्किस बानो ने अपने पति के साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ी और आखिरकार मुंबई में सीबीआई की विशेष अदालत ने जनवरी 2008 में बिल्किस के 11 अपराधियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इन लोगों पर गर्भवती महिला का बलात्कार, हत्या और गैरक़ानूनी तौर पर एक जगह इकट्ठा होने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में बिलकिस बानो को दो हफ्ते में 50 लाख रुपये मुआवज़ा, घर और नौकरी देने का आदेश दिया था। हालांकि तब गुजरात सरकार के वकील ने कहा था कि दस लाख रुपये का मुआवज़ा देना काफ़ी होगा। इससे पहले गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो को पांच लाख रुपये का मुआवज़ा दे चुकी थी।

बलात्कार, अपने सामने अपनी बच्ची की हत्या, अपने परिवारजनों की हत्या, ऐसे दर्द को सहना मामूली बात नहीं है। कोई भी मुआवजा बिल्किस बानो की जिंदगी 2002 के पहले वाले दिनों की तरह सामान्य नहीं कर सकता। जिंदगी में आगे संभलने में थोड़ी मदद मिल जाए, इस नजरिए से ही मुआवजे की व्यवस्था की गई है। लेकिन गुजरात सरकार यहां भी मोलभाव करती नजर आई। हालांकि बिल्किस पर अभी और अन्याय होना बाकी था। 2022 के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत बिल्किस के सभी दोषियों की समय से पहले रिहाई कर दी। लिहाजा बिल्किस को फिर अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इंसाफ की लड़ाई में एक बार फिर बिल्किस का सामना सत्ता के संरक्षण में फलती-फूलती अमानवीयता से हुआ। उसने अपने सामने अपने बलात्कारियों का स्वागत होते देखा, उन्हें संस्कारी कहते हुए सुना। बीमार समाज संस्कारों और अपराधों का फर्क नहीं कर पाया।

लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने बिल्किस बानो के हक में फैसला सुनाते हुए यह आदेश दिया है कि उसके सभी दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करें। यानी उन्हें फिर से जेल जाना होगा। यह लगभग वही समय होगा, जब देश राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार कर दिया गया होगा। राम का महात्म्य इसी में है कि उन्होंने सीता का हरण करने वाले रावण का वध किया। लेकिन क्या मौजूदा सरकार आज के रावणों को फिर से जेल में डालेगी, ये देखना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार के अपने फैसले में एक महत्वपूर्ण बात कही कि गुजरात सरकार ने जिस तरह रिहाई का आदेश दिया, वह दूसरे के अधिकार को हड़पने का मामला है। सजा माफी का अधिकार महाराष्ट्र सरकार के पास था, लेकिन रिहाई का आदेश गुजरात सरकार ने दिया। तो यहां सवाल ये उठता है कि क्या भाजपा अधिकार हड़पने वाली अपनी गुजरात सरकार पर कोई कार्रवाई नैतिकता के आधार पर करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि एक दोषी ने गलत तथ्यों को पेश कर याचिका दाखिल की थी, जो एक तरह का फ्रॉड था। ऐसे में सवाल है कि अगर अदालत के साथ इस तरह की धोखाधड़ी की जा सकती है, तो फिर आम आदमी के अधिकार कितने सुरक्षित हैं। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में गुजरात सरकार का रवैया विवादित था, इसलिए सुनवाई दूसरे राज्य में की गई। यानी शुरु से आखिर तक गुजरात सरकार किसी न किसी तरह सवालों के घेरे में है। तो फिर देश में जिस गुजरात मॉडल को प्रचारित किया गया है, वह कितना विश्वसनीय माना जा सकता है।


सबसे आखिरी सवाल बिल्किस बानो ने अपने दोषियों की रिहाई के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और लड़ाई लड़ती रहीं। मान लें कि वे एक के बाद एक अत्याचार से टूट जातीं तो क्या समाज और बेटियों को बचाने का दावा करने वाली सरकार इस अन्याय को चुपचाप देखते रहती। क्या बिल्किस बानो ने हिंदुस्तान की हर लड़की को यह संदेश दे दिया है कि अपने हक के लिए लड़ते ही रहना होगा, क्योंकि सरकार आपकी हिफाजत नहीं कर सकती।

# प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान या राजनीतिक-चुनावी ईवेंट

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के उद्घाटन को, जिसे तकनीकी रूप में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन कहा जा रहा है, एक खुल्लमखुल्ला राजनीतिक और उसमें भी चुनावी ईवेंट बना दिया गया है। यह सब इतनी अशोभन नंगई से हो रहा है कि चार-चार पीठों के शंकराचार्यों ने खुलकर इसके खिलाफ आवाज उठाना और इस ईवेंट के बहिष्कार की घोषणा करना जरूरी समझा है। बेशक, उनके इस फैसले के कारण अलग-अलग हैं। इनमें, अभी अधबने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के औचित्य से लेकर, इस आयोजन के समय तक पर आपत्तियां शामिल हैं। लेकिन, उनकी आपत्तियों में एक केंद्रीय तत्व, इस आयोजन के संघ-भाजपा द्वारा खुल्लमखुल्ला राजनीतिक-चुनावी इस्तेमाल का है। जाहिर है कि इसके साथ, हिंदू धार्मिक परंपरा में सर्वोच्च पद का दावा करने वाले शंकराचार्यों की इसकी चिंता भी शामिल है कि कथित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के केंद्र में प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी को बैठा दिया गया है, जिसे वे एक धार्मिक आयोजन में अपने सर्वोच्च स्थान के अपहरण की तरह देखते हैं।

बेशक, शंकराचार्यों के इस बहिष्कार से 22 जनवरी के प्रस्तावित ईवेंट की चमक-दमक पर शायद ही कोई फर्क पड़ेगा। इसकी वजह यह है कि अव्वल तो हिंदू धार्मिक परंपरा का जितना ज्यादा फैलाव है, उसमें उतनी ही ज्यादा विविधता है। इसका एक नतीजा यह भी है कि सर्वोच्चता के अपने-अपने दावों के बावजूद, शंकराचार्यों की भी ऐसी खास सर्वस्वीकृत सत्ता नहीं है, जैसी कि मिसाल के तौर पर ईसाई परंपरा में पोप की मानी जाती है। दूसरे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके राजनीतिक बाजुओं ने, हिंदू धर्म की अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल आदि, आदि के जरिए ही नहीं, संतों-महंतों के बीच अपने समर्थक समूह खड़े करने के जरिए भी, और खासतौर पर अयोध्या के मंदिर-मस्जिद विवाद के जोर पकड़ने के लिए साथ-साथ, परंपरागत हिंदू धार्मिक परंपरा को और कमजोर किया है तथा बहुत हद तक अपनी राजनीतिक-धार्मिक परंपरा से प्रतिस्थापित कर दिया है। इसी का नतीजा, यह कथित प्राण प्रतिष्ठा ईवेंट है, जिसके केंद्र में नरेंद्र मोदी और उनके अगल-बगल मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ होंगे। कुल पांच में से तीन, राजनीतिक नेता और वह भी सांप्रदायिक ब्रांड की राजनीति के नेता।

हैरानी की बात नहीं है कि इस राजनीतिक-धार्मिक ईवेंट का दोहन, सिर्फ इसी तक सीमित नहीं रहने दिया गया है कि धर्मनिरपेक्ष राज्य के प्रधानमंत्री पद की मर्यादाओं को पूरी तरह से तार-तार करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी इस कर्मकांड के मुख्य होता ही नहीं बन बैठे हैं बल्कि बड़ी दीदा-दिलेरी से सत्ताधारी पार्टी के प्रचार में उन्हें 'उंगली पकड़कर रामलला को लाते' हुए दिखाया भी जा रहा है। और किसी गफलत की गुंजाइश न छोड़ते हुए, यह साफ-साफ चुनावी नारा भी लगाया जा रहा है कि, 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे!' मकसद एकदम साफ है। नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी की 'राम मंदिर बनाने वालों' की छवि बनानी है, ताकि आने वाले चुनाव में उसे खासतौर पर भुनाया जा सके। इस मकसद के सामने, इस तरह के तथ्यों के लिए कोई जगह ही नहीं है कि अयोध्या में मंदिर, अंततः सुप्रीम कोर्ट फैसले के आधार पर बना है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही निर्देशित कमेटी द्वारा उसे बनाया गया है, न कि किसी सरकार द्वारा जिसमें मोदी सरकार भी शामिल है।



राजेंद्र शर्मा

> जनवरी की शुरूआत से संघ-भाजपा ने बाकायदा राम मंदिर के नाम पर मुहिम का अपना कैलेंडर ही जारी नहीं कर दिया है, इसमें देश भर में सभी हिंदू मंदिरों को लपेटने और ज्यादा से ज्यादा हिंदुओं को समेटने का भी इंतजाम कर दिया है। कोरोना के दौरान मोदी जी द्वारा लोगों को बार-बार दिए गए टास्कों से इशारा लेकर, सभी 'हिंदू मंदिरों', 'हिंदू परिवारों' के लिए, 22 जनवरी के लिए और उससे पहले के लिए टास्क तय कर दिए गए हैं।

लेकिन, इस राजनीतिक-चुनावी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मोदी और संघ-भाजपा की 'राम मंदिर बनाने वाले' की छवि गढ़ना भी काफी नहीं है। इसके लिए, आम तौर पर इस मंदिर के बनने और खासतौर पर इसके उद्घाटन की ईवेंट का अधिकतम प्रचार करना भी उतना ही जरूरी है। और यही प्रचार, शासन पर ही नहीं मीडिया पर भी अपने लगभग मुकम्मल नियंत्रण के सहारे तो संघ-भाजपा द्वारा किया ही जा रहा है, इसके साथ ही धार्मिक भावनाओं को भुनाने में अपनी सारी संगठित ताकत झोंकने के जरिए भी किया जा रहा है। जनवरी की शुरूआत से संघ-भाजपा ने बाकायदा राम मंदिर के नाम पर मुहिम का अपना कैलेंडर ही जारी नहीं कर दिया है, इसमें देश भर में सभी हिंदू मंदिरों को लपेटने और ज्यादा से ज्यादा हिंदुओं को समेटने का भी इंतजाम कर दिया है। कोरोना के दौरान मोदीजी द्वारा लोगों को बार-बार दिए गए टास्कों से इशारा लेकर, सभी 'हिंदू मंदिरों', 'हिंदू परिवारों' के लिए, 22 जनवरी के लिए और उससे पहले के लिए टास्क तय कर दिए गए हैं। और सभी हिंदुओं के लिए 'एक बार अयोध्या की तीर्थ यात्रा' करने का टास्क प्रचारित किया जा रहा है, वह ऊपर से। इस आखिरी टास्क के लिए, न सिर्फ भाजपायी सरकारों को लगा दिया गया है, जो अपने तीर्थयात्रा कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर, लोगों को अयोध्या तीर्थ कराने के लिए ट्रेनों, बसों आदि की बुकिंग करने में होड़ कर रही हैं बल्कि गैर-भाजपायी सरकारें भी इसका भारी दबाव महसूस कर रही हैं। मिसाल के तौर पर आम आदमी की दिल्ली सरकार तो बाकायदा इस होड़ में शामिल नजर आती है।

कुछ ऐसे ही दबाव में, कर्नाटक की कांग्रेसी सरकार ने राज्य के सभी मंदिरों से 22 जनवरी को विशेष पूजा आदि आयोजित करने के लिए कह दिया है। और जैसा कि गैर-भाजपा सरकारों द्वारा इस तरह के दबाव के सामने समर्पण से होना ही था, अब भाजपा केरल में कांग्रेस को एक प्रकार से धमका रही है कि वहां भी, राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर आयोजनों का झंडा उठाए! जाहिर है कि संघ-भाजपा, केरल की वामपंथी सरकार के तो इस तरह के दबाव में आने की बात सोच भी नहीं सकते हैं। इस सिलसिले में इसका जिक्र करना भी जरूरी है कि संघ-भाजपा ने बहुत ही चतुराई से, 22 जनवरी के ईवेंट के लिए निमंत्रण को, अपना एक अतिरिक्त राजनीतिक हथियार बना लिया है। इस मौके पर आमंत्रित कुछ हजार लोगों में, राजनीतिक नेताओं को निमंत्रित करने में खासतौर पर खेल किया गया है। एक ओर सबसे पहले भेजे गए निमंत्रणों में, सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीआई (एम) के महासचिव, सीताराम येचुरी के लिए निमंत्रण शामिल था, जिनके संबंध में कोई भी आसानी से अनुमान लगा सकता था कि वह, ऐसे आयोजन के आमंत्रण को स्वीकार नहीं करेंगे। इस आमंत्रण का मकसद ही, यह प्रचारित करने का मौका गढ़ना था कि अब भी 'राम मंदिर का विरोध' हो रहा है।

वामपंथ के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष, मल्लिकार्जुन खडगे को आमंत्रित किया गया है, जिसका मुख्य मकसद कांग्रेस के लिए दुविधा पैदा करना ही नजर आता है। बेशक, संघ-भाजपा यही चाहेंगे कि वामपंथ की तरह, कांग्रेस भी इस आमंत्रण को अस्वीकार कर दे और उन्हें उसके 'राम मंदिर विरोधी' होने के अपने प्रचार को और तेज करने का मौका मिल जाए। और यही कांग्रेस की दुविधा की मुख्य वजह है, जिसके कारण इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कांग्रेस तय नहीं कर पाई है कि इस निमंत्रण को स्वीकार करे या अस्वीकार कर दे। दूसरी ओर, कांग्रेस यह भी बखूबी जानती है कि उसका इस मौके पर अयोध्या जाना, न सिर्फ उसकी धर्मनिरपेक्ष छवि को धूमिल करेगा बल्कि उसके इस आयोजन में शामिल होने का संघ-भाजपा, उसकी विचारधारात्मक कमजोरी को भुनाने के लिए ही इस्तेमाल करेंगे। बहरहाल, दुविधा में उसकी स्थिति वही होगी—दुविधा में दोऊ गए, माया मिली न राम! दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी, शिव सेना, राष्ट्रवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, आदि उन विपक्षी पार्टियों को सोचे-समझे तरीके से निमंत्रण नहीं दिया गया है, जिन्होंने बिना किसी खास हिचक के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया होता और इसका उपयोग भाजपा के अयोध्या कार्ड के मुकाबले, खुद को कुछ न कुछ मजबूत करने के लिए ही किया होता।

22 जनवरी को जो हो रहा है, उसके सबसे बढ़कर संघ-भाजपा के राजनीतिक-चुनावी ईवेंट होने की यह सच्चाई, इसके गिर्द उठाई जा रही प्रचार की आंधी को पंचर भी कर रही होगी। खुद को हिंदू मानने वालों के बहुमत को अब भी, न तो अपनी आस्था को सांप्रदायिक-नफरत से जोड़ना पसंद आता है और न ही अपनी धार्मिक आस्था का राजनीतिक-चुनावी इस्तेमाल उसे भाता है। शंकराचार्यों ने इस मूक बहुमत की इस भावना को ही एक प्रकार से यह कहकर स्वर दिया है कि 22 जनवरी को जो हो रहा है, मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा का अनुष्ठान नहीं, एक राजनीतिक-चुनावी ईवेंट है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले राम मंदिर

# बने हुए हैं दिल, दिमाग, डर और एहसान के मुद्दे

■ के रवीन्द्रन

माना जाता है कि प्रत्येक अदालत का फैसला 'भय या पक्षपात' और 'स्नेह या द्वेष' के बिना दिया जाता है, लेकिन भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा अयोध्या राम मंदिर भूमि फैसले पर प्रदान की गई अंतर्दृष्टि से पता चलता है कि कैसे कुछ अस्वीकृत प्रवृत्तिया राम मंदिर मामले के अंतिम निर्णय में भी प्रविष्ट हो गईं। राम मंदिर के अभिषेक में अब कुछ ही दिन बाकी हैं, ऐसे में भाजपा को छोड़कर हर राजनीतिक दल को इसी दुविधा से जूझना पड़ रहा है।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने पिछले दिनों बताया कि पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ के सदस्यों में इस बात पर रजामंदी के बाद के फैसले को अदालत की एकीकृत आवाज के रूप में पेश किया जाये, उस ऐतिहासिक फैसले के लेखकत्व को गुमनाम रखने का फैसला क्यों किया गया, बजाय इसके कि इसे किसी न्यायाधीश द्वारा दिया गया फैसला कहा जाये। ध्यान रहे कि वर्तमान न्यायाधीश चंद्रचूड़ भी उन पांच न्यायाधीशों में एक थे जिन्होंने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के नेतृत्व में फैसला सुनाया था।

> पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान व्यक्त किये गये अपने दृष्टिकोण में निरंतरता बनाये रखी, जिसमें 38,147 पृष्ठों में फैले 11,500 अभिलेखों की जांच शामिल थी, कि अयोध्या भूमि विवाद केवल संपत्ति के बारे में नहीं था, यह 'दिमाग, दिल और जख्म को भरने के प्रति उपचारात्मकता' के बारे में भी था। इसने स्पष्ट रूप से मुद्दे के अतिरिक्त आयामों को स्थापित किया।

'इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है, देश के इतिहास पर आधारित विविध दृष्टिकोण हैं और जो लोग पीठ का हिस्सा थे, उन्होंने फैसला किया कि यह अदालत का फैसला होगा। अदालत एक स्वर से बात करेगी और ऐसा करने का विचार यह स्पष्ट संदेश देना था कि हम सभी न केवल अंतिम परिणाम में बल्कि फैसले में बताये गये कारणों में भी एक साथ खड़े हैं, 'सीजेआई ने कहा। लेकिन उन्होंने इस बारे में और कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

जाहिर है, यह डर था कि व्यक्तिगत लेखकत्व अच्छा नहीं होगा, खासकर उन वर्गों के साथ जो एक अलग परिणाम की इच्छा रखते होंगे। ऐसा कोई तरीका नहीं है कि फैसले से विवाद के प्रत्येक पक्ष को समान रूप से प्रसन्नता हुई होगी। पीठ के सामने आस्था, साक्ष्य, इतिहास, धर्म और राजनीति के मामलों से जुड़े असंगत हितों को संतुलित करने का लगभग असंभव कार्य था। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि फैसला भविष्य के लिए एक खाका प्रदान करता है कि अतीत की कथित या वास्तविक गलतियों को ठीक करने के लिए वर्तमान का उपयोग कैसे किया जाये। यह इस संदर्भ में है कि एकल सर्वसम्मत निर्णय मौजूदा स्थिति में और अधिक महत्व और प्रासंगिकता को जोड़ता है।

पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान व्यक्त किये गये अपने दृष्टिकोण में निरंतरता बनाये रखी, जिसमें 38,147 पृष्ठों में फैले 11,500 अभिलेखों की जांच शामिल थी, कि अयोध्या भूमि विवाद केवल संपत्ति के बारे में नहीं था, यह 'दिमाग, दिल और जख्म को भरने के प्रति उपचारात्मकता' के बारे में भी था। इसने स्पष्ट रूप से मुद्दे के अतिरिक्त आयामों को स्थापित किया, जिन पर पहले मामले की सुनवाई करने वाली विभिन्न अदालतों द्वारा पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया था।

इस संबंध में, न्यायमूर्ति गोगोई की पीठ ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के रुख से भी हटते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से एक स्वामित्व विवाद है जिसे केवल अदालत के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर तय किया जाना आवश्यक है। किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिक मामलों पर विचार करने के लिए अदालत ने 1528 से आगे देखा, जिस वर्ष बाबरी मस्जिद का निर्माण किया गया था। तथ्य यह है कि अतीत वर्तमान को परेशान कर रहा है, तथा कांग्रेस सहित राजनीतिक दल, भव्य रूप से निर्मित मंदिर परिसर में राम की मूर्ति के अभिषेक में भाग लेने की मजबूरी और सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा इसे 2024 के संसदीय चुनावों में इसे राजनीतिक पूंजी बनाने के निर्लज्ज प्रयासों से सुरक्षित दूरी बनाये रखने की आवश्यकता के बीच फंसे हुए हैं।

गोगोई की पीठ ने कहा कि मामला सिर्फ 1,500 वर्ग फुट जमीन का नहीं, बल्कि गहरी भावनाओं का है। इस मुद्दे को इसकी गंभीरता और जनता की भावनाओं तथा देश की राजनीति पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति नज़रंदाज़ नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा, 'जो हो चुका है उसे हम पलट नहीं सकते लेकिन वर्तमान क्षण में जो मौजूद है उसमें हम आगे बढ़ सकते हैं।' वह बिल्कुल नया दृष्टिकोण था।

1994 के इस्माइल फारूकी मामले में सुलझाये गये मुद्दे को फिर से खोलने से अदालत के इंकार से मुस्लिम पक्षों का रुख नरम हो गया था कि मस्जिद इस्लाम में पूजा का एक अनिवार्य हिस्सा नहीं है और नमाज खुले में भी पढ़ी जा सकती है। इससे एक ही बार में पहेली की कई गांठें कट गईं। प्रासंगिक पहलू के बारे में अदालत के व्यापक दृष्टिकोण का समान प्रकृति के अन्य मामलों पर भी प्रभाव पड़ता है। इसका तात्पर्य यह है कि मुद्दों को इसके संदर्भ से अलग करके नहीं माना जा सकता है और इसमें ऐसे कारक शामिल होते हैं जिन्हें अब तक अप्रासंगिक माना जाता था। अयोध्या मामले में दृष्टिकोण भविष्य के लिए एक आदर्श बन सकता है।

जाहिर तौर पर, मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद स्थल के मामले में भी यही स्थितियां मौजूद हैं, जिसे हिंदू भगवान कृष्ण की जन्मभूमि के रूप में दावा करते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस सप्ताह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ एक अपील खारिज कर दी, जिसमें मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद स्थल को कृष्ण जन्मभूमि के रूप में मान्यता देने और मस्जिद को हटाने की मांग की गई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पहले ही कृष्ण मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए एक आयोग की नियुक्ति की अनुमति दे दी है।

## पावन प्रसंग

### विनम्रता मनुष्य के जीवन का विशेष सद्गुण

भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि - पाप से घृणा करो पापी से नहीं। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों तक पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है।

मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानत की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूपमंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति -अधजल गगरी छलकत जाए- की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि- मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अच्छी सूक्ति कही है-

बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,<br>पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर।

यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फ़ल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता, सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है। विनम्रता से ही व्यक्ति पात्रता ग्रहण करता है और विनम्रता ही व्यक्ति को सामाजिक व्यवस्था में महान बनाती है ताकि उसका जीवन लोकहित में समर्पित रहे।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### जीवन में अधिक प्रदूषण तो निरर्थक प्रवृतियों का

व्यक्ति दो तरह से प्रवृत्त होता है सार्थक और निरर्थक। यदि व्यक्ति अपनी सारी प्रवृत्तियों का सूक्ष्म निरीक्षण करे तो उसे यह समझ में आ जाएगा कि उसकी प्रवृत्तियों में निरर्थक प्रवृत्तियों का जमघट भी कम नहीं है। अनावश्यक बोलना, अनावश्यक व्यर्थ कार्य करना, व्यर्थ समय खोना, अनावश्यक विषयों में सोचते रहना केवल मनोरंजन के नाम पर अनेक अनावश्यक अश्लील हंसी मजाक करना, हानिकारक और व्यर्थ की प्रथाओं परिपाटियों का पालन करना, व्याधिग्रस्त हो जाने जैसे दुर्व्यसनों का सेवन करना, ताश पत्ती और अंकों के खेल खेलकर धन नष्ट करना आदि अनेक ऐसी प्रवृत्तियां हैं जो न केवल निरर्थक है किन्तु वे अनेक आपदाओं को भी जन्म दे देती है। ऐसी प्रवृत्तियां लोक जीवन में घर किये हुए हैं लाखों-करोड़ों व्यक्ति आंख मूंद कर ऐसे अनावश्यक कार्यों में अपना तन मन और धन नष्ट कर रहे हैं। अनेक संघर्ष और तनाव जो मानव जीवन में व्याप्त है। उनमें से अधिकांश तो ऐसी निरर्थक बातों के कारण ही है। व्यक्ति अपने तनाव और चिन्ता से मुक्त होने के अनेक उपाय करता है किन्तु अन्य कोई उपाय करने के पहले उसे अपने जीवन में से उन निरर्थक कार्यों को अलविदा कहना चाहिये जो उसके जीवन में व्यर्थ ही डेरा डाले हुए है और उसके तन मन को प्रदूषित कर रहे हैं। यदि जीवन में प्रवृतियों का निरर्थक अंश समाप्त हो जाता है और जीवन में सार स्वरूप आवश्यक कार्य विधियां ही शेष रहती हैं तो व्यक्ति के अधिकांश तनाव प्रकरण तो ऐसे ही समाप्त हो जाएंगे। भगवान महावीर प्रभु ने मानव मात्र के लिए एक महत्वपूर्ण व्रत दिया है अनर्थ दण्ड विरमणव्रत इस व्रत का विधान है जीवन में निरर्थक प्रवृतियों का त्याग करना। यदि गहराई से अपने जीवन की समीक्षा करें तो इस व्रत की अप्रतिम विशेषता स्पष्ट लक्षित हो जाएगी क्योंकि जीवन निरर्थक प्रवृतियों से इस हद तक छाया हुआ है कि सार्थक और उपयोगी प्रवृत्तियों के लिए व्यक्ति अपना समय ही नहीं दे सकता। कोई यह कहे कि व्यक्ति जो करता है उचित समझ कर ही करता है फिर वह निरर्थक कैसे? इस प्रश्न के उत्तर के लिये फिर जीवन व्यवहार की गहराइयों में जाना होगा। उचित, आवश्यक समझकर जो किया वह बहुत कुछ निरर्थक ही सिद्ध हुआ इसलिए यह स्वीकार करना होगा कि अपना सोच ही सही नहीं है। अतः वह निरर्थक प्रवृत्तियों को जन्म देता है।

सोच की दिशा यथार्थवादी और तात्विक होनी चाहिये। शुद्ध यथार्थवादी चिन्तन निरर्थक प्रवृत्तियों को निराकृत करके सार्थक उपयोगितावाद को रूपायित करेगा। एक प्रगतिशील जीवन के लिये सार्थक चिन्तन होना ही चाहिये।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in


# देश विदेश

## जर्मनी सऊदी अरब को यूरोफाइटर जेट बेचने को तैयार

**बर्लिन।** जर्मनी ने कहा है कि वह सऊदी अरब को यूरोफाइटर जेट की बिक्री की अनुमति देने के लिए तैयार है। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने इज़राइल यात्रा के दौरान संवाददाताओं से कहा, हम जर्मन संघीय सरकार के रूप में अन्य यूरोफाइटर की बिक्री पर ब्रिटिश विचारों का विरोध नहीं करते। उन्होंने सात अक्टूबर को इजरायली बमबारी विस्फोट के बाद से मध्य पूर्व सुरक्षा संकट में सऊदी भूमिका पर प्रकाश डाला। सुश्री बेयरबॉक ने कहा कि बमबारी शुरू होने के बाद से सऊदी अरब और इजरायल ने सामान्यीकरण की अपनी नीति को नहीं छोड़ा है।

# ब्लिंकन ने गाजा संघर्ष के व्यापक स्तर पर बढ़ने के खतरे की चेतावनी दी

**मध्य पूर्व की यात्रा से पहले चेतावनी जारी की**



**वाशिंगटन,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चेतावनी दी है कि इजरायल-गाजा युद्ध एक पूर्ण क्षेत्रीय संघर्ष में आसानी से रूपांतरित हो सकता है।

द नेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक श्री ब्लिंकन तनाव को शांत करने के प्रयास में मध्य पूर्व की यात्रा से पहले चेतावनी जारी की। उन्होंने रविवार शाम कतर में संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह क्षेत्र में गहरे तनाव का क्षण है। यह एक ऐसा संघर्ष है जो आसानी से रूपांतरित हो सकता है, जिससे और भी अधिक असुरक्षा और और भी अधिक पीड़ा उत्पन्न हो सकती है। हमास के साथ सम्बन्ध बनाये रखने वाले कतर ने संघर्ष में केंद्रीय मध्यस्थता की भूमिका निभाई है, जिससे 100 से अधिक इजरायली बंधकों की रिहाई में मदद मिली है। ब्लिंकन की यह टिप्पणी संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना होने से कुछ समय पहले आई, वहां भी वह गाजा में युद्ध पर बातचीत जारी रखेंगे।

वह सऊदी अरब में नेताओं से भी मुलाकात करेंगे तथा वह इजरायल और कब्जे वाले वेस्ट बैंक का दौरा भी करेंगे।

## गाजा में अल-अक्सा अस्पताल से सैकड़ों मरीज, कर्मचारी लापता

**गाजा।** इजरायली बमबारी से प्रभावित मध्य गाजा के अल-अक्सा अस्पताल से सैकड़ों मरीजों और कर्मचारियों के लापता होने की सूचना है। अल जजीरा द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने बताया कि अधिकांश चिकित्सा कर्मचारियों और करीब 600 रोगियों को अज्ञात स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्सों में हवा, जमीन और समुद्र से इजरायली बमबारी तेज हो गई है, जिससे घायलों की संख्या में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है और अस्पताल के शेष कर्मचारी इससे निपटने की कोशिश कर रहे हैं। अस्पताल के निदेशक ने बताया कि क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण अधिकांश स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और लगभग 600 रोगियों को अज्ञात स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## आईडीएफ ने 7 अक्टूबर के हमलों का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार को ढूंढ निकाला

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) और इजरायल खुफिया शिन बेट ने सोमवार को कहा कि उन्होंने हमास नेता याह्या सिनवार का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया, आईडीएफ ने हमास नेता याह्या सिनवार का पता लगा लिया है, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां उसे बाहर निकालने में असमर्थ हैं। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि आईडीएफ ने सिनवार के खिलाफ सभी कार्रवाई को रोक दिया है, क्योंकि यह बंधकों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। सिनवार को 7 अक्टूबर के हमलों का कथित मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें 1200 इजरायली मारे गए थे, जबकि 200 से अधिक को हमास ने बंधक बना लिया था। साथ ही, इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि वे 7 अक्टूबर के हमले के कथित मास्टरमाइंड को ढूंढेंगे और मार डालेंगे। हमास द्वारा 7 अक्टूबर को अचानक इजरायल पर हमला करने के बाद इजरायल ने 27 अक्टूबर को गाजा के अंदर जमीनी हमला शुरू कर दिया। शत्रुता शुरू होने के बाद से, इजरायल ने कम से कम 22,835 फिलिस्तीनियों को मार डाला है, जिनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं, जबकि 57,000 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं।

## ब्रिटेन में इजरायली दूत को निष्कासित करने की ऑनलाइन याचिका पर एक लाख हस्ताक्षर

**लंदन।** ब्रिटेन में उस ऑनलाइन याचिका के लिए एक लाख से अधिक हस्ताक्षर एकत्र हो गये हैं, जिसमें यहां इजरायल की राजदूत जिपी होटोवेली को गाजा को नष्ट करने का समर्थन करने पर निष्कासित करने की बात कही गयी है। अल जजीरा ने यह जानकारी दी है। एक महीने से भी कम समय पहले दायर की गई ऑनलाइन याचिका में कहा गया है कि राजनीतिक दूतों की भूमिका देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना है, लेकिन जब वह विपरीत कार्य कर रहे हों तो उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, यह याचिका इज़रायल या उसके लोगों के खिलाफ नहीं है बल्कि उन कार्यों के खिलाफ है जो संभावित रूप से हमारे समाज के ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सुश्री होटोवेली ने इस बारे में कई अत्यधिक विवादास्पद टिप्पणियाँ की हैं कि हमास और उसके भूमिगत सुरंगों के बड़े नेटवर्क को नष्ट करने के लिए गाजा पट्टी का कितना हिस्सा ज़मीन पर गिराने की ज़रूरत है। पिछले सप्ताह ब्रिटेन के एक रेडियो कार्यक्रम के मेजबान ने पूछा था कि क्या वह पूरे गाजा, इसकी हर एक इमारत को नष्ट करने का समर्थन करती है। इस पर उन्होंने कहा था क्या आपके पास भूमिगत सुरंगों वाले शहर को नष्ट करने का कोई दूसरा तरीका है , यह वह जगह है जहां आतंकवादी छिपते हैं, जहां उनके पास सारा गोला-बारूद होता है।

## सुडोकू 6431

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | 6 | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 4 | 5 |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 2 | | 4 | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 2 | | 5 | 6 | | | | 8 | |
| 1 | 4 | | 8 | | 3 | | 5 | |
| | | 3 | 2 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 9 जनवरी , 2024 पौष कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष -आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा। रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा। गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे। वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत से मतभेदों को टाल सकेंगे।

वृषभ -आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन -आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके घर-परिवार में आनंद और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कर्क -आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह -आपके मन पर नकारात्मक विचार छाए रहने से हताशा अनुभव करेंगे। मन अस्वस्थ रहेगा। घर में मेल-जोल कम रहेगा। मां का स्वास्थ्य खराब होगा। उनके साथ वैचारिक मतभेद होगा।

कन्या -आज जल्दबाजी किए बिना सोच-समझ कर ही कोई काम करें। आज ढंग से प्रयास करेंगे, तो काम में सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

तुला -आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगें, तो मनमुटाव हो सकता है। मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

वृश्चिक -आपको शारीरिक मानसिक आनंद की अनुभूति होगी। परिजनों और मित्रों के साथ स्वादिष्ट भोजन और यात्रा का आनंद लेंगे। मेल-जोल के अवसर भी बने रहेंगे। प्रियजनों के साथ के सम्बंध भी अधिक घनिष्ठ होंगे।

धनु -आज आपका दिन थोड़ा तकलीफ देने वाला रह सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। परिजनों के साथ मतभेद होगा। इस कारण कारण आपका मन उदास रह सकता है। स्वाभाविक उग्रता को अंकुश में रखें।

मकर -नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा। सगे- सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी। शुभ अवसरों पर उपस्थित हो सकेंगे।

कुंभ -आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे हो सकेंगे। खुशी का अनुभव होगा। नौकरी या बिजनेस के क्षेत्र में समय अच्छा है और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। बुजुर्ग और उच्च अधिकारियों की मदद से आपकी चिंता में कमी होगी।

मीन -नकारात्मकता आप पर हावी न हो जाए, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक दुविधा के कारण आपको भय का अनुभव होगा। आपको स्वास्थ्य सम्बंधी

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## जापान में शक्तिशाली भूकंप के बाद सप्ताह भर में करीब 1,200 झटके दर्ज

**टोक्यो,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। जापान में इशिकावा प्रान्त के नोटो प्रायद्वीप में नववर्ष के पहले दिन आए शक्तिशाली भूकंप के बाद एक सप्ताह में करीब 1,214 झटके दर्ज किए गए हैं। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी थी कि भूकंप के बाद के सप्ताह में तेज़ झटके आने के आसार हैं। भूकंप के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने और संचार बाधित होने की वजह से बचाव दल कुछ क्षेत्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

इन क्षेत्रों में नुकसान का आकलन भी नहीं हो सका है। इसी बीच, 0 से 4 डिग्री सेल्सियस (32 से 39.2 डिग्री फ़ारेनहाइट) के ठंडे तापमान के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है क्योंकि हजार घरों की बिजली और पानी आपूर्ति ठप है। सुजु और वाजिमा में क्रमश: 12 और 9 सेंटीमीटर (4.7 और 3.5 इंच) तक बर्फ गिरी, जिससे भूकंपीय गतिविधि के बीच इमारत ढहने का खतरा बढ़ गया है। हिमपात के कारण सड़कों की मरम्मत के प्रयासों में भी देरी हो रही है, जो भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत सहायता पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि इशिकावा प्रान्त में एक जनवरी को नोटो प्रायद्वीप पर सुजु शहर के पास 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद कई झटके आए।

### पीएमएल-एन के सीनेटर मुशाहिद हुसैन बोले

## नवाज 'हाइब्रिड प्लस' प्रणाली में प्रधानमंत्री पद के लिए उपयुक्त नहीं



**लाहौर,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर मुशाहिद हुसैन सैयद ने पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ को राष्ट्रपति पद के लिए खड़े होने की यह कहते हुए सलाह दी है कि मौजूदा 'हाइब्रिड प्लस' प्रणाली में वह प्रधानमंत्री पद के लिए उपयुक्त नहीं होंगे। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक पीएमएल-एन सीनेटर ने एक निजी समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा, जमीनी हकीकत और मियां साहब के व्यक्तित्व को देखते हुए तथा देश की खातिर मैं उन्हें प्रधानमंत्री पद खड़े नहीं होने की सलाह दूंगा। श्री मुशाहिद ने कहा, अगर वह चौथी बार प्रधानमंत्री बन गए तो क्या होगा? क्या उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज होगा, या उन्हें ओलंपिक पदक मिलेगा? ऐसा नहीं होना चाहिए कि उन्हें दोबारा प्रधानमंत्री पद से बेदखल होना पड़े बल्कि उन्हें राज्य का मुखिया (यानी) सेना का सर्वोच्च कमांडर होना चाहिए। यह उनके, उनकी पार्टी, देश और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सीनेटर ने कहा कि देश ने पिछले छह वर्षों में छह प्रधानमंत्रियों को देखा है, जिनमें से तीन जेल गए। उन्होंने श्री शरीफ को सलाह दी कि वह पार्टी से किसी और को प्रधानमंत्री बनने दें। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि एक राष्ट्रीय सरकार होनी चाहिए क्योंकि मेरा अनुमान है कि आठ फरवरी के चुनावों में कोई भी साधारण बहुमत हासिल नहीं कर पाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या 'सभी सौदों की जननी' प्रभावी है श्री मुशाहिद ने कहा, कुछ चीजें स्पष्ट हैं। आप उन्हें अंदर लाते हैं और फिर उन्हें बाहर कर देते हैं। जरूरत पड़ने पर आप उनसे डील भी कर लेते हैं। सीनेटर ने कहा, वे लड़ते हैं लेकिन माफी के बाद (मेल-मिलाप) भी होते हैं।

## पाकिस्तान में विस्फोट से छह पुलिसकर्मियों की मौत, 22 घायल



**इस्लामाबाद,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में सोमवार सुबह एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी और 22 अन्य घायल हो गए।

शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी पोलियो विरोधी अभियान के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे, तभी बाजौर जिले के मामुंड इलाके में विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पुलिस अधिकारियों को सड़क के किनारे लगाए गए एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण से निशाना बनाया गया था। पाकिस्तान ने सोमवार को पांच या उससे कम उम्र के 4.2 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाने के लिए देश भर में एक सप्ताह तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। अधिकारी ने पुष्टि की कि हताहत हुए सभी पुलिसकर्मी थे। उन्होंने बताया कि कम से कम 10 गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए पड़ोसी पेशावर शहर में स्थानांतरित किया जा रहा है। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले के अस्पतालों में भी आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गयी है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री सैयद अरशद हुसैन शाह ने पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस ने जनता के जीवन और संपत्तियों की रक्षा के लिए बलिदान दिया है।

## यूक्रेन में हवाई हमले का अलर्ट जारी

**कीव,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन में रूसी टीयू-95एमएस बम वर्षकों और मिग-31के. लड़ाकू विमानों से मिसाइल हमलों के बीच सोमवार तड़के हवाई हमले का अलर्ट जारी किया गया। देश की वायु सेना ने मिसाइल हमलों की पुष्टि की है। यूक्रेन्स्का प्रावदा अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, अलर्ट आज तड़के करीब छह बजे जारी किया गया, जो दो घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। यूक्रेनी वायु सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जिन इलाकों में अलर्ट जारी किया गया था, वहां मिसाइल हमले का खतरा था। टीयू-95 एमएस विमान से क्रूज मिसाइल लॉन्च का खतरा है। कुल 11 टीयू-95एमएस बमवर्षक हवा में हैं। हवाई हमले की चेतावनी को नजरअंदाज न करें! सुरक्षित जगह पर शरण लें। यूक्रेन्स्का प्रावदा ने कहा कि दो घंटे से अधिक समय के बाद, सुबह 08.24 बजे हवाई हमलों के अलर्ट से संबंधित सायरन बंद हुआ। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से, रूस पर सबसे घातक हमलों में से एक में पिछले सप्ताह 25 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए।

## वर्ग पहेली 6431

**बायें से दायें:-**

१. देश के पूर्व प्रधानमंत्री का नाम जिनका जन्मदिन चार वर्षों एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेवा का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़ंत

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. धुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी

### वर्ग पहेली-6430

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नि | यो | जि | त | ■ | त | म | क | ना |
| हा | ■ | ज | ■ | ह | ल | फ | ■ | च्छ | ■ |
| ग | ण | ना | ■ | की | ■ | सी | ता | प | ति |
| न | ■ | का | ■ | का | बि | ल | ■ | ■ | मि |
| ■ | प | र | हि | त | ■ | ■ | उ | दा | र |
| ■ | रो | ■ | लो | ■ | नि | मि | त्त | ■ | म |
| प | क्ष | ध | र | ■ | र्ण | ■ | म | ल | य |
| ठ | ■ | नं | ■ | का | य | दा | ■ | ड़ | ■ |
| नी | र | ज | ■ | ति | ■ | म | धु | क | र |
| य | ■ | य | था | ल | ब्ध | ■ | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1431 – फ्रांस में 'जोन ऑफ आर्क' के विरुद्ध मुकदमे की शुरुआत हुई।
1718 – फ्रांस ने स्पेन के ख़िलाफ़ लड़ाई की घोषणा की।
1768 – फिलिप एस्टले ने पहले 'मॉर्डन सर्कस' का प्रदर्शन किया।
1792 – तुर्की और रूस ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1816 – सर हम्फ्री डैवी ने खदानकर्मियों के लिए पहले 'डैवी लैम्प' का परीक्षण किया।1914 – राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दक्षिण अफ़्रीका से भारत लौटे।
1915 – महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद बम्बई (अब मुंबई) पहुंचे।
1918 – भालू घाटी के युद्ध- रेड इंडियनों और अमेरिकी सैनिकों के बीच अंतिम युद्ध 'बैटल ऑफ बियर वैली' का आगाज़ हुआ।
1923 – जुआन डि ला सिएर्वा ने पहली 'ऑटोगायरो फ्लाइट' का निर्माण किया।
1941 – यूरोपीय देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में छह हजार यहूदियों की हत्या।1970 – सिंगापुर में संविधान अपनाया गया।
1982 – पहला भारतीय वैज्ञानिक दल अंटार्कटिका पहुंचा।
1991 – अमेरिकी और इराकी प्रतिनिधियों की ओमान पर इराकी कब्जे के सम्बंध में जेनेवा शांति बैठक में मुलाकात।
2001 – बंगलादेश में हिन्दुओं की सम्पत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर।
2005 – पी.एल.ओ. के अध्यक्ष महमूद अब्बास फ़िलिस्तीन के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी।
2007 – जापान में पहला राज्य मंत्रालय गठित हुआ।
2008 – श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के इलाके पर कब्ज़ा किया।
2009 – तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बेबी जान फाउंडेशन पुरस्कार के लिए चुना गया।

**नियम** | नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने किए महत्वपूर्ण बदलाव

## पायलटों की ड्यूटी थकान रहित बनाने के लिए नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानों के पायलटों की उड़ान ड्यूटी के नियमों में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किये हैं जिसके बाद पायलटों की थकान संबंधी सुरक्षा जोखिमों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज यहां बताया कि डीजीसीए ने अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप, उड़ान चालक दल के लिए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) से संबंधित नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं जिससे पिछले एक दशक से भी अधिक समय से थकान संबंधी विमानन सुरक्षा जोखिमों का समुचित प्रबंधन किया जा सकेगा।

नियमों में परिवर्तन नागरिक उड्डयन क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सुधारों सुनिश्चित करेंगे और ये सुधार पायलटों की थकान को दूर करने, समग्र उड़ान सुरक्षा को बढ़ाने और भारत में विमानन क्षेत्र की अनुमानित वृद्धि के साथ इसे संतुलित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। संशोधित एफडीटीएल नियम तत्काल प्रभावी हो गये हैं और एयरलाइन ऑपरेटरों को एक जून तक संशोधित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की हिदायत दी गयी है। इससे एयरलाइन ऑपरेटरों को लॉजिस्टिक्स, सिस्टम परिवर्तन और परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए परिवर्तनों को अपनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।




■ साप्ताहिक आराम अवधि का विस्तार करके 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे करने का आदेश दिया

नियमों में जो परिवर्तन किये गये हैं उनमें उड़ान चालक दल के लिए साप्ताहिक आराम अवधि का विस्तार करके 36 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे करने का आदेश दिया गया है। इस प्रकार पायलटों को लगातार ड्यूटी से होने वाली थकान से उबरने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। रात्रि ड्यूटी के लिए रात की परिभाषा में संशोधन किया गया है, जो अब पिछले नियमों के तहत मध्य रात्रि 12 बजे से सुबह पांच बजे की बजाय संशोधित नियमों में मध्यरात्रि 12 बजे से सुबह छह बजे तक अवधि को रात माना गया है। सुबह के समय एक घंटे की यह वृद्धि पर्याप्त आराम सुनिश्चित करेगी और रात्रि ड्यूटी अवधि में रात्रि 0200-0600 बजे के बीच विंडो ऑफ सर्कैन्डियन लो (डब्ल्यूओसीएल) शामिल किया गया है यानी वह समय जिसके दौरान सर्कैन्डियन बॉडी क्लॉक चक्र अपने सबसे निचले स्तर पर होता है। अधिकतम उड़ान समय, अधिकतम उड़ान ड्यूटी अवधि और रात के दौरान लैंडिंग की संख्या में संशोधित नियम लाये गये हैं। उनमें अलग अलग समय क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के संचालन को ध्यान में रखा गया है।

## दुनिया को जानें

## ऑस्ट्रेलिया ने नाजी सलामी के सार्वजनिक प्रदर्शन पर लगाया प्रतिबंध

**कैनबरा,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नाजी सलामी और आतंकवादी समूहों से जुड़े प्रतीकों के प्रदर्शन या बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून लागू कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया सरकार ने गाजा पर इजरायली बमबारी के बाद बढ़ते यहूदी विरोधी घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में यक कदम उठाया है। कानून के मुताबिक सार्वजनिक रूप से नाजी सलामी देने या नाजी स्वस्तिक या शुट्जस्टाफेल (एसएस) अर्धसैनिक समूह से जुड़े डबल-सिग रूण को प्रदर्शित करने के लिए 12 महीने तक की जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। इन प्रतीकों की बिक्री और व्यापार भी इसी तरह निषिद्ध है। अटॉर्नी जनरल मार्क ड्रेफस ने एक बयान में कहा कि कानून ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नरसंहार या आतंकवादी कृत्यों का महिमामंडन करने वालों के लिए ऑस्ट्रेलिया में कोई जगह नहीं है। श्री ड्रेफस ने कहा, यह अपनी तरह का पहला कानून है और यह सुनिश्चित करेगा कि ऑस्ट्रेलिया में किसी को भी नाज़ियों और उनकी दुष्ट विचारधारा का जश्न मनाने वाले कृत्यों तथा प्रतीकों का महिमामंडन करने या उनसे लाभ कमाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# प्रादेशिकी

### न्याय की आस में बैठी अंकिता भंडारी की दादी का निधन

**देहरादून।** उत्तराखंड के बहुचर्चित हत्याकांड अंकिता भंडारी की दादी का आज सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थी। जिनकी श्रीनगर स्थित पैतृक घाट पर अंत्येष्टि की जाएगी। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह अंकिता की दादी ने घर पर अंतिम सांस ली। अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी ने अपनी मां शक्ति देवी के निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह 84 साल की थी तथा कुछ समय से बीमार चल रही थी। साथ ही उन्होंने बताया कि, श्रीनगर आईटीआई पैतृक घाट पर दोपहर में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। बता दें, अंकिता के इस तरह से दुनिया छोड़कर चले जाने के बाद से उनकी दादी शक्ति देवी भी बुरी तरह टूट गई थी। वह हमेशा अंकिता को न्याय मिलने के आस में बैठी थी।

## उत्तराखंड में बदलेगा मौसम, पर्वतीय जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना

**देहरादून,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। मौसम विभाग ने कल यानी 9 जनवरी को पर्वतीय जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी होने के आसार जताये हैं। कल पश्चिमी विक्षोभ के हल्के प्रभाव की वजह से प्रदेश का मौसम बदलने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज मौसम इसी तरह साफ रहेगा, लेकिन मैदानी जिलों हरिद्वार और उधम सिंह नगर में कोहरा छाया रहेगा। ऐसे में इन दिनों में ठंड की वजह से तापमान में कमी देखने को मिली है, लेकिन अन्य जिलों में मौसम साफ रहने की वजह से तापमान सामने से एक से दो डिग्री ऊपर है।



9 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तराखंड में इसका हल्का प्रभाव देखने को मिलेगा। ऐसे में उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्र में कल बारिश और बर्फबारी की हल्की एक्टिविटी का अनुमान है। अन्य जिलों में बारिश की संभावना कम है। अन्य जिलों के एक दो स्थानों पर हल्की-फुल्की बारिश और थंडरस्टॉर्म के आसार बने हुए हैं।

मौसम केंद्र देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक 10 जनवरी से प्रदेश का मौसम साफ बना रहेगा। 10 जनवरी के बाद से उत्तर पश्चिमी हवाएं तेज हो जाएंगी। जिससे कोहरे से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक 9 जनवरी को पर्वतीय इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने से ठंड बढ़ने के आसार जताए गए हैं। 10 जनवरी से उत्तर पश्चिमी हवाएं तेज होने की वजह से कोहरे से राहत मिलने की संभावना है।

### हल्द्वानी में ओढ़ी कोहरे की चादर

हल्द्वानी के आसपास क्षेत्रों में और पहाड़ों में भले ही दिन में चटख धूप खिल रही हो, लेकिन मैदानी इलाकों में शीतलहर और कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मैदानी इलाकों में कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। हल्द्वानी में भी कोहरे की चादर से जनजीवन पर खासा असर पड़ा है। तराई-भाबर में सुबह और रात के समय घना कोहरा वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर सड़कों पर जमा पाला फिसलन पैदा कर रहा है। डीएम नैनीताल वंदना सिंह ने कहा कि ठंड के चलते रैन बसेरों में सभी इंतजाम पूरी किये गए हैं। डीएम ने कहा है कि मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए बर्फबारी के दौरान संवेदनशील वाली जगह में अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी उपकरणों की तैनाती भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### बारिश न होने के कारण सर्दी के मौसम में धधके जंगल

**रूद्रप्रयाग।** जिले के कई क्षेत्रों के जंगल भीषण ठंड में भी जल रहे हैं। जंगलों में लगी आग का धुआं अब चारों ओर फैल रहा है। इस कारण धूप की तेजी में भी कमी आ रही है। मुख्यालय के नजदीकी गांवों के जंगलों में आग लगी हुई है। इससे वन सम्पदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वन्य जीव जंतुओं पर भी खतरा मंडरा रहा है। उन्हें भी बारिश ना होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

## स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा का उपयोग होगा सुनिश्चित : सुक्खू

**शिमला,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। यह बात उन्होंने आज यहां स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। इसके लिए आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस मंत्रालय का सृजन करने पर भी विचार किया जा रहा है। देशभर में इस तरह की महत्वकांक्षी पहल पहली बार होगी।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हमीरपुर में राष्ट्रीय कैंसर केन्द्र स्थापित करने जा रही है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जा रही हैं। इस केन्द्र में मुख्य तौर पर अस्पताल, पालीऐटिव केयर, सेंटर फॉर प्रिवेन्टिव ऑन्कोलोजी और सेंटर फॉर मोलीक्यूलर ऑन्कोलोजी विभाग होंगे।

उन्होंने कहा कि इस केन्द्र में हाई-एंड प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा और विश्व स्तरीय डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जाएगी। इस केन्द्र में मोलीक्यूलर ऑन्कोलोजी सहित अनेक नवीन प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर मरीजों को श्रेष्ठतम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य में कार्यशील कैंसर केयर यूनिट को भी सुदृढ़ किया जाएगा।



■ प्रदेश में कृत्रिम मेधा मंत्रालय के गठन पर विचार

बैठक में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पेढ़ारकर, डॉ. जी.के. रथ, डॉ. सी.एम. त्रिपाठी, मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी गोपाल शर्मा, स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, मिशन निदेशक एनएचएम प्रियंका वर्मा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं गोपाल बेरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सार संक्षेप

#### प्रशिक्षण के बाद 167 रिक्रूट आरक्षी बनी उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा

**हरिद्वार।** पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार स्थित परेड़ ग्राउंड में सोमवार को 167 महिला आरक्षियों की पासआउट सेरेमनी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि आईजी फायर सर्विस नीरू गर्ग रही। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह के हाथों पुष्प गुच्छ प्राप्त करने के पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईजी फायर सर्विस नीरू गर्ग द्वारा परेड़ का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात महिला रिक्रूट्स की टोली ने शानदार ड्रिल का प्रदर्शन कर मंच में खड़े मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने रिक्रूट्स कांस्टेबल को शपथ दिलाने के पश्चात उन्हे बधाई देते हुए देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस लाइन हरिद्वार को 200 महिला रिक्रूट्स के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई थी जिनमें से अन्य परीक्षा (पटवारी, वीडीओ इत्यादि) उत्तीर्ण करने एवं अन्य कारणों से 33 चयनित अभ्यर्थी उक्त प्रशिक्षण का हिस्सा नही बनी। शेष 167 महिला आरक्षियों द्वारा 6 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकुशल समस्त टेस्ट पास किए गये। 15 जून 2023 से शुरु हुए इस प्रशिक्षण के दौरान आरआई प्रशिक्षण अनिता गैरोला के नेतृत्व में 34 आईटीआई व पीटीआई तथा अन्य स्टाफ द्वारा महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया गया।

#### हत्या के प्रयास में फरार चल रहा आरोपी तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्ता

**हरिद्वार।** हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बीती 6 जनवरी को ग्राम झबरेडी कलां निवासी एक व्यक्ति ने थाना झबरेडा में तहरीर देकर बताया था कि 4 जनवरी को विकेश उर्फ मिलट्री पुत्र कुलवीर निवासी ग्राम झबरेडी कलां द्वारा उनके पुत्र नितिन उर्फ मोनू को गाली गलौच कर जान से मारने के इरादे से उस पर तमन्चे से गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था व बीच बचाव कर रहे शेर सिंह पुत्र कर्ण सिंह भी गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उनके पुत्र नितिन व शेर सिंह को उपचार हेतु एम्स चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी विकेश की तलाश शुरू कर दी गयी। लेकिन आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा। जिसको पुलिस द्वारा कड़ी मशक्क्त के बाद देर रात झबरेडा मंगलौर रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस भी बरामद कर लिया है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### सुडोकू 6431 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

## रिटायर्ड फौजी ने सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर युवाओं से ठगे 65 लाख



■ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पिथौरागढ़,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर लोगों से लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति को पिथौरागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पीड़ित ने पिछले साल 31 अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी थी, जिसके बाद ही ये मामला सामने आया।

पुलिस ने बताया कि हिमांशु कुमार निवासी गांव ग्वेता थाना कनालीछीना जिला पिथौरागढ़ ने पुलिस कार्यालय पिथौरागढ़ में तहरीर दी थी। तहरीर में पीड़ित हिमांशु कुमार ने बताया कि धारचूला क्षेत्र का रहने वाला देवेंद्र कुमार, जो 8 वीं कुमाऊं रेजीमेन्ट में तैनात था और वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुका है, उससे उसका संपर्क हुआ था। आरोप है कि देवेंद्र कुमार ने हिमांशु कुमार को भारतीय सेना में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था, जिसके लिए उसने साढे पांच लाख रुपए भी लिए थे। इतना ही नहीं आरोपी ने हिमांशु कुमार को सेना का फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र भी दे दिया था। हालांकि जब हिमांशु कुमार को अपने साथ ही हुई ठगी का पता चला तो उसने पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह को तहरीर दी। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह के आदेश पर देवेन्द्र कुमार के खिलाफ कनालीछीना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इस पूरे केस की जांच अपर उनि जगत सिंह रौंकली ने की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी देवेन्द्र कुमार ने जिले के अन्य लोगों को भी इसी तरह ठगा है और उनसे लाखों रुपए की ठगी की है। इसके बाद आरोपी के खिलाफ पिथौरागढ़ जिले के जाजरदेवल और बलुवाकोट में भी मुकदमा दर्ज किया गया।

## उत्तरकाशी की मातृशक्ति स्वरोजगार के क्षेत्र में कर रही बेहतरीन काम: धामी

- सीएम ने दी उत्तरकाशी को 240 करोड की योजनाओं की सौगात
- दीदी-भुली महोत्सव में पहुंचे धामी
- विकसित भारत विकसित ग्राम प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**उत्तरकाशी,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार उत्तरकाशी दौरे पर रहे। जहां उन्होंने रोड शो कर 'दीदी भुली महोत्सव' में हिस्सा लिया। साथ ही उत्तरकाशी जिले के लिए 57.38 करोड़ रुपए की 24 योजनाओं का शिलान्यास और 45.37 करोड़ रुपए की 38 योजनाओं का उद्घाटन किया। सीएम धामी ने कहा कि यह योजनाएं उत्तरकाशी जिले के विकास में एक मील का पत्थर साबित होंगी।

सीएम धामी ने रामलीला मैदान में बद्री गाय की पूजा अर्चना कर विकसित भारत विकसित ग्राम प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान और सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। सीएम धामी ने 240 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इसके अलावा सीएम धामी ने यूजेवीएन लिमिटेड के तिलोथ विद्युत गृह के नवीनीकरण, उच्चीकरण और पुनरुद्धार (आरएमयू) कार्यों का लोकार्पण भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी की पुण्य भूमि को जहां भगवान विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त है तो वहीं इस महान भूमि में गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे पवित्र धाम मौजूद हैं। जिससे उत्तरकाशी जिले का आध्यात्मिक महत्व है। उत्तरकाशी की मातृशक्ति स्वरोजगार के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं। थत्यूड़ जैसा ग्रोथ सेंटर महिला सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण हैं। इस सेंटर से जुड़कर क्षेत्र की कई महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन चुकी हैं।

### एक जिला एक उत्पाद में उत्तरकाशी जिले को मिला दूसरा स्थान

सीएम धामी ने कहा कि पशुपालन के क्षेत्र में तो उत्तरकाशी जिला अग्रणी जिलों में से एक है। जहां दुग्ध उत्पादन में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। श्एक जिला एक उत्पादश् अवार्ड में देशभर के जिलों के बीच कृषि श्रेणी में उत्तरकाशी को दूसरा स्थान मिला है। यहां की मातृ शक्ति श्आत्मनिर्भर भारतश् के मंत्र को धरातल पर उतारने का काम भी कर रही हैं। हम उत्तराखंड राज्य के निर्माण में मातृ शक्ति के संघर्ष को कभी नहीं भूल सकते।

## विक्रम की तलवार, कांग्रेस के कौन कौन से गुटो को करेगी घायल : वर्मा

**शिमला,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने कहा विक्रम की तलवार, कांग्रेस के कौन कौन से गुटो को घायल करेगी।

कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी हावी है और कांग्रेस पार्टी स्वयं ही अनेकों खेमों में बंट गई है। देखना यह है कि कौन सा खेमा किस खेमे को ध्वस्त करेगा।

लंबे समय से कांग्रेस पार्टी और सरकार में तालमेल की बड़ी कमी देखने को मिली है जिसको लेकर कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के अनेकों बयान पूर्व में जनता के समक्ष आए है। जब ताजमहल की कमी हो तो अच्छा तो बनती ही है यह स्वाभाविक है।

कभी-कभी ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्री विक्रमादित्य की तलवार कांग्रेस के किसी भी खेमे पर कभी भी गिर सकती है।

बौखलाए कांग्रेस के मंत्री, की लहूलुहान जैसी अशोभनीय बात। उन्होंने कहा कि बयान से तो ऐसा लग रहा था कि बौखलाहट में दिया गया है, अगर बौखलाहट में भी इस प्रकार के बयान दिए जा रहे हैं तो वह अशुभनीय है इस प्रकार की बातें इस शांतिप्रिय प्रदेश में नहीं चलती है। एक बात तो स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी के नेता भाजपा की शक्ति को देखकर घबरा तो गए हैं, तीन राज्यों में बड़ी जीत और उसके बाद अनेकों अभिनंदन सभाएं।



नड्डा दौरे से कांग्रेस में खलबली, कांग्रेस को किया एक्सपोज। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दौरा सफल रहा है और जिस प्रकार से उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया है कि केंद्र ने 1782 करोड रुपए हिमाचल को भेजे हैं और वह भी आपदा के लिए इसके बाद कांग्रेस पार्टी को समझ नहीं आ रहा है कि केंद्र सरकार के खिलाफ वातावरण कैसे खड़ा किया जाए।

कांग्रेस को पता है असलियत, लोक सभा में जीतेगी भाजपा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की एक-एक नेता को पता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी हिमाचल में चारों सीटों पर विजय प्राप्त करेगी और केवल मात्र कांग्रेस पार्टी अपनी छवि को सुधारने का असफल प्रयास कर रही है। जिस प्रकार वह राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के लिए सवाल खड़ा कर रहे हैं वह भी गलत है सबको पता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कितनी बार हिमाचल आए शायद कांग्रेस पार्टी को अपने देखने का नजरिया बदलना होगा।

## कालका-शिमला फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा करने में हो रही देरी पर प्रदेश हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**शिमला,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। कालका-शिमला फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा करने में हो रही देरी पर प्रदेश हाईकोर्ट ने कड़ा संज्ञान लिया है। कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को परवाणु से ढली तक

निर्माण कार्य पूरा करने की टाइम लाइन शपथपत्र के माध्यम से बताने के आदेश दिए। कोर्ट ने इस दौरान हटाए गए अवैध कब्जों और अतिक्रमणों की जानकारी भी मांगी है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्माण संबंधी ताजा स्टेट्स रिपोर्ट भी पेश करने के आदेश दिए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि परवाणु से कैथलीघाट के बीच सूची में दर्शाए गए अतिक्रमण को कब्जों को हटा दिया गया है और अस्थाई अतिक्रमणों को समय समय पर हटा दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने एनएचएआई को एनएच 5 के विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाने और अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने उपायुक्त और एसपी सोलन को आदेश दिए थे कि वह प्राधिकरण को उचित पुलिस सहायता मुहैया करवाए। पिछले आदेशों के तहत हाईकोर्ट ने उपायुक्त सोलन की कार्यशैली पर भी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा था कि वह इस बात से अनभिज्ञ है कि उपायुक्त होने के साथ- साथ वह जिलाधीश भी है। अपने जिला में वह राजस्व विभाग के सर्वोच्च पद पर आसीन है। कोर्ट ने अवैध कब्जों को हटाने के आदेश भी दिए थे। लेकिन उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निशानदेही के लिए आवेदन करने के निर्देश दे दिए थे। कोर्ट ने उपायुक्त को आदेश दिए थे कि वह निशानदेही के लिए उपयुक्त स्टाफ मुहैया करवाने के आदेश दे। कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में उपायुक्त सोलन ने फोरलेन की निशानदेही भी की थी। मामले पर सुनवाई 14 मार्च को निर्धारित की गई है।



## कांग्रेसी नेताओं के भगवान राम से दूरी बनाने पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

**शिमला,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कोर्ट के आदेश से राम जन्मभूमि का ताला खुलने के बाद किसी बड़े कांग्रेसी नेता ने राम लला के दर्शन करने की ज़हमत क्यों नहीं उठाई। पूजा पाठ और दर्शन की अनुमति होने के बाद से कांग्रेस नेताओं की राम लला से दूरी बनाने की क्या वजह है। कांग्रेस को इन बातों का जवाब देना चाहिए। आज भगवान राम सबके हैं कहने वाले 37 साल से कहां थे। देश के लोग यह जानना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा देश के सामने हैं। आज विपक्षनीत 'इंडी गठबंधन का कोई न कोई नेता हताशा में भगवान राम अपमानजनक टिप्पणी कर रहा है लेकिन कांग्रेस समेत सभी नेता ख़ामोश बैठे हैं। इसी से पता चलता है कि सनातन की परंपरा के ध्वजवाहक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्रति कांग्रेस समेत विपक्ष की क्या भावना है।



- कांग्रेस बताए नेहरू परिवार ने क्यों बनाई राम लला से दूरी : जयराम ठाकुर
- भगवान राम पर अपमान जनक टिप्पणी पर ख़ामोश हैं इंडी गठबंधन

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा जानता हैं कि राम मंदिर की राह में कांग्रेस ने किस-किस तरह से रोड़े अटकाने का प्रयास किया। पूरे गांधी नेहरू परिवार की विरासत ही उत्तर प्रदेश की रही है। नेहरू-गांधी परिवार ने उत्तर प्रदेश से ही अपना प्रतिनिधित्व किया है। लेकिन कोर्ट से पूजा पाठ की अनुमति मिलने के बाद न जाने किस डर से किसी ने राम जन्मभूमि जाकर राम लला के दर्शन नहीं किए। चाहे वह राहुल गांधी हों, या प्रियंका गांधी या खुद सोनिया गांधी। कोई भी भगवान राम की चौखट तक नहीं गया। अमेठी का पिछला चुनाव हारने के पहले राहुल और सोनिया गांधी अयोध्या के आस-पास की लोक सभा क्षेत्रों से ही संसद का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सभी नेता कई बार अयोध्या के आस-पास से गुजरे होंगे। प्रियंका गांधी ने तो अयोध्या रोड शो किया, हनुमान गढ़ी तक आई। वहां से चंद कदमों की दूरी पर राम लला का स्थान था लेकिन दो मिनट का समय भी उनसे नहीं निकाला गया। 37 साल से भगवान राम से इस तरह की दूरी बनाने के बाद अगर आज कांग्रेस के नेताओं को राम मंदिर पर बातें करने से पहले सोचना चाहिए।

## फर्जी दस्तावेज लगाकर लाखों की धोखाधड़ी

रूद्रपुर, 8 जनवरी (देशबन्धु)। लाखों रूपये उधार लेने के बाद पिता पुत्र ने अपनी भूमि के फर्जी खतोनी दस्तावेज सौंपकर रूपये हड़प लिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एलायंस कालोनी निवासी रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व- सुरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव ने शंकर सिंह पुत्र कल्लू सिंह व अजय सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी ललपुरी, पोस्ट मजरा आनन्द सिंह गदरपुर के विरूद्ध कहा है कि उसके उत्तराखंड जल संस्थान के कार्यालय रुद्रपुर में शंकर सिंह द्वारा अपनी एक बुलेरो गाड़ी संविदा के आधार पर किराये पर चलाया जा रहा था। उसका पुत्र अजय सिंह वाहन को चलाता था। शंकर सिंह एवं उसके पुत्र अजय सिंह दोनो ने आपस में एकराय होकर उससे 6,72,000 रूपये बतौर कर्ज 15 सितम्बर 2020 तक ले लिए थे। उसे एक रसीद भी 21अक्टूबर 2020 को स्टाम्प पर तहरीर कर दी। इसी के साथ अपना आधार कार्ड तथा बुलेरो गाड़ी एवं ट्रैक्टर की आरसी की छायाप्रति भी उसे सौंपी थी। बताया कि रूपये वापस मांगने पर शंकर सिंह एवं अजय सिंह दोनो टालमटोल करते रहे। दोनों को धनराशि की वसूली का एक नोटिस भेजा तो शंकर सिंह एवं अजय सिंह उसके घर आये और अनुरोध किया कि उनके विरूद्ध कोई मुकदमा न करें और उन्होंने अपनी कृषि भूमि की खतौनी की एक छायाप्रति देते हुए कहा कि भूमि को वह 5 वर्ष के लिए गिरवी रख लें और अपनी धनराशि चुकता कर लेवें। शंकर सिंह ने उसे 22,000 रूपये नगद देकर कहा कि अब 6,50,000 रूपये बकाया रह गये है जो जमीन गिरवी रखकर पूरे हो सकते है। बताया कि उसने बाजपुर तहसील में राजस्वकर्मी से बात की तो पता चला कि शंकर सिंह के नाम इतनी जमीन नही है और उक्त खतौनी फर्जी है। आरोप है कि शंकर सिंह एवं उसके पुत्र अजय सिंह ने आपस में सांठगांठ कर उसके साथ धोखाधड़ी कर धनराशि हड़प ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पिता पुत्र के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रादेशिकी

## बलिया में किशोरी के साथ बलात्कार के आरोप में दो गिरफ्तार

**बलिया,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के मनियर क्षेत्र में एक किशोरी के साथ बलात्कार और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की निवासी 13 वर्षीय किशोरी को पिछली तीन जनवरी की शाम गांव के ही युवक सोनू ठाकुर ने अपने डेरे पर बुलाया जहां सहतवार थाना क्षेत्र के बिनहा गांव निवासी इरशाद अंसारी ने किशोरी के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया व सोनू ने उसका वीडियो बना लिया। गांव के ही ध्रूप नारायण सिंह ने ब्लैकमेल करने के इरादे से वीडियो किशोरी के परिजनों को भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक प्रभात कुमार ने सोमवार को जानकारी दी।

# सिर्फ नारों से देश को नहीं बनाया जा सकता विकसित : अखिलेश

**लखनऊ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर भ्रष्टाचार, गरीबी और बेरोजगारी को बढ़ाने का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विकसित भारत का झूठा सपना दिखाने वाली भाजपा को समझना

■ **भाजपा पर लगाया भ्रष्टाचार, गरीबी व बेरोजगारी को बढ़ाने का आरोप**

चाहिए कि सिर्फ नारों से देश को विकसित नहीं बनाया जा सकता है। यादव ने सोमवार को पार्टी दफ्तर में जिला एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते जनता लोकसभा चुनावों में उसे हराने को तैयार है।

भाजपा लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करती है। वह इस तरह की रणनीति अपनाती है जिससे मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटके। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की उपेक्षा, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, अन्याय और भ्रष्टाचार सबसे बड़े मुद्दे होंगे। यादव ने कहा कि किसानों की आय दुगुनी नहीं हुई। नौजवान बेरोजगार है। भाजपा की 10 साल की सरकार में देश में एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या



**भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते जनता लोकसभा चुनावों में उसे हराने को तैयार है : अखिलेश यादव**

कर ली है। भाजपा ने किसानों के साथ धोखा किया है। पहले खाद की बोरी से पांच किलो खाद कम किया गया अब एक बार फिर पांच किलो खाद कम कर दिया गया जबकि कीमत उतनी ही है। जो खाद की बोरी 50 किलो की थी अब वह 40 किलो की रह गई है। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 10 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कोई कर्ज माफ नहीं हुआ। भाजपा सरकार में किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की तरह नौजवानों से भी भाजपा सरकार ने धोखा किया है। भाजपा सरकार नौजवानों को सम्मान जनक नौकरी नहीं देना चाहती है। भाजपा

### विकसित भारत का झूठा सपना दिखा रही भाजपा : यादव

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानों के बजट से प्रचार करके जनता को विकसित भारत का झूठा सपना दिखा रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ नारों से देश विकसित नहीं होगा। महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। जीएसटी ने महंगाई और बढ़ा दी है। महंगाई बढ़ाकर सरकार मुनाफा कमा रही है। ज्यादा मुनाफा कमाना और लाभ लेना भी भ्रष्टाचार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी संगठन को सेक्टर और बूथस्तर तक मजबूत कर रही है। सभी जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं को बूथस्तर पर चिह्नित करके जिम्मेदारी देंगे। कई जिलों में वोटर लिस्ट पर अच्छा काम हुआ है। बूथ स्तर पर नेता और कार्यकर्ता अधिकारियों के मिलकर कहां वोट कटा और कहां वोट बढ़ा उसकी जानकारी करेंगे और उस पर नज़र भी रखेंगे। क्योंकि चुनाव में भाजपा हर तरह का हथकंडा अपना सकती है। वह चुनाव आयोग को दबाव में भी ले सकती है।

सरकार ने उत्तर प्रदेश में 40 लाख करोड़ के एमओयू होने का झूठा प्रचार किया। आज तक कोई भी जमीन पर नहीं पहुंचा। प्रदेश में कहीं भी कोई फैक्ट्री नहीं लगी।

# घर-घर वितरित किए अक्षत व निमंत्रण पत्र

**मवाना,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। फलावदा नगर में सोमवार को राम भक्तों ने नगर के सभी मोहल्ले में घर-घर पहुंचकर लोगों को अयोध्या से आए श्रीराम अक्षत निमंत्रण पत्र अक्षत और श्रीराम मंदिर के फोटो घर-घर वितरित किए और 22 जनवरी को दीपावली की तरह त्योहार मनाने की अपील की।

महिला व पुरुषों ने रामभक्त की टोली में शामिल सभी पर फूलों की वर्षा कर तिलक लगाया और उनका स्वागत किया। सभी रामभक्त कस्बे के अटल चौक पहुंचे, वहां पर नगर के गणमान्य और सभी लोगों ने इकट्ठा होकर राम भक्तों पर फूलों की वर्षा कर जय श्री राम के नारे लगाया। इसके बाद नगर के मवाना मार्ग मेंन बाजार, नैडू मार्ग, मोहल्ला जाटान, मोहल्ला कपसाड़ियांन मोहल्ला सैनियान, मोहल्ला पड़ाव पट्टी होते हुए नगर के श्री बूढ़ा शिव मंदिर पर पहुंच कर सभी लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले महोत्सव में भगवान श्रीराम के कार्यक्रम की जानकारी दी और सभी लोगों से अपील की गई की 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों में श्रीराम के चित्र के सामने दीपक अवश्य जलाएं। मुख्य रूप से चेयरमेन अशोक सैनी, अंकुश, सचिन, शुभम, दिनेश हरपाल, प्रदीप बिश्नोई, भास्कर अग्रवाल, सचिन उर्फ नीटू त्यागी, अजय शर्मा, अनुज भाटी, प्रशांत खटीक, आरव राजपूत आदि नगर के लोग भी शामिल रहे।

# विनायक विद्यापीठ में किया गया फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन

**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बीकॉम, बीए एवं बीएससी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। छात्र-छात्राओं की प्रतिभा देख दर्शक दंग रह गए, उनके द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजन जिसमे गाजर का हलवा, मोमोज, पानीपुरी, पोहा, फ्राइड राइस, नारियल के लड्डू, ब्रेड सैंडविच, छोले भटूरे, कस्टड, खीर, केक, पकोड़ी, भेलपुरी, साबुत दाने के पकोड़ी, शाही पनीर रोटी, चकुंदर की खीर और पूरी समेत अन्य प्रकार के व्यंजन बनाए हुए थे हर फूड का अलग-अलग आकर्षण स्टाल लगाया गया था जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल जिसमें महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, गृहविज्ञान विभाग अध्यक्ष दीपिका शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, साइंस विभाग अध्यक्ष डॉ. आसिफ अली एवं बीएफए विभाग अध्यक्ष इंदू प्रजापति थे, ने छात्र छात्रा द्वारा बनाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों को चखा और उनसे उसकी रेसिपी के बारे में जानकारी ली और अंत में प्रथम स्थान बी कॉम विभाग व द्वितीय स्थान बीए विभाग एवं तृतीय स्थान सांइस विभाग को दिया



■ **छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**
■ **स्वादिष्ट व्यंजन बनाए, अतिथियों ने सराहा**

गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.अनुप्रीता शर्मा एवं निदेशक इंजि. विकास कुमार ने छात्र-छात्राओं की पाककला की सराहना करते हुए इस आयोजन के लिए सभी सभी विभाग अध्यक्ष एवं शिक्षक गणों को भी बधाई दी। इस फेस्टिवल के आयोजन में बी कॉम विभाग, बीएससी विभाग एवं बीए विभाग के सभी विभाग अध्यक्ष एवं शिक्षकगणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सार संक्षेप

### युवक ने किया झगड़े का प्रयास, उर्स मेले में भगदड़

**मवाना।** फलावदा कस्बे में रविवार को उर्स मेले में देर शाम बाइक सवार संप्रदाय विशेष के युवक ने 5 वर्षीय बच्चे को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना के दौरान मेला देख रहे अन्य युवक ने टक्कर मारने वालों को पकड़ लिया। घटनास्थल पर मौजूद विशेष संप्रदाय के युवकों ने आरोपी को छुड़ाने के लिए युवकों को धमकी देकर झगड़ा करने का प्रयास किया, जिससे मेले में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि मौके पर तुरंत पुलिस के पहुंचने पर सभी युवक फ़रार हो गए। जिससे कस्बे का माहौल बिगड़ने से टल गया। पुलिस ने घायल किशोर को इलाज के लिए भेज दिया।

### कटी सड़कों का निर्माण न होने से राहगीरों को परेशानी

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर क्षेत्र गंगा पार बाढ़ का पानी आने से गंगा पार कई लिंक मार्ग जलमग्न हो गए थे जिससे कई रोड टूटी गई थी जिससे लोगों को आने-जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिससे कई रोडो की मरम्मत नहीं कराई गई जिससे रहा गीरों को आने जाने में अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा। प्रत्येक वर्ष गंगा वरामगंगा में आई बाढ़ से कटी सड़कों का निर्माण न होने से गांव को आने जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### रामनगरी में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे योगी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को रामनगरी अयोध्या में विकास कार्यो की हकीकत परखने के साथ श्रीरामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भी समीक्षा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि परिसर जाएंगे। इसके अलावा अमानीगंज जलकल परिसर, पुलिस कन्ट्रोल रुम, लता मंगेशकर चौक, नगर निगम द्वारा निर्माणाधीन टेन्ट सिटी का भी योगी निरीक्षण करेंगे। आयुक्त कार्यालय में योगी दोपहर दो बजे से विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, तत्पश्चात जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों व संतों के साथ भी बैठक करेंगे।

### प्रतिनिधि मंडल प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**मेरठ।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत के अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने व्यापारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे जीएसटी विभाग के खिलाफलंबे संघर्ष के लिए तैयार रहें अन्यथा अपना व्यापार बंद कर कहीं नौकरी कर लें। जीएसटी को लेकर उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जीएसटी लागू करते समय जिस प्रकार लोक-लुभावन बातें की गई थी आज सब कुछ उसके उलट हो रहा है। सरकार और जीएसटी विभाग के उत्पीड़न के चलते आज व्यापारी अपनी दुकान बंद कर कहीं नौकरी तलाशने को मजबूर हो रहा है। लोकेश अग्रवाल आज चेंबर ऑफ कॉमर्स मुंबई बाजार में व्यापार मंडल की प्रदेश कार्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे बैठक में प्रदेश के लगभग 45 जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# संजय सिंह के राज्यसभा नामांकन में शामिल हुए मेरठ के पदाधिकारी



**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। सोमवार को आज आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी सांसद संजय सिंह के राज्यसभा नामांकन में शामिल होने के लिए जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी मेरठ के कार्यकर्ता पदाधिकारी पहुंचे। जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ा दिन है माननीय सांसद संजय सिंह जी को दोबारा से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल जी द्वारा राज्यसभा का उम्मीदवार बनाना आपके उन तमाम कार्यकर्ताओं के संघर्ष की जीत है जो दिन रात संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी को आगे बढ़ाने में अग्रसर रहते हैं। जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ ने कहा कि माननीय सांसद संजय सिंह जी को पुन: राज्यसभा उम्मीदवार बनाया जाना सत्य की जीत है। दिल्ली में नॉमिनेशंस के दौरान जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी, महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी, जिला महासचिव जीएस राजवंशी, जिला मीडिया प्रभारी हर्ष वशिष्ठ, जिला सोशल मीडिया प्रभारी हेम कुमार, जिला संरक्षक एसके शर्मा, एससी-एसटी जिलाध्यक्ष भूप सिंह, कैंट विधानसभा अध्यक्ष भरत लाल यादव, आमिर, शहजाद आदि।

# डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल 2024 के मैचों का हुआ समापन

**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मेरठ के तत्वाधान में संपन्न हो रही डीएवी स्पोर्ट्स नेशनल लेवल, 2024 के अंतिम दिवस में 21 राज्यों से आई टीमों में फाइनल तक पहुंची टीमों ने

■ **टीमों के प्रत्येक प्रतिभागी को किए गए मेडल प्रदान**

हॉकी और फुटबॉल खेलों में हुनर दिखाते हुए एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा की। फुटबॉल और हॉकी अंडर 14, 17, 19 बालक वर्ग में विजेता टीमों को प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान के आधार पर फुटबॉल में अंडर-19 वर्ग में पंजाब को प्रथम अंडर 17 वर्ग में झारखंड को प्रथम एवं अंडर 14 वर्ग में को प्रथम तथा हॉकी खेल के अंतर्गत अंडर-19 वर्ग में पंजाब को



प्रथम अंडर 17 वर्ग में को प्रथम एवं अंडर 14 वर्ग में हरियाणा को प्रथम स्थान की ट्रॉफ प्रदान की गई। टीमों के प्रत्येक प्रतिभागी को उनके स्थान के आधार पर मेडल भी प्रदान किए गए। विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। असीम शीत होते हुए भी विद्यार्थी अपने राज्य को जिताने हेतु पूर्ण प्रयासरत रहे और विद्यार्थियों ने अपने उत्साह को अंतिम समय तक बनाए रखा। डॉ.अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डी ए वी स्कूल, यूपी, जोन ए, स्टेट कोऑर्डिनेटर डीएवी स्पोर्ट्स) ने अपने संबोधन में खेल के पक्ष को सुदृढ़ करते हुए कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह हमें स्वस्थ रखने के लिए साथ ही साथ दिमाग की क्षमता को विकसित करने में भी सहयोग देता है, टीमवर्क करने का शुभ अवसर खेलों से ही प्राप्त होता है, जिससे हमारे जीवन के गुणवत्ता बढ़ती है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्राप्त होती है।

# नकल पकड़ने के लिए विशेष उड़ाका दल सक्रिय

**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की बैक पेपर, सेमेस्टर परीक्षा एवं व्यवसायिक परीक्षाओं में गठित विशेष उड़ाका दलो का अभियान जारी है।

सोमवार को मेरठ जनपद में अभियान चलाकर मेरठ जनपद से पांच छात्र-छात्राओं को नकल सामग्री के साथ पकड़ा तथा ग्रेटर नोएडा जनपद से पांच छात्र-छात्राओं को नकल सामग्री के साथ पकड़ा तथा केस बनाकर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया। मेरठ जनपद के बीआईएमटी कॉलेज के कैमरे सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे थे तथा उन कैमरो का लिंक विश्वविद्यालय को भेजने के लिए कहा। सीएसएसएस कॉलेज माछरा में परीक्षा कमरे में लाइट की उचित व्यवस्था नहीं थी तथा वहाँ लाइट को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



# सुभारती विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बौद्ध ध्वज दिवस

**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज ने 8 जनवरी को एक जीवंत उत्सव के साथ अंतराष्ट्रीय बौद्ध ध्वज दिवस मनाया। सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हिरो हितो के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. सीमा शर्मा ने भावी पीढ़ियों के साथ बौद्ध धर्म के इतिहास को साझा करने के महत्व पर जोर देते हुए इस आयोजन के महत्व को स्पष्ट किया। डॉ. हिरो हितो ने बौद्ध ध्वज के पीछे के प्रतीकवाद पर प्रकाश डालते हुए इस अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि ध्वज के छह रंग गहरा अर्थ रखते हैं, जो बुद्ध के ज्ञान और शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बताया कि ध्वज में नीली पट्टी प्रेम, करुणा, शांति और खुशी के लौकिक प्रसार का प्रतीक है, जबकि सोने की पट्टी चरम सीमा से बचते हुए मध्य मार्ग को दर्शाती है। लाल पट्टी सद्गुणों का प्रतीक है, सफेद पट्टी दोषों के बिना उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करती है, और नारंगी पट्टी ज्ञान की शक्ति का प्रतीक है।

■ **बौद्ध धर्म के इतिहास को साझा करने के महत्व पर दिया जोर**

# मण्डलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ

**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण मेरठ में आयोजित मण्डलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2024 में डॉ.सोमेन्द्र तोमर राज्यमंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत एवं डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी सांसद राज्यसभा के करकमलो द्वारा प्रदर्शनी खादी उत्सव 2024 का उद्घाटन किया गया। जिसमें 8 राज्यों के लगभग 100 प्रतिभागियों के द्वारा अपनी इकाइयों को लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शित उत्पादों का लोगों द्वारा एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सराहना की गई। प्रदर्शनी में ऊनी वस्त्रों की बिक्री सर्वाधिक रही। प्रदर्शनी का भ्रमण डॉ. सोमेन्द्र तोमर राज्यमंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत, डॉ. लक्ष्मी कांत वाजपेयी सांसद राज्यसभा एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया सुश्री नूपुर गोयल द्वारा किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण खादी वस्त्र, चादर, पटियाला सूट एवं जूतियां रही।

# बार एसोसिऐशन चुनाव 16 को होंगे, नामांकन पत्र दाखिल

**मवाना,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। आगामी 16 जनवरी को होने वाले बार एसोसिएशन मवाना के चुनाव प्रक्रिया शुरू कर वकीलों के गुट ने तैयारी कर अपने पैनल के लिए चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। बार एसोसिएशन मवाना में पहले दिन अध्यक्ष पद पर राजबीर सिंह चौहान एडवोकेट एवं राजीव कंसल एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद पर सुरेशपाल एडवोकेट बहादरपुर, सचिव पद पर मिन्टू चौधरी एडवोकेट, मुकेश त्यागी एडवोकेट एवं संयुक्त सचिव पद पर सन्तरपाल सिंह एडवोकेट, सुनील कुमार एडवोकेट तथा कोषाध्यक्ष पद पर राजकुमार प्रथम एडवोकेट व सुनील कुमार भारती एडवोकेट के साथ अनेको अधिवक्ताओं के अन्य पदो पर नामांकन पत्र दाखिल किए। उक्त पदाधिकारियों ने चुनाव अधिकारी केहर सिंह चौहान एडवोकेट की अध्यक्षता में बार एसोसिऐशन मवाना के कार्यालय में समय अनुसार विभिन्न पदों पर चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारो के नामांकन पत्र स्वीकार किए। इस मौके पर बार एसोसिऐशन मवाना के सभी सदस्यगणो का सहयोग रहा। चुनाव अधिकारी केहर सिंह चौहान एडवोकेट ने बताया कि 16 जनवरी को मतदान प्रक्रिया को कराया जाएगा।



**अभियान** | *वेंक्टेश्वरा संस्थान में नमो विकसित भारत एम्बेसडर अभियान का शुभारम्भ*

# कल्याणकारी योजनाओं के दम पर विकसित होगा देश : मीनाक्षी लेखी

**मेरठ,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में प्रधानमंत्री की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प अभियान 'विकसित भारत ऐम्बेसडर अभियान' का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आई केंद्रीय संस्कृति मंत्री, भारत सरकार, मीनाक्षी लेखी ने इस अवसर पर हजारों युवाओं को विकसित भारत अभियान में अपना शत् प्रतिशत देने का संकल्प दिलाते हुए

■ **संकल्प अभियान में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका अहम : डॉ. सुधीर**
■ **युवा शक्ति के बल पर भारत सबसे शक्तिशाली देश : उदय गिरि**

भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में युवाओं एवं शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को सबसे ऊपर बताया।

वेंक्टेश्वरा विवि संस्थान के डॉ.सी.वी.रमन सभागार में आयोजित 'नमो विकसित भारत अभियान' का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति




एवं विदेश मंत्री भारत सरकार मीनाक्षी लेखी, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी जिलाध्यक्ष उदय गोस्वामी, कार्यक्रम संयोजक एवं भाजयुमों अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार मीनाक्षी लेखी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री ने मजबूत विदेश नीति, विकासकारी योजनाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर, नई शिक्षा नीति, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना जैसी सैंकड़ो कल्याणकारी योजनाओं से एक दशक पहले वाली भारत की बीमार इमेज को पूरी तरह बदलकर विश्व पटल पर भारत को पहली पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया। आज युवा शक्ति के दम पर भारत 2047 तक न सिर्फ विकसित राष्ट्र होगा, बल्कि पूरी दुनिया का सरताज बनेगा। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव पीयूष पाण्डे, डीन अकेडमिक अफेयर्स राजेश सिंह, दिव्या, तेजपाल सिंह, अनिल जयसवाल, आशुतोष सिंह, ओम प्रकाश गोसाई, राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, राम निवास शर्मा, सर्वनन्द साहू, डॉ.ऐना एरिक ब्राउन, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आशी नायर एवं प्रशान्त कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आईएसआईएस का आतंकी गिरफ्तार

**लखनऊ,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सोमवार को आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों आईएसआईएस की बैयत (शपथ) लेकर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। इस सिलसिले में एटीएस ने भदिव,13/18/18बी/38 यूएपी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अब्दुल्ला अर्सलान, माज बिन तारिक और वजीहउद्दीन समेत सात अभियुक्तों को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आमस अहमद उर्फ फराज अहमद और अब्दुल समद मलिक की तलाश की जा रही थी।

# दुनिया रंग-बिरंगी

### 'पुष्पा इम्पॉसिबल' की जर्नी इमोशन्स से भरपूर रही है : करुणा पांडे

मुंबई, 8 जनवरी (एजेंसियां)। शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में लीड किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस करुणा पांडे ने शो के 500 एपिसोड पूरे होने पर आभार व्यक्त किया और कहा है कि यह जर्नी इमोशन्स से भरपूर रही है। करुणा ने कहा, 'मैं अपने किरदार पुष्पा को दर्शकों से मिले प्यार और प्रशंसा से अभिभूत हूं। 500 एपिसोड्स की यह यात्रा भावनाओं से भरी रही है, और जब हम इस पल का जश्न मना रहे हैं, तो मुझे गर्व हो रहा है।' उन्होंने कहा, 'एक ऐसा किरदार जो बेहद भरोसेमंद है, पुष्पा ताकत, मजबूती और मानवीय भावना की जीत की प्रतीक है। प्रत्येक एपिसोड हमारे दर्शकों के साथ एक साझा जीत है। मैं पुष्पा की कहानी को चित्रित करना जारी रखने, नई चुनौतियों की खोज करने और सभी को दृढ़ संकल्प और साहस के साथ जीवन की बाधाओं का सामना करने के लिए प्रेरित करने के लिए उत्साहित हूं।'

# सर्द मौसम ने बढ़ाई सर्दी-जुकाम व खांसी की दिक्कतें

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। एक दम से पड़ी सर्दी से लोग सर्दी जुखाम खांसी से लोग परेसान हो रहे। लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में सर्दी-जुकाम, बुखार व खांसी के रोगियों की संख्या बढ़ गई है। तापमान में उतार-चढ़ाव होने से दमा के रोगियों की दिक्कतें भी बढ़ी हैं। सांस फूलने की समस्या ग्रसित रोगी प्रतिदिन 10-12 की संख्या में पहुंच रहे हैं। इनमें से दो-तीन को भर्ती करना पड़ रहा है और ऑक्सीजन दिया जा रहा है। वहीं, डॉक्टर लोगों को बामारी से बचने के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

लोगों ने लापरवाही बरतनी शुरू कर दी है। पर्याप्त गरम कपड़े नहीं पहन रहे हैं। मौसम बदलने की वजह से बैक्टीरिया-वायरस सक्रिय हो गए हैं, इसलिए लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। पेट दर्द, रक्तचाप व मधुमेह के रोगियों की संख्या में भी मामूली वृद्धि हुई है।

### अपनाएं घरेलू उपाय

1- खांसी या जुकाम होने पर आप लौंग का सेवन करें. लौंग को पीसकर इसे शहद के साथ मिलाकर खा लें. इससे आपको खांसी में काफी राहत मिलेगी।

2- अगर आप बहती नांक और खांसी से परेशान हैं तो आपको गर्म तासीर की चीजों का सेवन करना चाहिए. दूध की जगह चाय पिएं।

3- जुकाम एक ऐसी समस्या है जो हफ्तों में जाकर ठीक होती है. जुकाम में भूख नहीं लगती और शरीर में टूटन महसूस होती है. ऐसे में आप जुकाम-खांसी से राहत पाने के लिए शहद और अदरक का रस हल्का गरम करके पिएं. इससे तुरंत आराम मिलेगा।

4-सर्दी-खांसी में सबसे ज्यादा राहत भाप लेने से मिलती है. इससे बंद नाक खुल जाती है और कफ ढ़ीला हो जाता है. भाप लेने से सांस नली की सूजन भी कम होती है।

5- सर्दी के साथ गले में जकड़न, कफ और खांसी हो रही है तो नमक के पाने से गरारे जरूर करें. इससे गले में जमा कफ निकल जाएगा और गले की सूजन में आराम मिलेगा।

सर्दियों में अक्सर लोगों की तबीयत खराब हो ही जाती है। लोग बुखार, खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि सर्दियों के मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता थोड़ी कमजोर हो जाती है, जिससे बीमारियां शरीर को जल्दी जकड़ लेती हैं। खासकर इस मौसम में बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा संभल कर रहने की जरूरत है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता व्यस्कों के मुकाबले कम होती है।

**हल्दी का दूध पीएं :** दूध हो या हल्दी, दोनों ही सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं। ऐसे में अगर आप इन दोनों को मिलाकर पीएं तो इससे और भी ज्यादा फायदा मिलेगा। दरअसल, हल्दी एंटीबायोटिक का काम करती है, इसलिए इसे दूध में मिलाकर पीना बेहतर होगा। आप हर रोज रात में सोने से पहले एक गिलास गुनगुने दूध में थोड़ी सी हल्दी मिला लें और उसे पी जाएं।

अगर आपको सर्दी-जुकाम और खांसी की समस्या है तो भाप लेना सबसे बेहतर घरेलू उपाय है। इससे बंद नाक की समस्या खत्म हो जाती है और सीने में जकड़न से भी आराम मिलता है। आप सादे पानी की भी भाप ले सकते हैं या फिर गर्म पानी में पुदीने की पत्तियां या अजवाइन की पत्तियां डालकर भाप ले सकते हैं। यह खांसी के साथ-साथ गले में खराश या दर्द से भी राहत देता है।

**खांसी :** हालांकि कुछ इसी तरह के लक्षण कोरोना वायरस के भी हैं। इसलिए दोनों में फर्क करना थोड़ा मुश्किल है। इसलिए बेहतर होगा कि आप 3-4 के बाद एक बार डॉक्टर से जरूर मिल लें। अब आइए जानते हैं कि वायरल बुखार और फ्लू से बचने के लिए कौन से घरेलू उपाय जरूरी हैं।



# मैनकाइंड फार्मा ने कोविड राहत के लिए 'गलती से' दान कर दिये थे 250 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। मैनकाइंड फार्मा ने फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए कोविड-19 राहत प्रयासों के लिए शुरू में 21 करोड़ रुपए दान करने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में राशि बदलने के और गलती से एक शून्य ज्यादा लग जाने के कारण उसने 250 करोड़ रुपए का दान दिया। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा ने हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान यह खुलासा किया, हालाँकि अब वह इस 'गलती' से खुश हैं।

यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ द रणवीर शो में बातचीत के दौरान जुनेजा ने कहा कि बड़ी राशि गलत गणना का परिणाम थी। जुनेजा ने बताया, 'परिवार में हमारी बहस हुई। हमें लगा कि हमारे पास बहुत कुछ है और हमें जरूर देना चाहिए। हमने 21 करोड़ रुपये दान करने के बारे में सोचा, लेकिन मेरे बेटे ने कहा, आपका इतना बड़ा बिजनेस है, आपको और दान करना चाहिए। वहीं, खबर आई थी कि अक्षय कुमार ने 50 करोड़ रुपए का दान दिया है। मेरा बेटा मेरे पास आया और फिर से इस विषय पर जोर दिया। और हम तुरंत इसके साथ आगे बढ़े।' 58 वर्षीय जुनेजा ने कहा कि योगदान को गोपनीय रखने की बजाय इसे जनता तक पहुंचाने से दूसरों को भी देने के लिए प्रेरणा मिल सकती है। उन्होंने कहा, 'एक लोकप्रिय कहावत है कि जब आप एक हाथ से दे रहे हों तो दूसरे को पता नहीं चलना चाहिए। मुझे लगता है कि दूसरे हाथ को पता होना चाहिए, यह अन्य लोगों को प्रेरित करता है।' फार्मा दिग्गज ने प्रधानमंत्री राहत कोष और विभिन्न अन्य फंडों के साथ-साथ ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए भी दान दिया था।

जुनेजा ने कहा, 'हमने बहुत सारा सामान दान किया। यह एक भावनात्मक विचार था। एक परिवार के रूप में, जब हम किसी नेक काम के बारे में सोचते हैं, तो हम परिवार को बताते हैं। हम समझ गए कि डॉक्टर और नर्स मर रहे हैं और हमने अनुमान लगाना शुरू कर दिया। हालाँकि, गलत गणना के कारण, अनुमानित दान राशि में हमारे द्वारा दान की गई वास्तविक राशि से एक शून्य कम था।' मैनकाइंड फार्मा ने यह भी घोषणा की थी कि वह केमिस्ट, पुलिस अधिकारी, नर्स या डॉक्टर सहित किसी भी फ्रंटलाइन वर्कर की मृत्यु पर एक निश्चित राशि दान करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने जो प्रतिज्ञा की थी, हमें उससे 10 गुना अधिक दान करना पड़ा।

# फिटनेस फ्रीक मलाइका अरोड़ा ने शेयर की वर्कआउट फोटो, इंटरनेट पर हो रही वायरल



**मुंबई,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। मॉडल और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने सोमवार को अपने सुबह के वर्कआउट की एक झलक दिखाई। इंस्टाग्राम पर 18.8 मिलियन फॉलोअर्स वाली मलाइका ने स्टोरीज सेक्शन में एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने घर में वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। डांसर, जो 'छैया छैया' गाने में अपने परफॉर्मेंस के लिए सबसे ज्यादा जानी जाती हैं, को ब्लैक शॉर्ट्स और मैचिंग टी-शर्ट पहने देखा जा सकता है। तस्वीर में उनके प्यारे दोस्त - पालतू डॉगी कैस्पर की एक प्यारी झलक भी दिखाई दी। पोस्ट पर एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया, 'मेरा दिन शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका, माई वीक अहेड।' वर्कफ्रंट की बात करें तो, वह वर्तमान में सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' सीजन 11 में जज के रूप में नजर आ रही हैं।

# यूट्यूब टीवी के सब्सक्राइबर्स की संख्या 6.5 मिलियन तक पहुंची




**सैन फ्रांसिस्को,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। कुछ महीने पहले 60 लाख कस्टमर्स का आंकड़ा पार करने के बाद, गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब टीवी के अब 6.5 लाख सब्सक्राइबर्स होने का अनुमान है। 9 टू 5 गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, लीचटमैन रिसर्च ग्रुप के अनुसार, 2023 की तीसरी तिमाही तक यूट्यूब टीवी लगभग 6.5 मिलियन सब्सक्राइबर्स तक पहुंच गया है, जो पिछली तिमाही से 6,00,000 ज्यादा है। हुलु के 4.6 मिलियन, स्लिंग टीवी के 2.1 मिलियन और फूबो के 1.5 मिलियन सब्सक्राइबर्स के बाद यूट्यूब टीवी सबसे तेजी से बढ़ने वाली और सबसे बड़ी सर्विस बनी हुई है। फुबो के 3,10,000 सब्सक्राइबर्स जोड़ने के साथ स्लिंग टीवी की वृद्धि सबसे धीमी रही। इस बीच, यूट्यूब ने अपने म्यूजिक ऐप में हर गाने के लिए प्ले काउंट जोड़ा है और प्लेलिस्ट आर्ट के लिए जेनरेटिव एआई क्रिएटर की उपलब्धता को बढ़ाया है। यूजर्स अब यूट्यूब म्यूजिक द्वारा जेनरेट किए गए किसी एल्बम या पब्लिक प्लेलिस्ट को ब्राउज करने पर प्रत्येक ट्रैक के लिए प्ले काउंट देखेंगे। यह एंड्रॉइड और आईओएस ऐप्स में आर्टिस्ट के नाम और सॉन्ग लेंथ के ठीक बगल में है। पहले, यह जानकारी नाउ प्लेइंग रिलेटेड टैब के नीचे 'सॉन्ग डिटेल्स' में प्रदान की गई थी।

# सीरियस रोल्स करते-करते थक गई हूं, ग्रे शेड्स वाली महिलाओं की भूमिका निभाना पसंद : कोंकणा सेनशर्मा

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस कोंकणा सेनशर्मा डार्क कॉमेडी थ्रिलर सीरीज 'किलर सूप' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने साझा किया है कि वह गंभीर और अच्छे किरदार के रोल्स करते हुए 'थक' गई हैं। उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है, जो थोड़ी 'गैर-जिम्मेदार' हैं और उनका ग्रे शेड्स हो। कोंकणा ने मनोज बाजपेयी स्टारर 'किलर सूप' में स्वाति शेट्टी की भूमिका निभाई है। अभिषेक चौबे द्वारा निर्देशित, सीरीज प्यार, वासना, रोमांच और रहस्य का एक मिश्रण है। एक्ट्रेस को 'वेक अप सिड', 'पेज 3', 'ओमकारा', 'लाइफ इन ए... मेट्रो', 'लिपस्टिक अंडर माई बुर्का' समेत कई अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। कोंकणा ने बताया, 'जब मैं रोल्स की तलाश करती हूं तो सबसे पहले देखती हूं कि स्क्रिप्ट कैसी है। उसमें किरदार अच्छे से लिखे जाने चाहिए, निर्देशक भी मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।'

उन्होंने कहा, 'मैं ऐसे रोल्स चुनने की कोशिश करती हूं जो मुझे दिलचस्प लगते हैं, क्योंकि मैं सीरियस, अच्छे दिखने वाली, ईमानदार महिलाओं के रोल्स से थक गई हूं। मुझे ऐसी महिलाओं का किरदार निभाना पसंद है, जो थोड़ी गैर-जिम्मेदार हैं, जिनका ग्रे-शेड्स है, जो अपनी शर्तों पर अपनी इच्छानुसार जीवन जी रही हैं, इसलिए ये सब मुझे बहुत दिलचस्प लगता है।' 'किलर सूप' के बारे में बोलते हुए, 'तलवार' फेम मशहूर एक्ट्रेस ने कहा कि यह शो दिलचस्प और असामान्य है। उन्होंने साझा किया, 'यह थोड़ा थ्रिलर, डार्क कॉमेडी, विचित्र है, एक बहुत ही असामान्य दुनिया पर आधारित है, जिसे हमने स्क्रीन और वेब सीरीज पर ज्यादा नहीं देखा है। इसमें हर चीज का थोड़ा सा हिस्सा है।'





# 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ नजर आएंगी वाणी कपूर

**मुंबई,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्टर वाणी कपूर 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। एक्ट्रेस को 'शुद्ध देसी रोमांस', 'चंडीगढ़ करे आशिकी' और 'वॉर' जैसी फिल्मों में उनके एक्टिंग के लिए जाना जाता है। यह फिल्म 2018 की फिल्म 'रेड' का अगला स्क्वल है। इसमें निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। यह फिल्म गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ द्वारा प्रस्तुत की गई है और पैनोरमा स्टूडियो प्रोडक्शन है। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# करीना कपूर के '3 इडियट्स' सीन को निक्की शर्मा ने किया रीक्रिएट



**मुंबई,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में मुख्य भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस निक्की शर्मा ने हाई-ऑक्टेन स्टंट सीक्वेंस में लहंगा पहनकर स्कूटी चलाई, ठीक वैसे ही जैसे करीना कपूर खान ने '3 इडियट्स' में स्कूटी सीन शूट किया था। दरअसल, दर्शकों को शिव (अर्जुन बिजलानी) और शक्ति (निक्की) की शादी का सीन देखने को मिला। दूसरी ओर, कीर्तन (गौरव वाधवा) जो शक्ति से शादी करना चाहता है, अपनी शादी को रद्द करने की पूरी कोशिश कर रहा है और आखिरकार उसे एक रहस्य के बारे में पता चलता है, जिसे शिव इतने लंबे समय से छिपा रहा था और उसके बाद जो हुआ उसने सभी को हैरान कर दिया। मेहंदी सीक्वेंस के दौरान, शक्ति को शक होता है, और वह स्कूटी पर पीछा करने का फैसला करती है, यह दिलचस्प बनाने वाली बात शक्ति द्वारा किया गया हाई-ऑक्टेन स्टंट था।

# पारंपरिक संस्कृति और आधुनिक तकनीक के एकीकरण का अनुभव कराते 'शांगयुआन लालटेन चित्र'

**बीजिंग,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। वसंत महोत्सव के दौरान बगीचों का दौरा करना और लालटेन की प्रशंसा करना चीन के नानजिंग नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण पारंपरिक लोक रिवाज है। नागरिकों और पर्यटकों को लालटेन का आनंद लेने, एक अवकाश स्थान प्रदान करने के लिए, नानजिंग बैलुचो पार्क 10 जनवरी को 'शांगयुआन लालटेन चित्र' नामक गैरभौतिक सांस्कृतिक विरासत कला प्रदर्शनी आयोजित करेगा। कला प्रदर्शनी चीन के मिंग राजवंश के राष्ट्रीय खजाने की पेंटिंग



'शांगयुआन लालटेन चित्र' की थीम पर आधारित है। इसमें विभिन्न आकारों और आकृतियों के थीम वाले लालटेन के 68 समूह हैं, जो पांच प्रमुख सांस्कृतिक थीम प्रदर्शनी क्षेत्रों में विभाजित हैं: स्वर्ण युग में दुर्लभ खजाना, चित्रों में फूल, पक्षी, मछली और कीड़े, सैकड़ों नाटक, कविताएं और गीत और वॉटर स्ट्रीट आदि प्रस्तुत होंगे। अद्वितीय लालटेन आकार, भव्य रोशनी और आकाश में तारे एक-दूसरे के पूरक हैं, जो नागरिकों और पर्यटकों के लिए एक शानदार दृश्य पेश करेंगे। इस बार एक सुपर-बड़ा आउटडोर नग्न-आंख 3डी प्रकाश और छाया शो भी शामिल होगा, जो एक नया इमर्सिव गार्डन अनुभव बनाने के लिए एक रचनात्मक बाजार के साथ एक इमर्सिव इंटरैक्टिव गार्डन को जोड़ता है।

# गोल्डन ग्लोब्स 2024: 'ओपेनहाइमर' ने पांच गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स किए अपने नाम, 'सकसेशन' को मिले चार

**लॉस एंजेलिस,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। 'ओपेनहाइमर' ने रविवार (यूएस पैसिफ़िक टाइम) को 81वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में उसी तरह राज किया, जिस तरह एक बार समर बॉक्स ऑफिस पर उसका दबदबा था।

'वैरायटी' ने लिखा, 'ओपेनहाइमर' ने पांच जीत हासिल की, जो किसी भी फिल्म के लिए सबसे ज्यादा हैं, जिसमें बेस्ट मोशन पिक्चर ड्रामा के लिए ग्लोब्स भी शामिल है। फ्रेंकस्टीन टेल की नारीवादी पुनर्कल्पना 'पुअर थिंग्स' को बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल या कॉमेडी नामित किया गया, जो पोस्ट-मॉडर्न फिल्म की दो जीतों में से एक थी। टीवी फ्रंट पर, 'वैराइटी' ने रिपोर्ट किया, 'सकसेशन' ने बेस्ट ड्रामा सीरीज सहित लीडिंग चार प्राइज जीते। शो ने मई 2023 में अपना चार सीजन समाप्त किया। 'द बियर' ने तीन अवॉर्ड्स जीते, जिसमें बेस्ट कॉमेडी सीरीज और जेरेमी एलन व्हाइट और अयो एडेबिरी के लिए म्यूजिक या कॉमेडी में बेस्ट लीडिंग एक्टर और एक्ट्रेस शामिल हैं।

'ओपेनहाइमर' के निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन, जिन्होंने 'द डार्क नाइट' और 'इंसेप्शन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाने में अपनी सफलता का लाभ उठाते हुए यूनिवर्सल को एक भौतिक विज्ञानी के बारे में 100 मिलियन डॉलर का नाटक बनाने के लिए प्रेरित किया, ने बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड जीता। फिल्म के केंद्र में विचारशील वैज्ञानिक की भूमिका निभाने वाले सिलियन मर्फी को ड्रामा में बेस्ट एक्टर का नाम दिया गया। लिली ग्लैडस्टोन को 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में एक ओसेज महिला की भूमिका निभाने के लिए ड्रामा में बेस्ट फीमेल एक्टर का पुरस्कार मिला।



## बिली इलिश, फिनीस ने 'बार्बी' के 'व्हाट वाज़ आई मेड फॉर' के लिए बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग का जीता खिताब

लॉस एंजेलिस। सिंगर-सॉन्गराइटर बिली इलिश और उनके भाई फिनीस ने चल रहे गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स में मोशन पिक्चर में बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग का खिताब जीता। उन्हें ग्रेटा गेरविग निर्देशित फिल्म 'बार्बी' के उनके सॉन्ग 'व्हाट वाज आई मेड फॉर' के लिए सम्मानित किया गया।

गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स के ऑफिशियल एक्स हैंडल ने बधाई दी और लिखा: 'बार्बी में बिली इलिश ओ-कोनेल और फिनीस ओ-कोनेल ने 'व्हाट वाज आई मेड फॉर?' के लिए गोल्डन ग्लोब्स में मोशन पिक्चर में बेस्ट ऑरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीतने पर बधाई।' इसके अलावा, 'बार्बी' ने समारोह में सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट का पुरस्कार भी जीता। 81वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स इस समय कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में चल रहे हैं। भारतीय दर्शक इस अवॉर्ड शो को लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम कर सकते हैं।



## 'सकसेशन' को बेस्ट ड्रामा सीरीज का मिला अवॉर्ड

कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 'सकसेशन' ने लॉस एंजिल्स में चल रहे गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स में बेस्ट ड्रामा सीरीज की ट्रॉफी जीती। सीरीज ने नॉमिनी '1923', 'द क्राउन', 'द डिप्लोमैट', 'द लास्ट ऑफ अस' और 'द मॉर्निंग शो' पर जीत हासिल की। 'सकसेशन' ग्लोबल मीडिया और एंटरटेनमेंट समूह वेस्टार रॉयको के मालिक रॉय परिवार और परिवार के मुखिया के स्वास्थ्य के बारे में अनिश्चितता के बीच कंपनी पर नियंत्रण के लिए उनकी लड़ाई पर केंद्रित है। इसमें ब्रायन कॉक्स, जेरेमी स्ट्रॉन्ग, कीरन कल्किन और सारा स्नूक शामिल हैं। सारा, जिन्होंने सीरीज में सियोभान 'शिव' रॉय की भूमिका निभाई, ने टेलीविजन सीरीज, ड्रामा में एक एक्ट्रेस द्वारा बेस्ट परफॉर्मेंस का अवॉर्ड भी जीता। 81वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स इस समय कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में चल रहे हैं।



देशबन्धु

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.02 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.44 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.43 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.39 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.38 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 2.31 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.80 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.79 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.76 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.76 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## ऑनलाइन कोर्सेज में छात्रों की संख्या में 182 प्रतिशत की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत का अग्रणी परीक्षण-तैयारी प्लेटफार्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) के ऑनलाइन कोर्सेज़ में नामांकित छात्रों की संख्या में 182 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पीडब्ल्यू ने अपने ऐप के 27 लाख छात्रों और यूट्यूब चैनल के चार करोड़ सब्सक्राइबर्स के डेटा विश्लेषण के आधार पर सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 में पेड कोर्सेज़ में नामांकित छात्रों की संख्या 8.5 लाख थी जबकि 2023 में यह 24 लाख हो गई। इस तरह पीडब्ल्यू के ऑनलाइन छात्रों की संख्या में 182 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह कोरोना काल के बाद भी ऑनलाइन कोर्सेज में निवेश करने की छात्रों की प्रबल इच्छा को दिखता है। इसके साथ ही ऐप डाउनलोड में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2022 में 68 लाख डाउनलोड से बढ़कर 2023 में 94 लाख डाउनलोड हो गई। इससे पता चलता है कि नए छात्र सक्रिय रूप से डिजिटल तौर पर सीखने के मौकों की तलाश कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि छात्रों का भरोसा और बेहतर आधार तैयार करने के लिए सामुदायिक रूप से सिखाना सबसे बेहतर तरीकों में से एक है। यूट्यूब पर मुफ्त शिक्षा देकर पीडब्ल्यू ने ऐसे समुदाय विकसित किये हैं। अब इसके चार करोड़ सब्सक्राइबर्स और 81 यूट्यूब चैनलों पर 275 करोड़ व्यूज हैं। एक लाख से ज्यादा कंटेंट अपलोड किये जा चुके हैं और साल भर में 20 करोड़ घंटे का वाच टाइम है। वर्ष 2023 में पीडब्ल्यू ऐप पर 32.71 करोड़ घंटे का वॉच टाइम हो चुका है। कुल 120 करोड़ व्यूह और 53 लाख यूनिक यूज़र्स हैं। इसका मतलब है कि मौजूदा छात्रों की ऑनलाइन कोर्सेज में रुचि बनी हुई है।

इस प्लेटफ़ॉर्म पर ऐप देखने का औसत समय भी प्रतिदिन 50 मिनट से बढ़कर 65 मिनट हो गया है, जिसका मतलब है कि इंटरैक्टिविटी बढ़ने से छात्रों की सहभागिता भी बढ़ती है। इंटरैक्टिव फीचर्स जैसे कि लाइव क्लास के दौरान डाउट्स पूछने की सुविधा, चुनावों में भाग लेना, लाइव चैट का हिस्सा बनना, सामुदायिक प्लेटफ़ॉर्म में शामिल होना, आदि की शुरुआत ने इस प्लेटफ़ॉर्म पर इंटरैएक्टिविटी बढ़ाने में मदद की है। दिलचस्प बात यह है कि ऐप पर आने वाले 33 प्रतिशत छात्र सशुल्क कोर्सेज के लिए पे करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 के अन्य अहम रुझानों में से एक संदेह समाधान के मामलों में 200 प्रतिशत की वृद्धि थी। यह 36 लाख से बढ़कर 1.10 करोड़ हो गया और हल किए गए प्रश्नों की संख्या में 96 प्रतिशत का इजाफा हुआ। यह 92.5 करोड़ से बढ़कर 181 करोड़ हो गई। यह दर्शाता है कि छात्र ऑनलाइन डाउट्स पूछने और उसका समाधान पाने में अधिक सहज हो रहे हैं जबकि पारंपरिक कक्षाओं के दौरान प्रश्न पूछने में झिझकते हैं। यह सक्रिय सीखने और जुड़ाव के लिए अनुकूल माहौल बनाने में एडटेक प्लेटफार्मों की प्रभावी भूमिका का प्रमाण है। हिंदी मीडियम बैचों में नामांकित छात्रों की संख्या में हमने 300 प्रतिशत की वृद्धि भी देखी। यह हिंदी में शिक्षा हासिल करने की मांग में बढ़ोतरी का संकेत है। स्थानीय भाषाओं के पढ़ने के इच्छुक छात्रों की संख्या 5 गुना बढ़ी है। मराठी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़ और तेलुगु भारत की सबसे अधिक मांग वाली स्थानीय भाषाएं हैं। फिजिक्स वाला के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि महामारी के बाद ऑनलाइन लर्निंग में गिरावट पर इंडस्ट्री की चिंताओं के बावजूद यह लगातार बढ़ रहा है। छात्र ऑनलाइन शिक्षण द्वारा मिलने वाले आराम, स्व-गति और निजी अनुभवों को चुन रहे हैं। फिजिक्स वाला हाइब्रिड मॉडल को भविष्य के रूप में देखता है और हर व्यक्ति के लिए अलग शिक्षा को भारत में सीखने के तरीके को बदलने की कुंजी मानता है। हम चाहते हैं कि देश के दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले छात्रों की इन संसाधनों तक पहुंच हो, जिससे उन्हें सफलता का सही मौका मिले। इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

## सरकार नदी क्रूज पर्यटन पर खर्च करेगी 45 हजार करोड़

- करीब 35,000 करोड़ रुपए क्रूज़ जहाजों पर खर्च होंगे
- 10,000 करोड़ रुपए का खर्च क्रूज़ टर्मिनल तथा बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा
- अंतरदेशीय जलमार्गों की क्षमता और उनकी व्यवहार्यता को बढ़ाया जाएगा



**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पहली बार हुई अंतरदेशीय जलमार्ग विकास परिषद की बैठक में कहा कि देश में नदी क्रूज़ पर्यटन को बढावा देने के लिए 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

श्री सोनोवाल ने परिषद के हरित नौका दिशानिर्देश और नदी क्रूज पर्यटन रोडमैप 2047 को लॉन्च करते हुए कोलकाता में कहा कि देश में अंतरदेशीय जलमार्गों की क्षमता और उनकी व्यवहार्यता को बढ़ाया जाएगा। श्री सोनोवाल की अध्यक्षता में परिषद की इस संबंध में हुई पहली बैठक में राज्यों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ ही नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रमुख हितधारकों ने हिस्सा लिया।

उन्होंने बैठक में देश में आर्थिक विकास और वाणिज्य के जरिए अंतरदेशीय जलमार्गों को सक्षम बनाने के लिए नदी क्रूज पर्यटन के विकास पर 45,000 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि इस राशि में से करीब 35,000 करोड़ रुपए क्रूज़ जहाजों पर खर्च होंगे और शेष 10,000 करोड़ रुपए का खर्च क्रूज़ टर्मिनल तथा बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि माल ढुलाई के लिए अंतरदेशीय जलमार्गों को बढ़ाने के वास्ते गत वर्ष अक्टूबर में मुंबई में आयोजित ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट में 15,200 करोड़ के निवेश आए, जिससे इस क्षेत्र में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज होने की संभावना है।

## नेफ्रोप्लस ने गुरुग्राम में रीनल केयर की सर्विस लांच की

**गुरुग्राम** 8 जनवरी (एजेंसियां)। नेफ्रोप्लस ने अपने नवीनतम स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेफ्रोलॉजी सेंटर का सेक्टर 87, गुरुग्राम में उद्घाटन किया है। नेफ्रोप्लस, जोकि हेल्थकेयर इंडस्ट्री में एक जाना पहचाना नाम है जिसका उद्देश्य विश्व स्तर की डायलिसिस केयर प्रदान करना है। सिल्वर स्ट्रीक मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपने नवीनतम स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेफ्रोलॉजी सेंटर का उद्घाटन करते हुए नेफ्रोप्लस के सह-संस्थापक कमल शाह ने कहा, मुझे इसके उद्घाटन पर खुशी हो रही है। यह पार्टनरशिप गुरुग्राम में ऐक्सेसबल और बढ़िया रीनल केयर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नया क्लिनिक सिल्वर स्ट्रीक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 87, गुरुग्राम के परिसर में स्थित है। इस नए क्लिनिक का उद्देश्य विश्व-स्तरीय थेरेपियों द्वारा किडनी पेशेंट्स की विभिन्न ज़रुरतों को पूरा करने के लिए व्यापक रीनल केयर सुविधाएं प्रदान करना है। सिल्वर स्ट्रीक हॉस्पिटल नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर द्वारा मान्यता प्राप्त 250 बेड वाला एक बढ़िया मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में से एक है। लगभग 240,000 स्क्वेर फुट के निर्मित क्षेत्र के साथ अस्पताल में सभी मेडिकल डिपार्टमेंट की जरूरतों को पूरा करने के लिए छह अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर हैं। इस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, कमल शाह आगे कहते हैं कि गुरुग्राम में नेफ्रोप्लस के साथ जुड़ना हेल्थकेयर स्टैन्डर्ड को बढ़ाने के लिए हमारी एक जैसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## फ्लिपकार्ट सात प्रतिशत कर्मचारियों की कर सकता है छँटनी, डेढ़ हजार के प्रभावित होने की आशंका




**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट कथित तौर पर 2024 की शुरुआत में अपने कर्मचारियों की संख्या में पाँच-सात प्रतिशत की कटौती करने की योजना बना रही है, जिससे लगभग 1,500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली कंपनी में वर्तमान में लगभग 22 हजार कर्मचारी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, फ्लिपकार्ट ने प्रदर्शन समीक्षा के जरिए यह कवायद शुरू कर दी है और मार्च-अप्रैल तक नौकरी में कटौती लागू होने की संभावना है। इकोनॉमिक टाइम्स ने सबसे पहले फ्लिपकार्ट के आगामी कदम के बारे में रिपोर्ट दी थी।

कंपनी लाभ में बने रहने के लिए अपने संसाधनों को अनुकूलित करने के लिए आंतरिक पुनर्गठन पर भी विचार कर रही है।


कंपनी ने इस कदम पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। फ्लिपकार्ट पर प्रदर्शन समीक्षाओं के आधार पर वार्षिक नौकरी में कटौती पहले भी होती रही है।

बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म टॉफलर के आंकड़ों के मुताबिक, फ्लिपकार्ट का वित वर्ष 2023 में कुल राजस्व 56,013 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2023 में राजस्व में वित्त वर्ष 2022 की तुलना में नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 51,176 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 4,834 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि है।

वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए शुद्ध घाटा 4,839.3 करोड़ रुपये था, जबकि 31 मार्च 2022 को समाप्त पिछले वर्ष में यह 3,362.4 करोड़ रुपये था। इस प्रकार शुद्ध घाटे में 44 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम




**मुंबई** 8 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के महंगाई आंकड़े और कंपनियों के तीसरी तिमाही के आने वाले परिणाम पर नजर गड़ाए निवेशकों के उत्साह में कमी से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के कारण शेयर बाजार में आज कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 670.93 अंक अर्थात 0.93 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,355.22 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 197.80 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21,513.00 अंक रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.87 प्रतिशत लुढ़ककर 37,377.95 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत टूटकर 43,660.04 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2065 में बिकवाली जबकि 1905 में लिवाली हुई वहीं 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में गिरावट जबकि 12 में तेजी का रुख रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों के साथ ही स्थानीय स्तर पर कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के परिणाम जारी होने शुरू हो गए हैं। इसपर निवेशकों की पैनी निगाह है। साथ ही लाल सागर में जारी तनाव के कारण यूरोप में शिपिंग लागत बढ़ गई है। इसके अलावा इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष का विस्तार लेबनान तक होने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में निवेशकों के उत्साह में कमी रही, जिससे विश्व और घरेलू बाजार दोनों पर दबाव बढ़ा है।

इस दौरान बीएसई में पावर, रियल्टी और सर्विसेज समूह की 0.29 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 17 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 1.44, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 1.55, वित्तीय सेवाएं 1.05, हेल्थकेयर 1.04, इंडस्ट्रियल्स 0.40, आईटी 0.90, दूरसंचार 0.93, यूटिलिटीज 0.17, ऑटो 0.27, बैंकिंग 1.42, कैपिटल गुड्स 0.31, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.72, धातु 1.40, तेल एवं गैस 0.28 और टेक समूह के शेयर 0.77 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स, हांगकांग का हैंगसेंग 1.88 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.42 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि जापान के निक्केई में 0.27 प्रतिशत की बढ़त रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 87 अंक की तेजी के साथ 72,113.25 अंक पर खुला और लिवाली कि बदौलत थोड़ी देर बाद 72,181.77 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 71,301.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,026.15 अंक के मुकाबले 0.93 प्रतिशत की गिरावट लेकर 71,355.22 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी की शुरुआत भी मजबूत रही और यह 37 की बढ़त लेकर 21,747.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,763.95 अंक के उच्चतम जबकि 21,492.90 के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,710.80 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत टूटकर 21,513.00 अंक पर आ गया।

## कैस्ट्रोल इंडिया ने 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' का आयोजन किया




**गाज़ियाबाद** 8 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख लुब्रिकेन्ट निर्माता कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड ने देश के ट्रक चालकों को सशक्त बनाने के लिए अपनी अनूठी पहल 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' का लॉन्च किया है। देश भर के ट्रक चालकों में उद्यमिता की भावना एवं पेशेवर दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल 10,000 से अधिक ट्रक चालकों तक पहुंचेगी। गाज़ियाबाद शहर में दो दिवसीय ऑन-ग्राउण्ड पाठशाला के साथ 'कैस्ट्रोल सीआरबी टर्बोमैक्स प्रगति की पाठशाला' पहल अब तक अपने इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से 300 से अधिक ट्रक चालकों को प्रशिक्षित कर चुकी है। गाज़ियाबाद शहर में इस पहल के ऑन साईट कैम्प के दौरान ट्रक चालकों के लिए रोचक शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। ट्रक चालकों को चार प्रमुख पहलुओं-सुरक्षित ड्राइविंग, ट्रक का स्वामित्व, नई टेक्नोलॉजी और कारोबार में मुनाफ़ा- पर शिक्षित करने तथा #बढ़तेरहोआगे के दृष्टिकोण के साथ सशक्त बनाने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। श्री संदीप संगवान, मैनेजिंग डायरेक्टर, कैस्ट्रोल इंडिया ने कहा, ''ट्रक समुदाय हमेशा से कैस्ट्रोल इंडिया का अभिन्न हिस्सा रहा है, हम अपनी बदलावकारी पहलों के माध्यम से उनकी सुरक्षा और आजीविका को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं।

## अधिकांश खाद्य तेलों में नरमी

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में नरमी रही जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जनवरी का पाम ऑयल वायदा पांच रिंगिट गिरकर 3685 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की गिरावट लेकर 47.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट रही। इस दौरान सूरजमुखी तेल 110 रुपये, सोया रिफाइंड 146 रुपये और पाम ऑयल 67 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबिक सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5500-5600, दाल चना 6500-6600, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12500-12600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और **चावल :** 2750-2850 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## किसानों को सशक्त बनायेगा एग्रीबिड

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) के सहयोग से विभिन्न वस्तुओं की खरीद में मदद करेगा और किसानों को सशक्त बनाएगा। एनसीसीएफ और नेफेड द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए ई-पोर्टल को लेकर दलहन क्षेत्र में काफी चर्चा है। कई लोगों ने एनसीसीएफ और नेफेड के माध्यम से तुअर खरीद के लिए अपना नाम पंजीकृत कराया है। यह पहल जोर पकड़ रही है और किसान अपनी उपज की खरीद के लिए ई-पोर्टल से जुड़ रहे हैं। अभी तक महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश से रजिस्ट्रेशन आ रहे हैं।

कई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों ने अपने अधीन किसानों को सक्षम बनाने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। ये समितियां ग्रामीण ऋण और कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और ऐसी पहलों में उनकी सक्रिय भागीदारी कृषि कार्यक्रमों की सफलता में योगदान दे सकती है।

एग्रीबिड प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनी जो किसानों को सशक्त बनाने और उनकी जीवनशैली बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है, एनसीसीएफ के साथ जुड़ी हुई है और विभिन्न वस्तुओं की खरीद में सहायता कर रही है। कंपनी के सीईओ आशुतोष मिश्रा ने आज कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सहज खरीद प्रक्रियाओं के माध्यम से दलहन किसानों का मनोबल बढ़ाने की सरकार की पहल वास्तव में दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

उन्होंने कहा आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना खाद्य सुरक्षा और किसानों की आर्थिक भलाई को बढ़ाने का एक प्रमुख पहलू है। यदि इस तरह की पहल से उत्पादकता में वृद्धि, बेहतर बाजार पहुंच और दलहन किसानों के लिए बेहतर समर्थन मिलता है, तो यह भारत को दालों में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे सकता है और किसानों की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। प्रौद्योगिकी और ई-पोर्टल का एकीकरण कृषि प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता और सहजता ला सकता है, जिससे किसानों और समग्र कृषि क्षेत्र दोनों को लाभ होगा। इसकी दीर्घकालिन सफलता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उनके परिणामों की निगरानी और मूल्यांकन जारी रखना आवश्यक है।

**सार संक्षेप**

### बंधन म्यूचुअल फंड ने नया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नया फंड भारतीय इक्विटी, इंटरनेशनल इक्विटी, आर्बिट्रेज, गारंटिड इनकम, सोना और चांदी सहित विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश को सक्षम बनाती है। यह नया फंड विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश में विविधता लाकर रिवॉर्ड और जोखिम को अनुकूलित करने के लिए एक मल्टी-एसेट एलोकेशन रणनीति अपनाएगा, प्रत्येक विकास, स्थिरता और मुद्रास्फीति संरक्षण के मामले में अद्वितीय लाभ प्रदान करेगा। उसने कहा कि न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 10 जनवरी 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और 24 जनवरी 2024 को बंद हो जाएगा। मल्टी-एसेट एलोकेशन दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, विशेष रूप से ऐसे समय में जब इक्विटी बाजारों में चुनिंदा खंडों ने पिछले दिनों बहुत मजबूत रिटर्न प्रदान किया है, जिससे संभावित रूप से कुछ निवेशकों के लिए एकाग्रता जोखिम पैदा हो गया है। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर का कहना है कि एसेट एलोकेशन निवेशकों को बाजार के समय और परफॉर्मेंस का पीछा करने जैसे व्यवहारिक नुकसान से बचने में मदद करता है, जिसके परिणामस्वरूप छोटी होल्डिंग अवधि, पोर्टफोलियो असंतुलन और सब-ऑप्टिम रिटर्न हो सकता है।

### हुंडई मोटर इंडिया तमिलनाडु में 6,180 करोड़ रुपये का और करेगी निवेश

**चेन्नई।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने सोमवार को कहा कि वह 2023-2032 के बीच इलेक्ट्रिक वाहन और अन्य के लिए पहले घोषित 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के अलावा तमिलनाडु में 6,180 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। हुंडई मोटर के अनुसार, ताजा निवेश घोषणा में से 180 करोड़ रुपये भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास के सहयोग से एक समर्पित हाइड्रोजन वैली इनोवेशन हब के लिए होंगे। कार निर्माता ने 6,180 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पर्याप्त निवेश राज्य में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के राज्य के प्रयासों को मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण हैं। प्रबंध निदेशक और सीईओ उन्सू किम ने कहा, राज्य सरकार के साथ यह सहयोग महज निवेश से परे है। यह एक मजबूत हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम विकसित करने के लिए उत्प्रेरक है जो स्थिरता और हरित भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# खेल जगत

**बोर्ड पर स्कोर पर्याप्त नहीं था लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया : हरमनप्रीत**

**नवी मुंबई,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार झेलने के बाद भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने बल्ले से जो स्कोर बनाया वह पर्याप्त नहीं था, लेकिन उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की सराहना की। डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के गेंदबाजों के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन मात्र 131 रन का बचाव करना आसान नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 19वें ओवर में यह लक्ष्य हासिल किया। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि स्कोर बोर्ड पर पर्याप्त नहीं था, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हम इसे 19वें ओवर तक ले गए, यह बड़ी बात है। पहले मैच में हमने मानक स्थापित किए। इन मैचों में हमने अपनी फील्डिंग भी मजबूत की। हरमनप्रीत ने यह भी उम्मीद जताई कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों से युवाओं को बेहतर प्रदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, हमें मौके मिल रहे थे, हम विकेट ले रहे थे और यह अच्छी बात है।



## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की निगाहें ऑस्ट्रेलिया से निर्णायक टी-20 जीत सीरीज अपने नाम करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 8 जनवरी (देशबन्धु)। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का गेंद और बल्ले से बढ़िया प्रदर्शन के बावजूद भले ही भारत नवी मुंबई में डीवाई पाटील स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज का दूसरा मैच भी जीत कर 2-0 की निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज पर अपना कब्जा नहीं कर पाया लेकिन इसमें छह विकेट से हार के बावजूद उसने जिस तरह जीवट दिखाया वह यह दर्शाता है कि उसमें अभी भी सीरीज जीतने का दम है। दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद यह ठीक ही कहा कि भारत अभी भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टी-20 सीरीज जीतने के करीब है। फिलहाल दोनों टीमें एक-एक की बराबरी पर हैं। भारतीय महिला टीम की निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया से मंगलवार को सीरीज का तीसरा और आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच जीत सीरीज नाम करने पर लगी है।




कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ले से फिर नाकाम रहना जरूर भारत की चिंता का सबब है लेकिन उनकी क्षमता पर सवाल उठाने की कम से कम फिलहाल जरूरत नहीं है। जिस तरह दीप्ति बल्ले के साथ अपनी ऑफ स्पिन से सही वक्त पर विकेट चटका रही है हरमनप्रीत कौर को उसी तरह टी-20 में कम से दो ओवर तो गेंदबाजी करनी होगी क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्पिन के खिलाफ आज भी खुद को सहज अनुभव नहीं करती है। कप्तान एलिसा हीली हों या बाएं हाथ की अनुभवी बेथ मूनी व फॉबी लिचफील्ड ये सभी स्पिन के खिलाफ जवाबी हमला बोल कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश में रहती है और उनकी इस कमजोरी को खासतौर दीप्ति, नवोदित ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटील ने भुनाया है। भारत को तीसरा और निर्णायक टी-20 जीतना है तो उसे नवोदित तेज गेंदबाज ऑलराउंडर अमनजोत कौर की जगह लेफ्ट आर्म स्पिनर साइका इशाक अथवा एक अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में यस्तिका भाटिया ज्यादा बेहतर विकल्प हो सकती हैं। हरमनप्रीत कौर को आखिर में पहले मैच भारत की जीत की नायिका रही तेज गेंदबाज टीटस साधू का एक ओवर बचा जरूर एक रणनीतिक भूल रही। भारत की गेंदबाजी यदि आखिर के ओवर में बेहतर रही होती तो एलिसा पैरी और फॉबी लिचफील्ड में कोई एक भी सस्ते में आउट हो गई तो बेशक मैच का नतीजा ऑस्ट्रेलियार के हक नहीं होता।

भारत को ऑस्ट्रेलिया से तीसरा और निर्णायक टी-20 जीत सीरीज अपने नाम करने के लिए जरूरी है कि पहले मैच की तरह शेफाली वर्मा व स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी को तेज आगाज तो करना ही होगा,लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज को कम से कम 15वें ओवर तक क्रीज पर टिक खेलने की जरूरत है। शैफाली भले ही पहले मैच में बढ़िया अर्द्धशतक के बाद दूसरे मैच में सस्ते में आउट हुई लेकिन वह बेवजह आक्रामक स्ट्रोक खेलने की कोशिश में नहीं बल्कि गार्थ की गिरने के बाद अचानक सीधी रहती गेंद को खेलने से चूक कर आउट हुई वहीं स्मृति ने सदरलैंड की शॉर्ट ऑफ लेंग्थ गेंद को यदि छोड़ दिया होता तो वह जरूर बड़ी पारी खेल सकती है। शैफाली और स्मृति को अपनी पहले मैच की पारियों से सबक लेकर जमने के बाद ही बड़े स्ट्रोक खेलना और खासतौर पर एशले गार्डनर और लेग स्पिनर जॉर्जिया वरेहम की लेग स्पिन पर एक-एक और दो दो रन बनाने की रणनीति से निर्णायक मैच में खेलना बेहतर साबित होगा। रोचक बात यह है सीरीज के शुरू के दोनों मैचों में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम ही जीती हैं और ऐसे में हरमनप्रीत सिंह सहित भातरीय महिला टीम बस यही दुआ करेंगी कि टॉस वह जीते।

■ **शैफाली व स्मृति की सलामी जोड़ी को तेज आगाज की जरूरत**

भारत को निर्णायक टी-20 जीतने के साथ सीरीज अपने नाम करनी होगी कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह और चीफ कोच अमोल मजूमदार को अपनी एकादश सूझबूझ से चुननी होगी। भारत ने यदि ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को सस्ते में बिखेर दिया तो फिर जरूरत से ज्यादा आक्रामक तेवरों के फेर में उसकी बल्लेबाजी बिखर सकती है। भारत की साधू, रेणुका और पूजा की तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति की कोशिश अपनी रफ्तार और धार से ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को बिखेरने की रहेगी। भारतीय टीम ने मेहमान ऑस्ट्रेलिया से वानखेड़े स्टेडियम में एक इकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिस तरह एकमात्र टेस्ट जीता था उसी तरह का प्रदर्शन कर वह टी-20 सीरीज जीत कर ऑस्ट्रेलिया के हाथों तीन वन डे मैचों की सीरीज की 0-3 की हार की कसक को कम करने के इरादे से ही उतरेगी।

भारत को ऑस्ट्रेलिया पर पारी के शुरू से ही दबाव बनाने के लिए जरूरी है कि साधू के साथ नई गेंदबाज से पूजा वस्त्रकार और रेणुका ही पहले पांवरप्ले में गेंदबाजी का आगाज करें क्योंकि हावी हो तेज रन बनाने के फेर में सीरीज जीतने के दबाव में ऑस्ट्रेलिया का शीर्षक्रम पहले मैच की तरह लडखड़ा सकता है। टीटस साधू के साथ खासकर पूजा अपनी उछाल से जरूर ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली और मूनी की सलामी जोड़ी के साथ टाहिला मैक्ग्रा, एलिसा पैरी को सस्ते में आउट कर पैवेलियन लौटा सकती है।

## भारत के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात : अवनी प्रशांत

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। दुनिया की शीर्ष 50 में स्थान पाने वाली एकमात्र भारतीय महिला गोल्फ खिलाड़ी अवनी प्रशांत ने कहा कि अपने देश के लिए इंटरनेशनल टूर्नामेंटों में खेलना हमेशा सम्मान की बात है। 17 साल की उम्र में कई टूर्नामेंट जीतने वाली अवनी इस महीने प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर में चार सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं।



भारतीय टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी अवनी, जिन्होंने कुछ समय के लिए पेशेवर बनने की अपनी योजना को रोकने का फैसला किया है, हीना कांग के साथ दोनों स्पर्धाओं में भाग लेंगी, जबकि संदीप यादव और रोहित पुरुष वर्ग में खेलेंगे। महिलाओं के बीच दो बार की अखिल भारतीय एमेच्योर विजेता अवनी ने कहा, भारत के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात है। 2023 में मेरे कुछ अच्छे परिणाम रहे हैं और मेरा दीर्घकालिक लक्ष्य प्रो गोल्फ है, लेकिन, अभी ऑस्ट्रेलिया में ये दो आयोजन, जो बहुत प्रतिष्ठित हैं, मेरा ध्यान केंद्रित हैं। 2024 में मेरे पास कई बड़े कार्यक्रम आने वाले हैं और उम्मीद है कि परिणाम 2023 से भी बेहतर होंगे, जो मेरे लिए एक महान वर्ष था। दो पुरुषों और दो महिलाओं वाली चार सदस्यीय टीम लंबे समय से स्थापित दो प्रतियोगिताओं में भाग लेगी, जो वर्ष के लिए कार्रवाई की शुरुआत करेगी। अवनी के नेतृत्व में टीम सबसे पहले 9-12 जनवरी, 2024 तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी। एक हफ्ते बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी, 2024 तक यारा यारा गोल्फ क्लब और कीब्रॉ गोल्फ क्लब में हाई प्रोफाइल ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे।

अवनी प्रशांत दुनिया की शीर्ष 50 में स्थान पाने वाली एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने कई बार भारत का प्रतिनिधित्व किया है और यहां तक कि क्वीन सिरिकिट कप भी जीता है और अबू धाबी में विश्व एमेच्योर टीम चैंपियनशिप के व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहीं, इसके अलावा एक खिताब भी जीता। गोल्फ खेलने वाली दो बहनों में से एक हिना और दूसरी सीरत ने लगातार अच्छे प्रदर्शन के साथ 2023 के लिए घरेलू आईजीयू ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष स्थान हासिल किया और पहली बार भारत के रंग में दिखेंगी। पुरुषों में, रोहित, जिन्होंने पिछले साल भारत में दो बार जीत हासिल की और आईजीयू ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष स्थान हासिल किया, और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले संदीप यादव भारतीय टीम में शामिल होंगे। रोहित कोलकाता में 2023 ऑल इंडिया एमेच्योर चैंपियनशिप में भी उपविजेता रहे थे।

## निशानेबाजी में वरुण तोमर, ईशा सिंह ने सुरक्षित किया पेरिस कोटा

**जकार्ता** 8 जनवरी (एजेंसियां)। निशानेबाज वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर राइफल और पिस्टल में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो और पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया।

586 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद वरुण तोमर ने फाइनल में हमवतन अर्जुन सिंह चीमा को हराया। वरुण तोमर ने फाइनल में 239.6 की निशानेबाजी के साथ शुरुआत की, तो वहीं चीमा 237.3 का स्कोर करने में सफल रहे और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मंगोलिया के दावाखु एनखताइवान ने कांस्य पदक मिला।

जकार्ता मीट में, व्यक्तिगत ओलंपिक निशानेबाजी स्पर्धाओं में शीर्ष दो योग्य निशानेबाजों (प्रति देश अधिकतम एक) ने अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए पेरिस 2024 कोटा स्थान सुरक्षित किया।

वरुण तोमर का कोटा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत का आवंटन भी



पूरा हुआ। सरबजोत सिंह ने चांगवोन में 2023 एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में इसी डिसिप्लिन में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा प्राप्त किया था।

इस बीच, भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में वरुण तोमर (586), अर्जुन सिंह चीमा (579) और उज्ज्वल मलिक (575) 1740 के साथ शीर्ष पर रहे। ईरान रजत और दक्षिण कोरिया ने कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाजों ईशा सिंह, रिदम सांगवान और सुरभि राव ने फाइनल में जगह बनाई।

ईशा का प्रदर्शन क्वालीफाइंग राउंड में तीनों भारतीय निशानेबाजों में सबसे खराब रहा लेकिन पदक राउंड में उन्होंने 243.1 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) को पीछे छोड़ दिया। रिदम सांगवान ने 214.5 के साथ इस स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

ईशा का कोटा महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत का पहला पेरिस 2024 कोटा था। भारतीय निशानेबाज मौजूदा जकार्ता मीट से पुरुषों और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दो और कोटा हासिल कर सकते हैं। ईशा सिंह, रिदम सांगवान और सुरभि राव की तिकड़ी ने भी 1736 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम का स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## हाइनरिक क्लासन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन** 08 जनवरी (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हाइनरिक क्लासन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वह सीमित ओवर क्रिकेट में उपलब्ध रहेंगे।

क्लासन ने एक बयान में कहा, मैंने कई रातें जागकर यह सोचा कि क्या मैं सही निर्णय ले रहा हूं, और मैंने लाल-गेंद की क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया। यह एक कठिन निर्णय था क्योंकि यह मेरा पसंदीदा प्रारूप था। यह एक बेहतरीन यात्रा थी और मुझे खुशी है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। मेरा बैगी टेस्ट कैप अब तक का मेरा सबसे बहुमूल्य क्रिकेट कैप है।

क्लासन ने 2019 से 2023 के बीच के अपने करियर में चार टेस्ट मुकाबले खेले। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच पिछले वर्ष की गर्मियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उन्होंने चार टेस्ट की आठ पारियों में सिर्फ 13 की औसत से 104 रन बनाए, जिसमें



उच्चतम स्कोर 35 रन था। ऐसा माना जा रहा था कि क्लासन को इस साल के अंत में होने वाली वेस्टइंडीज और बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जगह मिल सकती है।

क्लासन फिलहाल आईपीएल, हंड्रेड और एमएलसी फ्रैंचाइजी लीगों का हिस्सा हैं। इसके अलावा वह घरेलू एसए 20 में भी हिस्सा रहेंगे।

## पाकिस्तान टी20 टीम के उप-कप्तान बने रिजवान




**ऑकलैंड,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को 12 जनवरी से शुरू होने वाले न्यूजीलैंड के पांच मैचों के दौरे से पहले टी20 में पाकिस्तान का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है।

मोहम्मद रिजवान अब टी20 टीम के नेतृत्व समूह में नए कप्तान शाहीन शाह आफरीदी के साथ मिलकर काम करेंगे, क्योंकि 2009 पुरुष टी20 विश्व कप विजेता पाकिस्तान अब वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले टूर्नामेंट के 2024 संस्करण के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा जारी एक बयान में रिजवान ने कहा, पाकिस्तान पुरुष टी20 टीम के उप-कप्तान के रूप में नामित होना सम्मान की बात है। मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं पीसीबी का आभारी हूं। मैं कप्तान, कोचिंग स्टाफ और साथियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। 31 वर्षीय रिजवान ने 2015 में इस प्रारूप में डेब्यू के बाद से 85 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 2,797 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। स्टंप के पीछे रिजवान ने 41 कैच और 11 स्टंपिंग की है।

**पाकिस्तान टीम :** शाहीन शाह आफरीदी (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (उप-कप्तान और विकेटकीपर), आमिर जमाल, अब्बास अफरीदी, आजम खान (विकेटकीपर), बाबर आजम, फखर जमां, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबज़ादा फरहान, सईम अयूब, उसामा मीर और ज़मान खान।

## घरेलू मैदान पर 9,000 रन और 600 विकेट हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने जलज सक्सेना

**अलाप्पुझा,** 8 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के 37 वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी जलज सक्सेना ने सोमवार को मदन लाल और वीनू मांकड़ के साथ एक प्रतिष्ठित क्लब में अपना नाम शामिल किया। वो यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी हैं।

उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान घरेलू क्रिकेट में जलज सक्सेना ने 9,000 रन और 600 विकेट का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ सोमवार को समाप्त हुए रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में सक्सेना ने दो पारियों में 152 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी20 के लिए उनकी संयुक्त संख्या 602 हो गई।

तीनों प्रारूपों में 308 मैचों में 37 वर्षीय ने प्रथम श्रेणी में 6574 रन, लिस्ट ए में 2035 रन और 70 टी20 मैचों में 661 रन बनाए हैं, जो कुल मिलाकर 9,270 रन हैं। 2005 में मध्य प्रदेश से अपना करियर शुरू करने वाले सक्सेना बाद में 2016 में केरल जाने से पहले दिल्ली चले गए थे। घरेलू क्षेत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन के बावजूद, जलज की अंतर्राष्ट्रीय कैप की तलाश अधूरी रह गई। उन्होंने अपने करियर के 15 वर्षों में 308 घरेलू मैचों में भाग लिया है।



50 विकेट के साथ सक्सेना रणजी ट्रॉफी के 2022-23 सीज़न में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने। ऑलराउंडर की प्रतिभा न केवल उनके आंकड़ों में बल्कि एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर से स्पिन-गेंदबाजी के उस्ताद में उनके परिवर्तन में भी स्पष्ट थी।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सक्सेना ने मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए खेला है। उनका आईपीएल डेब्यू 2021 सीज़न में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के लिए हुआ और यह उनका अब तक का एकमात्र मैच है।

## हमारे लिए ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर में गोल करने के मौकों को भुनाना अहम : नवनीत कौर

**नई दिल्ली,** 8 जनवरी (देशबन्धु)। उपकप्तान अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया के अभ्यास के दौरान गाल की हड्डी में चोट के चलते बाहर होने से भारतीय महिला हॉकी टीम को रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने वाले ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर, 2024 से पेरिस ओलंपिक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कराने में आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर का रोल खासा अहम रहने वाला है। भारतीय महिला हॉकी टीम करीब एक हफ्ते से रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ में लगातार तीसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के सपने को पूरा करने की तैयारी जुटी है। भारत की महिला हॉकी टीम ओलंपिक क्वालीफायर्स में पूल बी में अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ है और दोनों पूल की दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पूल ए में ओलंपिक की रजत विजेता जर्मनी,जापान, चिली और चेक रिपब्लिक की टीमें हैं। रांची महिला ओलंपिक क्वालिफायर्स से शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। लगातार तीसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो में पिछले ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी।भारतीय महिला टीम के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं उकी बाबत नवनीत कौर ने कहा, % हम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने को खासे आशान्वित हैं। हमारे लिए हमारे पूल की अमेरिका,न्यूजीलैंड और इटली की टीमें नई नहीं है क्योंकि हम हम पहले भी इन सभी के खिलाफ खेल चुकी हैं। हमारे लिए ओलंपिक क्वॉलिफायर्स में डी में बनाए गोल करने के मौकों को भुना कर बढ़िया आगाज करना अहम और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला साबित होगा । हमारी टीम के हौसले बुलंद हैं और अपना अभियान शुरू करने को बेताब हैं।



हमारी टीम के टोक्यो ओलंपिक में दमदार प्रदर्शन करने के बाद हमसे बहुत उम्मीदें लगाई गई हैं और हम इन उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते हैं। भारत की अनुभवी आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर ने कहा, अपने घर में ओलंपिक महिला हॉकी क्वॉलिफायर्स के लिए एक हफ्ता रांची पहुंच कर मुख्य पिच पर कुछ अभ्यास सत्रों से हमें यहां के मौसम के साथ तालमेल बैठाने का मौका मिलेगा, हम रांची में महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में खेल चुके हैं और इसीलिए इसके टर्फ से हम वाकिफ हैं। हम खूंटी जिले में अभ्यास किया जो हमारी मौजूदगी टीम की कई खिलाडियों का घरेलू मैदान है। वह बच्चों के चेहरों पर हमें अभ्यास करते देख जो खुशी दिखी वह वाकई गजब की थी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करने के बाद अगले दिन न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। एक दिन के आराम के बाद भारतीय टीम अपने पूल बी के अंतिम मैच में इटली से भिड़ेगी।

### हमें भारत से सबसे मजबूत व कड़ी चुनौती मिलेगी : मेरी

दुनिया की 11 वें नंबर की टीम न्यूजीलैंड की कप्तान ओलिविया मेरी ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की तैयारियों और भारत के खिलाफ मैच की चुनौतियों की बाबत कहा, % भारत से हमें सबसे मजबूत और कड़ी चुनौती मिलेगी। हमारा पूल इस तरह का है इसमें हर टीम हमारे लिए कड़ी चुनौती पेश करेगी और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हमारा सबसे बड़ा और अहम मकसद पूल बी में शीर्ष स्थान पर रह सेमीफाइनल में स्थान बनाना है। हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है और हम इस टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं।

### हमारी टीम एक दो उलटफेर कर सकती है : बरोज

न्यूजीलैंड टीम के कोच फिल बरोज ने कहा, हमारी टीम ओलंपिक क्वॉलिफायर्स में एक दो उलटफेर कर सकती है। हमारी तैयारियां बढ़िया रही है। हमारा फोस चिली के खिलाफ अभ्यास मैच के साथ इटली के खिलाफ अपने पहले मैच पर है।

## सार संक्षेप

### मैं टीम के लिए बस अपना काम कर रही हूं : एलिस पेरी

**नवी मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एलिस पेरी ने नाबाद 34 रन बनाकर 300 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाया और 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विजयी रन बनाकर टीम को छह विकेट से जीत दिलाई। कई लोगों ने इसे एलिस के लिए यह सपने के सच जैसा होना करार दिया। हालांकि, एलिस ने कहा कि वह बस अपनी टीम ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने का अपना काम कर रही थी। एलिस ने कहा, जीत हासिल करना बहुत अच्छा था लेकिन मैं अंत में शायद अपना काम कर रही थी। भारत ने विशेष रूप से अच्छा खेला। हमारी टीम ने पहली पारी में मैच पर पकड़ बनाई। लेकिन यह एक कठिन पीछा था, क्योंकि भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। एक ऐसी पारी में जहां कप्तान एलिसा हीली, बेथ मूनी और ताहलिया मैकग्रा को आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा। वहां एलिस 21 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहीं। यह पूछे जाने पर कि पहले टी20 मैच के बाद क्या बदलाव आया। एलिस ने खुलासा किया, हमारे पास वास्तव में अच्छा विवरण था, हम वास्तव में ईमानदार थे। लेकिन साथ ही, मुझे लगता है कि टी20 टीम के रूप में एक साथ अधिक मैच खेलने के ये सभी अवसर हमारे लिए सीखने के बड़े मौके हैं।

### यूनाइटेड कप प्रदर्शन के बाद एलेक्स डी मिनौर शीर्ष 10 में

सिडनी। यूनाइटेड कप में तीन शीर्ष खिलाड़ियों टेलर फ्रिट्ज, नोवाक जोकोविच और अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने वाले ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर 12वें स्थान से उठकर शीर्ष 10 में पहुंच गये है। उन्होंने जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में नंबर 7 रैंकिंग वाले ज्वेरेव को 5-7, 6-3, 6-4 से हराया था। डी मिनौर साढ़े 17 वर्षों में शीर्ष 10 में शामिल होने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति हैं। वह एटीपी रैंकिंग इतिहास में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले 11वें ऑस्ट्रेलियाई हैं। रैंकिंग में नोवाक जोकोविच 11055 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वहीं दूसरे स्थान पर 8,855 अंकों के साथ स्पेन के कार्लोस अल्कारेज है इसके बाद रूस के डेनियल मेदवेदेव 7,555 अंक, जैनिक सिनर 6490 अंक, एंड्री रुबलेव 5010 अंक, अलेक्जेंडर ज्वेरेव 4275 अंक, स्टेफानोस सितसिपास 4025 अंक, होल्गर रूने 3815 अंक, पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज 3320 अंकों के साथ नौ स्थान और एलेक्स डी मिनौर 2950 अंकों के साथ शीर्ष दस में पहुंच गये है।